आज का मौसम
23.0°
अधिकतम तापमान
11.0°
न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 07.03
सूर्यास्त 05.54

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

माघ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 03:39 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2082

रविवार, 1 फरवरी 2026, वर्ष 6, अंक 305, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये





केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बोले- टीएमसी से ज्यादा भ्रष्ट कोई सरकार नहीं - 12





एसबीआई चेयरमैन सीएस शेट्टी ने कहा- बैंक जमा निवेश पर समान कर हो लागू - 12





अमेरिकी जंगी बेड़े के करीब ईरान करेगा युद्धाभ्यास एलान से तनाव- 13





दिल्ली को एलिमिनेटर में जगह बनाने से रोकने उतरेगी यूपी - 14


# उद्योग जगत उत्तर प्रदेश की खुशहाली का सबसे बड़ा साझेदार: मुख्यमंत्री

## सीएम योगी ने उद्योग बंधु को प्रभावी बनाने और समस्याओं के त्वरित समाधान के दिए सख्त निर्देश

- कहा- यूपी में निवेश राष्ट्रहित में किया गया निवेश है, सीएसआर से विकास में सहभागी बनें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में किया गया निवेश केवल किसी एक राज्य में निवेश नहीं, बल्कि राष्ट्रहित में किया गया निवेश है। रोजगार सृजन, आत्मनिर्भर भारत के संकल्प और प्रदेश की समग्र खुशहाली में उद्योग जगत सरकार का सबसे बड़ा साझेदार है। उन्होंने अधिकारियों को उद्योग बंधु को और प्रभावी बनाने समेत हर समस्या का समयबद्ध समाधान करने के सख्त निर्देश दिए।

उद्योग बंधु की एनेक्सी में शनिवार को राज्यस्तरीय उद्योग संगठनों और प्रमुख उद्यमियों के साथ हुई विशेष बैठक में योगी ने कहा कि प्रदेश सरकार उद्योगों को केवल निवेशक नहीं, बल्कि विकास की साझेदारी का अभिन्न हिस्सा मानती है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि उत्तर प्रदेश में निवेश करने वाला हर उद्यमी सरकार को नीति, इंफ्रास्ट्रक्चर और प्रशासन तीनों स्तरों पर अपने साथ खड़ा पाएगा। मुख्यमंत्री ने उद्योग समूहों से सीएसआर के माध्यम से प्रदेश के सामाजिक व आर्थिक विकास में सहभागी बनने का आह्वान किया। कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय अधोसंरचना जैसे क्षेत्रों में उद्योगों का योगदान प्रदेश के समावेशी विकास को नई गति दे सकता है। एमएसएमई सेक्टर पर विशेष जोर देते हुए कहा कि नवाचार, पैकेजिंग, डिजाइनिंग और एक्सपोर्ट प्रमोशन को मजबूत किए बिना वैश्विक प्रतिस्पर्धा संभव नहीं है। उन्होंने उद्योग समूहों से इन क्षेत्रों में व्यावहारिक सुझाव देने और सरकार के साथ मिलकर काम करने का आग्रह किया। टेक्सटाइल और रेडीमेड गारमेंट्स सेक्टर में महिलाओं की बड़ी भागीदारी का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इस क्षेत्र में महिलाओं के लिए और अधिक रोजगार अवसर सृजित किए जाने चाहिए।



उद्योग बंधु की राज्यस्तरीय उद्योग संगठनों और प्रमुख उद्यमियों के साथ आयोजित विशेष बैठक में मुख्यमंत्री योगी।

### यूपी की औद्योगिक उड़ान

- देश के एक्सप्रेस-वे नेटवर्क का लगभग 55% यूपी में, कुल लंबाई करीब 1225 किमी।
- प्रदेश में चार अंतर्राष्ट्रीय सहित 16 हवाई अड्डे संचालित, जेवर एयरपोर्ट निर्माणाधीन।
- वर्ष 2023-24 में निर्यात बढ़कर 1.86 लाख करोड़, 100% से अधिक वृद्धि।
- पंजीकृत फैक्ट्रियां: 2003 में 8,980 अब लगभग 27,000।
- 4 ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के जरिए 15 लाख करोड़ से अधिक निवेश का क्रियान्वयन।
- अगले दो वर्षों में 5,000 करोड़ से 185 औद्योगिक क्लस्टरों का उन्नयन।

### मंडल व राज्य स्तर पर नियमित बैठकें अनिवार्य

योगी ने निर्देश दिए कि उद्योग बंधु की हर माह जिलों की बैठक में डीएम-एसपी रहेंगे, जबकि उद्योग बंधु की राज्यस्तरीय बैठक केवल लखनऊ तक सीमित न रहे। अन्य मंडल मुख्यालयों पर भी आयोजित की जाए। कमिश्नरी स्तर पर मंडलायुक्त एवं एडीजी/आईजी की उपस्थिति में प्रत्येक दो माह में उद्योग बंधु की बैठक अनिवार्य रूप से आयोजित होगी। इन बैठकों में संबंधित मंत्री गणों के साथ इन्वेस्ट यूपी के सीईओ व अवस्थापना और औद्योगिक विकास से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। वहीं राज्यस्तर पर प्रत्येक तिमाही बैठक मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक की उपस्थिति में आयोजित की जाएगी।

### इंसेंटिव का वितरण पारदर्शी और समयबद्ध होगा

योगी ने उद्यमियों को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार की औद्योगिक नीतियों के अनुरूप इंसेंटिव का वितरण पारदर्शी और समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि घोषित प्रोत्साहनों का लाभ उद्योगों तक बिना देरी पहुंचे, यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने खिलौना उद्योग की व्यापक संभावनाओं की ओर ध्यान दिलाते हुए प्रदेश में टॉय पार्क के विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने प्रमुख सचिव आवास को निर्देश दिए कि आवासीय पार्किंग के लिए उपयोग की जा रही भूमि पर अनावश्यक कर न लिया जाए, ताकि नागरिकों और उद्योग से जुड़े लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न पड़े।

# घने कोहरे और बर्फीली हवा के साथ फिर लौटी कड़ाके की ठंड

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- तीन दिन बारिश के आसार, कई जिलों में घना कोहरा, दृश्यता 10 मीटर तक घटी, पारे में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट

**अमृत विचार :** प्रदेश में शनिवार को एक बार फिर ठंड ने जोर पकड़ लिया। कोहरे और बर्फीली हवा के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। लखनऊ समेत कई जिलों में सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता बेहद कम हो गई। मौसम विभाग ने रविवार से अगले तीन दिनों तक पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश की संभावना भी जताई है।

बारिश और ओलावृष्टि के बाद ठंड का असर और तेज हो गया है। लखनऊ, कानपुर, आगरा, बरेली, गाजियाबाद सहित कई जिलों में शनिवार सुबह से घना कोहरा छाया रहा। अनेक स्थानों पर दृश्यता घटकर मात्र 10 मीटर तक रह गई। बर्फीली हवा के कारण न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। सुबह और शाम गलन बढ़ गई है, जिससे सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। लोग गर्म कपड़ों और अलाव का सहारा लेते नजर आए। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 31 जनवरी तक कोहरे में और बढ़ोतरी हो सकती है तथा कुछ क्षेत्रों में घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। उन्होंने बताया कि फरवरी के पहले सप्ताह में एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से एक से तीन फरवरी के बीच प्रदेश के दोनों संभागों में बारिश हो सकती है। वैज्ञानिकों के अनुसार इस दौरान दिन के तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी संभव है, जिससे कोहरे से आंशिक राहत मिलेगी। हालांकि चार फरवरी से तापमान में फिर हल्की गिरावट के आसार हैं। शुक्रवार को न्यूनतम आठ डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ बुलंदशहर प्रदेश का सबसे ठंडा जिला रहा, जबकि अधिकतम 21.9 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ आगरा सबसे गर्म दर्ज किया गया।

### मौसम विभाग का इन जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट

मौसम विभाग ने कई जिलों कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरेया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल और बदायूं में घने कोहरे को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है और वाहन चालकों को सतर्कता बरतने की सलाह दी है।

### उत्तर भारत में आज से बारिश के आसार

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत में रविवार से बारिश होने के संभावना है। एक के बाद एक, दो पश्चिमी विक्षोभ के असर से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में 31 जनवरी से 3 फरवरी के दौरान मध्यम से तेज बारिश के साथ बर्फबारी देखने को मिल सकता है। वहीं, उत्तर-पश्चिम भारत और मध्य भारत के आस-पास के मैदानी इलाकों में हल्की से मध्यम अलग-अलग जगहों छिटपुट बहारिश होने की संभावना है।





इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, युवाओं का नया गणित बचत पीछे, खर्चे आगे व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

## ब्रीफ न्यूज

### रैगिंग में एमबीबीएस के आठ छात्र निलंबित

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के जबलपुर स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के प्रथम वर्ष के एक छात्र की रैगिंग करने के मामले में एमबीबीएस के आठ छात्रों को छह महीने के लिए निलंबित कर दिया गया है। पीड़ित द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद कॉलेज की रैगिंग रोधी समिति ने जांच की और आरोपों को सही पाया। एमबीबीएस के तीसरे वर्ष के छात्रों नवदीप चौधरी, प्रकाश बावरिया, विक्रम सिंह मीणा, धर्मेंद्र कुशवाह, केशव गौतम, सुदीप जायसवाल, नवनीत कुशवाह और रवि मीणा को छात्रावास से निष्कासित कर दिया गया है और प्रत्येक पर 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

# सीतारमण आज पेश करेंगी आम बजट, बहुप्रतीक्षित सीमा शुल्क सुधारों पर होंगी निगाहें

नई दिल्ली, एजेंसी

- वित्त मंत्री लगातार 9वां बजट पेश कर बनाएंगीं एक नया रिकॉर्ड

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अपना लगातार नौवां बजट पेश कर एक नया रिकॉर्ड बनाएंगी। इस बार सभी की निगाहें बहुप्रतीक्षित सीमा शुल्क सुधारों पर टिकी होंगी। सीतारमण ने 2019 में अपने पहले बजट में दशकों से चले आ रहे चमड़े के ब्रीफकेस की जगह लाल कपड़े में लिपटे पारंपरिक 'बही-खाता' का अनुकरण किया था। पिछले चार वर्षों की तरह इस साल का बजट भी डिजिटल रूप से पेश करेंगी।

आम बजट 26 में वे प्रमुख रूप से जिन आंकड़ों पर नजर होगी उनमें मुख्य रूप से राजकोषीय घाटा शामिल है। सरकार के कुल खर्च और आय के बीच का अंतर राजकोषीय घाटा कहलाता है। चालू वित्त वर्ष (2025-26) के लिए इसके जीडीपी के 4.4 प्रतिशत पर रहने का अनुमान लगाया गया है। बजट में 4.5 प्रतिशत से नीचे का लक्ष्य हासिल करने के बाद, बाजार अब कर्ज-जीडीपी अनुपात में कमी की दिशा में आगे बढ़ने के लिए सटीक आंकड़ों का इंतजार कर रहा है। उम्मीद है कि सरकार वित्त वर्ष 2026-27 के लिए चार प्रतिशत के राजकोषीय घाटे की घोषणा कर सकती है। पूंजीगत व्ययः चालू वित्त वर्ष के लिए सरकार का नियोजित पूंजीगत व्यय 11.2 लाख करोड़ रुपये तय किया गया है। निजी क्षेत्र के निवेशकों की सावधानी को देखते हुए, सरकार आगामी बजट में बुनियादी ढांचे पर खर्च को बनाए रख सकती है और इसमें 10-15 प्रतिशत की वृद्धि कर सकती है। यह राशि 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक होने की संभावना है। कर्ज की रूपरेखा के तहत वित्त मंत्री ने 2024-25 के बजट भाषण में कहा था कि वित्त वर्ष 2026-27 से राजकोषीय नीति का प्रयास केंद्र सरकार के कर्ज को जीडीपी के प्रतिशत के रूप में कम करने का होगा। बाजार यह देखना चाहेगा कि सरकार कर्ज-जीडीपी अनुपात को कब तक 60% के लक्ष्य तक लाने की बात कहती है। 2024 में यह अनुपात 85 प्रतिशत था, जिसमें केंद्र का हिस्सा 57% था।



# महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम बनीं सुनेत्रा पवार

- अजित पवार के निधन के चौथे दिन ली शपथ, नहीं पहुंचे शरद पवार

मुंबई, एजेंसी

राकांपा के दिवंगत अध्यक्ष अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार (62) ने शनिवार को मुंबई में एक समारोह में महाराष्ट्र की पहली महिला उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे चुकीं सुनेत्रा को यहां लोकभवन में एक संक्षिप्त समारोह में राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इससे पहले दिन में, उन्हें औपचारिक रूप से राकांपा विधायक दल का नेता चुना गया। भाजपा, एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना और अजित पवार नीत राकांपा के घटक वाली 'महायुति' सरकार में अजित पवार उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री थे। उनकी 28 जनवरी को बारामती में एक विमान दुर्घटना में मृत्यु हो गई। सुनेत्रा पवार जब शपथ लेने के लिए उठीं तो 'अजित दादा अमर रहें' जैसे नारे लगाए गए। सुनेत्रा पवार के छोटे बेटे जय पवार और उनकी पत्नी भी शपथग्रहण समारोह में मौजूद थीं। सुनेत्रा राज्य विधानमंडल के किसी भी सदन की सदस्य नहीं हैं। उनके बारामती विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की संभावना है जो अजित के निधन से खाली हुई है। चर्चाओं से दूर रहने वाली सुनेत्रा ने 2024 के लोकसभा चुनाव में अपने चुनावी करियर की शुरुआत की थी।



### प्रधानमंत्री मोदी व सीएम योगी ने दी बधाई

**नई दिल्ली/लखनऊ।** प्रधानमंत्री मोदी ने महाराष्ट्र की पहली महिला उपमुख्यमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण करने पर सुनेत्रा पवार को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि वह राज्य के लोगों की भलाई के के साथ दिवंगत अजितदादा पवार के विजन को पूरा करेंगी। वहीं, मुख्यमंत्री योगी ने भी सुनेत्रा अजित पवार को हार्दिक बधाई।

## कोडीन कफ सिरप : भोला की 5.77 करोड़ की संपत्ति जब्त

**वाराणसी/सोनभद्र।** सोनभद्र जिले की पुलिस ने अवैध नशीले कफ सिरप मामले में शनिवार को वाराणसी में भोला जायसवाल और उसके परिजनों की कुल पांच करोड़ 77 लाख से अधिक की संपत्ति कुर्क की। सोनभद्र के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अभिषेक वर्मा ने बताया कि राबर्ट्सगंज पुलिस थाने में पंजीकृत अभियोग के तहत अभियुक्त भोला प्रसाद जायसवाल के वाराणसी के मडौली, भरलाई और जगदीशपुर क्षेत्रों में 4.55 करोड़ रुपये की कुल सात अचल संपत्तियां और 51.16 लाख रुपये मूल्य के चार वाहन कुर्क किये गए हैं। इसके अलावा बैंक खातों में जमा 70,99,228 रुपये को भी कुर्क किया गया है। कुर्क की गई चल-अचल संपत्तियों की कुल कीमत 5,77,17,990 रुपये बताई गई है।

# तंबाकू-पान मसाला का सेवन आज से होगा महंगा

- तंबाकू पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क, पान मसाला पर स्वास्थ्य उपकर आज से प्रभावी

**नई दिल्ली।** सिगरेट व तंबाकू उत्पादों पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क तथा पान मसाला पर स्वास्थ्य उपकर एक फरवरी से लागू हो जाएगा। यह जीएसटी की उच्चतम 40 प्रतिशत की दर के ऊपर लगाया जाएगा।

ये उपकर और उत्पाद शुल्क इन हानिकारक वस्तुओं पर एक जुलाई 2017 से लागू 28 प्रतिशत जीएसटी और क्षतिपूर्ति उपकर का स्थान लेंगे। इसके अलावा, एक फरवरी से तंबाकू उत्पादों (चबाने वाला तंबाकू, फिल्टर खैनी, जर्दा युक्त सुगंधित तंबाकू और गुटखा) के लिए अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) आधारित मूल्यांकन की नई व्यवस्था शुरू होगी। इसके तहत जीएसटी का निर्धारण पैकेट पर घोषित खुदरा बिक्री मूल्य के आधार पर किया जाएगा। पान मसाला निर्माताओं को एक फरवरी से स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर कानून के तहत नया पंजीकरण कराना होगा।

ऐसे उत्पादों के निर्माताओं को सभी पैकिंग मशीनों को कवर करने वाली एक कार्यशील सीसीटीवी प्रणाली लगानी होगी और इसकी फुटेज को कम से कम 24 महीनों तक सुरक्षित रखना होगा। उन्हें उत्पाद शुल्क अधिकारियों को मशीनों की संख्या और उनकी क्षमता की जानकारी भी देनी होगी।

### सिगरेट की लंबाई के आधार पर उत्पाद शुल्क

एक फरवरी से प्रभावी केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम में संशोधन कर सिगरेट की लंबाई के आधार पर 2.05 रुपये से 8.50 रुपये प्रति स्टिक तक उत्पाद शुल्क लगाया गया है। इसके अलावा, स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर कानून पान मसाला इकाइयों की उत्पादन क्षमता पर उपकर लगाता है।

# रिबाकिना ने सबालेंका को हराकर आस्ट्रेलियाई ओपन खिताब जीता

मेलबर्न, एजेंसी

एलेना रिबाकिना ने दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका को हराकर शनिवार को आस्ट्रेलियाई ओपन महिला एकल खिताब जीत लिया जो उनके कैरियर का दूसरा ग्रैंडस्लैम है। रिबाकिना ने 6-4, 4-6, 6-4 से जीत दर्ज करके 2023 फाइनल में सबालेंका के हाथों यहां मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया।

जीत के बाद 26 वर्ष की रिबाकिना ने कहा मेरा दिल बहुत तेज धड़क रहा है । चेहरे से भले ही पता नहीं चले लेकिन भीतर काफी जज्बात उमड़ रहे हैं। मॉस्को में जन्मी लेकिन कजाखस्तान के लिये खेले वाली इस खिलाड़ी ने कहा मेरे पास यह अच्छा मौका था और मैंने इसे भुनाया। दो दिन पहले सेमीफाइनल में जेसिका पेगुला को हराने वाली रिबाकिना ने चार साल पहले आस्ट्रेलियाई ओपन फाइनल में पहला सेट जीता था लेकिन तीन सेट में हार गई थी।

इस बार पहला सेट जीतने के बाद वह दूसरा सेट हारी और तीसरे में 0-3 से पीछे थी, लेकिन लगातार पांच गेम जीतकर वापसी की। पांचवीं वरीयता प्राप्त रिबाकिना का यह दूसरा ग्रैंडस्लैम है जिन्होंने 2022 में विम्बलडन जीता था ।



साक्षात्कार


केंद्रीय मंत्री ने कहा- भारत और ईयू एफटीए से यूरोप को भारतीय निर्यात पांच वर्षों में बढ़कर दोगुना होने की उम्मीद

# ईयू के बाद अब अमेरिका की बारी, जल्द होगी दमदार ट्रेड डील : गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए बातचीत सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है और दोनों देश इसे जल्द पूरा करने के लिए काम कर रहे हैं। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने भरोसा जताया कि निकट भविष्य में इस मोर्चे पर अच्छी खबर दी जाएगी।

गोयल ने एक साक्षात्कार में कहा, हर मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) अपनी शर्तों और खूबियों पर टिका होता है। हमारी बातचीत बहुत अच्छी चल रही है। अमेरिका में मेरे समकक्ष और मेरे बीच बहुत ही शानदार कामकाजी संबंध और व्यक्तिगत मित्रता है। हम इस समझौते को जल्द से जल्द पूरा करने की दिशा में काम कर रहे हैं। जब उनसे पूछा गया कि मदर ऑफ ऑल डील्स (भारत-ईयू समझौता) के बाद अब भारत और अमेरिका के बीच फादर ऑफ ऑल डील्स कब तक हकीकत बनेगी, तो उन्होंने कहा कि व्यापार समझौतों के लिए कभी कोई समय सीमा तय नहीं की जाती। इन्हें दोनों देशों के हितों को ध्यान में रखते हुए सही समय पर अंतिम रूप दिया जाएगा। एफटीए से यूरोप को भारतीय निर्यात पांच वर्षों में बढ़कर दोगुना होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह वाशिंगटन की अपनी निर्धारित यात्रा से पहले, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के साथ व्यापार, महत्वपूर्ण खनिजों और रक्षा सहित द्विपक्षीय संबंधों के प्रमुख आयामों पर चर्चा की। उम्मीद है कि वह अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। क्या रूसी तेल की खरीद दोनों देशों के रिश्तों में कड़वाहट का कारण है, कहा, मुझे नहीं लगता कि यह कोई बाधा या अड़चन है। कुछ गलतफहमियां हो सकती थीं, जिन्हें काफी हद तक सुलझा लिया गया है।



### केंद्रीय वाणिज्य मंत्री बोले- मां 28 बच्चों का ख्याल रखेगी

**नई दिल्ली।** पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच हुआ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) अगले पांच वर्षों में यूरोप को होने वाले देश के निर्यात को दोगुना कर देगा। उन्होंने इस ऐतिहासिक समझौते को मदर ऑफ ऑल डील्स करार देते हुए कहा कि मां दयालु और प्रेममयी होगी और यह सुनिश्चित करेगी कि इसके सभी 28 बच्चों (भारत और यूरोपीय संघ के 27 देश) को इस समझौते से लाभ हो। भारत-यूरोपीय संघ एफटीए को व्यापक रूप से मदर ऑफ ऑल डील्स कहा जा रहा है। दोनों पक्षों ने घोषणा की है कि समझौते के लिए बातचीत पूरी हो चुकी है और इसके इसी साल लागू होने की संभावना है। गोयल ने कहा कि यूरोपीय संघ को होने वाले वस्तु और सेवा निर्यात में भारत पहले से ही व्यापार अधिशेष की स्थिति में है। अब, समझौते के लागू होने के पहले ही दिन से भारत के 99 प्रतिशत निर्यात को यूरोपीय संघ में शुल्क मुक्त पहुंच मिलेगी। इससे अगले पांच वर्षों में देश का निर्यात दोगुना होने की संभावना है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का वस्तु निर्यात 76 अरब डॉलर और सेवा निर्यात 46 अरब डॉलर था।

# 28 केंद्रों पर 12,480 अभ्यर्थी आज देंगे कनिष्ठ सहायक परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से आयोजित कनिष्ठ सहायक की परीक्षा जिले में 1 फरवरी रविवार को 28 केंद्रों पर होगी। कनिष्ठ सहायक की परीक्षा सुबह 10 से 12:00 बजे तक होगी। जिसमें 12,480 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

परीक्षा के लिए महानगर के अब्दुल सलाम मुस्लिम गर्ल्स इंटर कॉलेज, अंबिका प्रसाद इंटर कॉलेज, अंसार इंटर कॉलेज प्रिंटिंग रोड, आर्य कन्या इंटर कॉलेज बुध बाजार, बलदेव आर्य कन्या इंटर कॉलेज, चित्रगुप्त इंटर कॉलेज कंपनी बाग, सिविल लाइंस, दयानंद आर्य कन्या डिग्री कालेज सिविल लाइंस, जीजी हिंदू इंटर कॉलेज स्टेशन रोड, गोकुल दास हिंदू महिला महाविद्यालय, राजकीय पालीटेक्निक कांठ रोड, राजकीय गर्ल्स पालीटेक्निक, एचएसबी इंटर कॉलेज ईदगाह रोड, हेवेट मुस्लिम इंटर कॉलेज कटघर, हिंदू डिग्री कालेज बुध बाजार, हिंदू माडल इंटर कालेज रेलवे स्टेशन रोड, केजीके इंटर कालेज और केजीके पीजी कॉलेज, कौशल्या कन्या इंटर कॉलेज कोर्ट रोड, किसान इंटर कॉलेज, महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज, महाराजा हरिश्चंद्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज पीलीकोठी, पीएलजेएल रस्तोगी इंटर कॉलेज लाजपतनगर, पीएमश्री गवर्नमेंट इंटर कॉलेज पाकबड़ा, पारकर इंटर कॉलेज, आरएन इंटर कॉलेज, रामचंद्र शर्मा कन्या इंटर कॉलेज स्टेशन रोड और एस एस इंटर कॉलेज स्टेशन रोड बुध बाजार को केंद्र बनाया गया है।

## एसआईआर: बूथों पर बीएलओ ने नये मतदाता बनाने के लिए वितरित किए फार्म 6

# दूसरों की छोड़िए, प्रधान जी का कट गया सूची से नाम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के अन्तर्गत शनिवार को विशेष अभियान चलाया गया। बूथों पर उपस्थित रहकर बीएलओ ने मतदाताओं की समस्याओं का समाधान किया। वहीं नये मतदाता बनने के लिए आने वालों को फार्म 6 देकर उसके साथ शपथ पत्र अनिवार्य रूप से भरने की जानकारी दी। जिले में मौजूदा ग्राम प्रधान का नाम ही मतदाता सूची से गायब हो गया है।

जानकारी मिलते ही प्रधान हैरत में आ गए। वहीं ग्रामीण भी दंग रह गए। ग्राम प्रधान ने इसकी शिकायत जिला निर्वाचन अधिकारी से करने की बात कही। इन दिनों मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चल रहा है। जिसके क्रम में पौने दो लाख ऐसे मतदाताओं को नोटिस दिया गया है जो एसआईआर प्रक्रिया में अनमैप्ड थे। इसमें से 20 मतदाताओं ने नोटिस का जवाब दिया था। इसमें तेजी लाने और नये मतदाताओं को सूची में शामिल करने के लिए चल रही प्रक्रिया में शनिवार को बूथों पर बीएलओ उपस्थित रहे। जिले के सभी विधानसभाओं में अभियान के अन्तर्गत बूथों पर पहुंचे मतदाताओं ने अपना नाम मतदाता सूची में देखा। सूची पढ़कर फिर सुनाई गई। इसको देखते हुए कई ऐसे लोग भी पहुंचे जिनके नाम थे उन्होंने सूची देखकर खुद को सुनिश्चित किया। अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी संगीता गौतम ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुसार विधानसभा की मतदाता सूचियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण चल रहा है। आयोग के निर्देश के अनुसार मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए 6 जनवरी से 6 फरवरी तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार को शाम 4:00 बजे तक विशेष अभियान दिवस के दिन बूथों पर बीएलओ की उपस्थिति में आलेख्य मतदाता सूची और गणना चरण के दौरान अनुपस्थित मृतक, दोहरी प्रविष्टि, अनट्रेस्ड तथा स्थानान्तरित मतदाताओं की सूची प्रदर्शित की गई। मतदेय स्थलों पर बीएलओ के पास मतदाता पंजीकरण से संबंधित फार्म-6, 7, व 8 तथा घोषणा पत्र भी उपलब्ध कराया था। बताया कि नाम शामिल कराने के लिए प्रारुप-6 (घोषणा प्रपत्र सहित) और किसी भी प्रविष्टि पर आक्षेप के लिए प्रारुप-7 और सूची में विद्यमान किसी भी प्रविष्टि के संशोधन के लिए प्रारुप-8 प्रस्तुत किया जा सकता है।

### बीएलओ बन दूसरे जिले में पुनरीक्षण कार्य करने वाला भी गांव की सूची से गायब

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** ट्यूबवेल ऑपरेटर अमरोहा जिले में बीएलओ बनकर दूसरे लोगों की मतदाता सूची तैयार कर रहे हैं। लेकिन अपने गांव में खुद का ही नाम सूची से गायब हो गया है। विधानसभा कांठ के थानाक्षेत्र पाकबड़ा के गांव गुरेठा के प्रधान राजेश कुमार उर्फ रिंकू एवं उनके परिवार के लोगों के वोट मतदाता सूची से कट गए हैं। जब यह बात उनको पता चली तो दंग रह गए। दूसरों की तो छोड़िए खुद प्रधान जी का ही वोट गायब हो गया। इसी के साथ उनके परिवार के कई लोगों के वोट भी मतदाता सूची से कट गए हैं। ग्राम प्रधान के बड़े भाई दिनेश कुमार ट्यूबवेल ऑपरेटर हैं। वह अमरोहा में तैनात हैं। उन्हें भी अमरोहा में बीएलओ की जिम्मेदारी दी गई है। वह बीएलओ बनकर अमरोहा जिले में लोगों की मतदाता सूची तैयार कर रहे हैं। फार्म भरवा रहे हैं। उसके बाद पता चला है कि वह तो दूसरों के मतदाता सूची में नाम जोड़ रहे हैं। लेकिन खुद का नाम गांव की मतदाता सूची से कट गया है। इसके बाद यह क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

> मेरा व घर के सदस्यों के नाम मतदाता सूची से कट गए हैं। बीएलओ हमारे यहां एक बार भी नहीं आईं। न ही कोई फार्म यहां से लेकर गई। अगर प्रधान होने के बाद भी गांव की ही बीएलओ हमारा नाम लिस्ट में नहीं दे रही हैं। तो फिर और लोगों का क्या होगा। शिकायत जिला निर्वाचन अधिकारी से करेंगे।
> – **राजेश कुमार उर्फ रिंकू**, ग्राम प्रधान गुरेठा

> ग्राम प्रधान ने हमारा कोई भी सहयोग नहीं किया। हमने फॉर्म उनके घर भिजवा दिए थे लेकिन उन्होंने नहीं पहुंचाए। जब कोई भी कागज हमें नहीं मिला तो लिखकर दे दिया कि यह कागज उपलब्ध नहीं है। गांव में करीब 8-10 लोगों के नाम लिस्ट से हट गए हैं।
> –**निशा चौधरी**, बीएलओ ग्राम गुरेठा

> जिसका भी नाम मतदाता सूची से हट गया है। यदि किसी का नाम दो जगह से मतदाता सूची में है तो एक जगह से हट जाता है। अगर उनका एक ही जगह है तो वह दावा आपत्ति कर सकते हैं।
> – **डॉ. राम मोहन मीना**, एसडीएम सदर

## न्यूज ब्रीफ

### पीड़ित महिलाओं को दी जा रही सुविधाओं व सेवाओं की गुणवत्ता देखी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अन्तर्गत गठित मॉनिटरिंग कमेटी की चेयरमैन अपर जिला जज चंचल ने कमेटी के अन्य सदस्यों सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तपस्या त्रिपाठी, प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्यायालय अलका रॉबिंस के साथ वन स्टॉप सेंटर, नारी निकेतन एवं चाइल्डलाइन का निरीक्षण किया। न्यायिक अधिकारियों ने पीड़ित महिलाओं को दी जा रही सुविधाओं व सेवाओं की गुणवत्ता देखी। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तपस्या त्रिपाठी ने बताया कि निरीक्षण का उद्देश्य पीड़ित महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं सेवाओं की गुणवत्ता का आंकलन करना था। वन स्टॉप सेंटर में दो पीड़ित महिलाएं मिलीं, कमेटी ने उनसे संवाद कर समस्याओं, आवश्यकताओं एवं केंद्र द्वारा प्रदान की जा रही सहायता की जानकारी ली। इसके बाद नारी निकेतन में कुल 6 महिलाएं निवासरत थीं जिनमें से एक महिला के साथ उसका बच्चा भी था। महिलाओं से वार्ता कर उनके स्वास्थ्य, खान-पान एवं आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी लेकर नारी निकेतन के दस्तावेजों को भी देखा। महिलाओं को निर्धारित समय पर दवा उपलब्ध कराने के साथ ही उचित देखभाल कर उनके पुनर्वासन का निर्देश टीम ने दिया।

### मान्यता समाप्त होने के बाद भी चल रहे कोचिंग सेंटर, नोटिस जारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिले में संचालित एक कोचिंग सेंटर की मान्यता अवधि समाप्त होने के बावजूद संचालन जारी रखने के मामले में जिला विद्यालय निरीक्षक ने सख्ती की है। ग्राम पैगंबरपुर सुखवासी लाल, पोस्ट गजाना छजलैट स्थित स्टेट अप कोचिंग सेंटर के प्रबंधक विकल्प चौहान को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक देवेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा जारी नोटिस में लिखा है कि उस कोचिंग सेंटर की मान्यता की वैधता 10 नवंबर 2023 को समाप्त हो चुकी है। इसके बावजूद न तो अग्रिम मान्यता के लिए आवेदन किया गया और न ही कोचिंग सेंटर बंद करने की सूचना विभाग को दी गई। इसे कोचिंग सेंटर रेगुलेशन एक्ट के नियमों का उल्लंघन मानते हुए छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ बताया गया है। 9 फरवरी को 11 बजे जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में पक्ष रखने का निर्देश दिया गया है।

# पहलवाड़ा में पुलिस बल तैनात, 12 नामजद व 25 अज्ञात पर मुकदमा

## चुनाव की रंजिश में प्रधान की सास की हत्या से तनाव, आधा दर्जन से ज्यादा लोग हिरासत में

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** थाना बबराला क्षेत्र के गांव पहलवाड़ा में प्रधानी चुनाव को लेकर कई माह से चली रही रंजिश में शुक्रवार देर रात पथराव और फायरिंग में ग्राम प्रधान की सास की मौत के बाद गांव में भारी तनाव है। पुलिस ने 12 लोगों के नामजद व 20-25 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है आधा दर्जन से ज्यादा लोग पुलिस हिरासत में हैं। गांव में दो थानों की पुलिस के साथ ही पीएसी जवानों को तैनात किया गया है।


पहलवाड़ा गांव में जानकारी लेते एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई। ● अमृत विचार

● शुक्रवार रात दोनों पक्षों में चल गई थी गोलियां

पहलवाड़ा गांव में मौजूदा ग्राम प्रधान मीरा देवी के पति पवन व चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे सुभाष के गुटों के बीच पिछले कई माह से तनातनी थी। शुक्रवार रात बात कुछ ज्यादा ही बढ़ गई। रात करीब 10 बजे दोनों पक्षों में विवाद के बाद जमकर पथराव व फायरिंग हुई। गोली लगने से ग्राम प्रधान मीरा देवी की सास राशन डीलर प्रेमवती (52) की मौत हो गई थी। दूसरे पक्ष का देवेश घायल हुआ था। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई रात में ही पहलवाड़ा पहुंचे और पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ के लिए अभियान शुरु किया। गांव के आधा दर्जन से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया है। हालांकि अभी तक किसी की गिरफ्तारी की जानकारी पुलिस ने साझा नहीं की है।

इस मामले में मीरा देवी के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने 12 नामजद व 20-25 अज्ञात के खिलाफ हत्या, जानलेवा हमला, बलवा और आर्म्स एक्ट समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। घटना के बाद गांव में भारी तनाव के हालात हैं। इसी के चलते गांव में भारी संख्या में पुलिस जवानों को तैनात किया गया है। एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। फॉरेंसिक टीम द्वारा एकत्र साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ाई जा रही है। उन्होंने कहा कि गांव में पर्याप्त पुलिस बल तैनात है और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।

### 6 महीने से थी रंजिश

पिछले 6 महीने से दोनों गुटों के बीच रंजिश परवान चढ़ रही थी। पुलिस गंभीरता को समझने में नाकाम रही। इसी के चलते शुक्रवार रात बड़ी घटना घट गई। ग्रामीणों का कहना है कि पिछली बार मीरा देवी ग्राम प्रधान चुनी गई थी जबकि इस बार उनके पति पवन तैयारी में जुटे हुए हैं। दूसरी तरफ सुभाष ने भी ताल ठोकी है। शुक्रवार को दिन में भी पवन और सुभाष के बीच विवाद हुआ था। लोगों ने शांत कर दिया था लेकिन रात को गाली गलौज से शुरू होकर बात पथराव और फायरिंग तक पहुंच गई। गोली से पवन की मां प्रेमवती की मौत हो गई।

## प्रॉपर्टी डीलर पर जानलेवा हमला, एक आरोपी गिरफ्तार

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** प्रॉपर्टी डीलर पर रॉड व चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। हमलावर मरा जान कर भाग निकले। पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

कस्बे के कैलसा रोड के निवासी हाजी मसरार प्रॉपर्टी डीलर हैं। वह शुक्रवार को परिचित की शादी में खाना खाने गए थे। उन्होंने बताया कि वहीं शादाब का घर है। जिससे कुछ दिन पहले किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। वह पहले से ही वहां पर मारने के लिए घात लगाए बैठे थे। शादाब, पिता शाकिर अली एवं तीन अज्ञात ने रॉड एवं चाकू से हमला कर दिया। गर्दन और पेट पर चाकू के घाव हो गए। जैसे ही भीड़ उनके पास आई वह वहां से भाग निकले। जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही करते हुए शाकिर अली को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। शादाब एवं अज्ञातों की तलाश जारी है। थाना प्रभारी योगेश कुमार ने बताया कि कुछ लोगों ने मारपीट कर दी थी। मुकदमा पंजीकृत कर शाकिर अली को जेल भेज दिया गया है।s

## आटा लाने की बात पर पत्नी को जलाया, बच्ची भी झुलसी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● झुलसी हालत में कोतवाली पहुंची मां-बेटी को पुलिस ने जिला अस्पताल में कराया भर्ती

**अमृत विचार :** थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के मऊ हरथला मोहल्ले में एक व्यक्ति ने पत्नी को आटा लाने की बात कहने पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी। बीच-बचाव करने आई बच्ची भी झुलस गई। पीड़ित महिला ने पति के खिलाफ तहरीर नहीं दी है।

शनिवार को सिविल लाइन कोतवाली प्रभारी मनीष सक्सेना ने बताया कि मऊ हरथला थाना सिविल लाइंस निवासी जरिसा(32) ने पति अख्तर हुसैन से आटा लाने के लिए कहा। इस पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि अख्तर ने जरिसा पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी। मां को जलता देख बचाव के लिए आई नाबालिग बेटी भी झुलस गई। घटना के बाद मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। शोर सुनकर लोगों ने आग बुझाई। दोनों घायल हालत में सिविल लाइन कोतवाली पहुंची तो पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## खेमपुर में दिखा तेंदुआ, लोगों में दहशत

**सैदनगर, अमृत विचार:** इमरती खेमपुर के जंगल में शुक्रवार रात तेंदुआ दिखाई देने के बाद दहशत फैल गई। तेंदुए के दर से पूरी रात ग्रामीण सो नहीं पाए और एक दूसरे को जानकारी देते रहे।

अजीमनगर थाना क्षेत्र के खेमपुर इमरती और स्वार के रसूलपुर गांव में तेंदुए दिखाई देने के बाद सनसनी फैल गई। शुक्रवार शाम करीब सात बजे तेंदुआ रसूलपुर की पुलिया से खेमपुर मझरा चांद गांव की ओर चहलकदमी कर रहा था। तेंदुए को जाता देख मौके पर मौजूद लोगों ने शोर मचा दिया। कुछ देर के बाद पूरे क्षेत्र में तेंदुए की खबर फैल गई। खेमपुर में धार्मिक स्थलों से अलाउंस होते ही लोगों में ख़ौफ़ हो गया।

## लकड़ी की टाल में लगी आग, लाखों का नुकसान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● बिलासपुर गेट स्थित चपटा कॉलोनी में शुक्रवार देर रात की घटना

**अमृत विचार :** बिलासपुर गेट स्थित चपटा कॉलोनी में शुक्रवार देर रात एक लकड़ी की टाल में भीषण आग लग गई। घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी भयानक थी कि फैक्ट्री में रखा लाखों रुपये का लकड़ी का सामान जलकर खाक हो गया। गनीमत रही कि घटना के समय फैक्ट्री बंद थी, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई।

लोगों ने सबसे पहले आग की लपटें और धुआं उठता देखा तो तत्काल फैक्ट्री मालिक गुड्डू को सूचना दी। फैक्ट्री मालिक मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी। थाना गंज के इंस्पेक्टर पवन शर्मा पुलिस बल के साथ पहुंचे और दमकल विभाग को सूचित किया। दमकल की टीम ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। कर्मियों ने बताया कि फैक्ट्री में रखी सूखी लकड़ी और बुरादे के कारण आग फैली। फैक्ट्री मालिक गुड्डू ने आशंका जताई है कि शुक्रवार शाम को बुरादा भरने आए किसी मजदूर ने बीड़ी या सिगरेट पीकर फेंकी होगी, जिससे चिंगारी भड़की। हालांकि आग लगने के सही कारणों की अभी तक पुष्टि नहीं हो पाई है। थाना प्रभारी गंज पवन शर्मा ने बताया कि मामले में तहरीर नहीं आई है। आग लगने के कारणों का पता लगाया जाएगा।


लकड़ी की टाल में आग बुझाते लोग।

# एक ही गांव के तीन घरों पर चोरों का धावा, 55 लाख की चोरी

संवाददाता स्वार

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव नानकार के मझरा वाला नगर में शुक्रवार रात चोरों ने पुलिस गश्त और सुरक्षा इंतजामों को खुली चुनौती देते हुए एक ही रात में तीन घरों को निशाना बना डाला। चोर करीब 50 हजार रुपये नकद और 25 तोले से अधिक सोना, चांदी समेत लगभग 55 लाख रुपये का सामान चोरी कर ले गए। चोर वारदात को अंजाम देने से पूर्व गली में असलहे के साथ चहल-कदमी करते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए।

कोतवाली के गांव नानकार का मझरा वाला नगर निवासी खालिद पुत्र मोहम्मद अहमद दिल्ली में रह कर पीओपी का काम करता है। शुक्रवार की रात चोर फाटक का ताला तोड़कर अंदर घुस गए और अलमारी से 20 हजार रुपये नकदी, 8 तोले सोने के आभूषण और चांदी की एक जोड़ी पाजेब चोरी कर ले गए। इसके बाद गांव के ही नक्शे अली पुत्र अहमद शाह के बंद मकान को निशाना बनाया। चोर अलमारी में रखी 10 हजार रुपये की नकदी, 5 तोले सोने के आभूषण समेट ले गए। चोरों का हौसला यहीं नहीं रुका। तीसरी चोरी गांव के ही पीओपी कारीगर जाफर अली पुत्र इरशाद हुसैन के घर के ताले तोड़ कर अंदर घुस गए। जहां से चोर 21 हजार रुपये नकदी, 12 तोले सोना और लगभग एक किलो चांदी के आभूषण साफ कर दिये। सुबह जब परिजनों ने घरों का सामान बिखरा देखा तो चीख पुकार मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी। लेकिन तब तक चोर अपने मंसूबों में कामयाब हो चुके थे। हैरानी की बात यह है कि चोर असलहों के साथ गली में टहलते हुए सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गए। बावजूद इसके वे बेखौफ वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। पीड़ितों ने वारदातों की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी। समाचार भेजे जाने तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।


चोरी के बाद गमजदा बैठीं महिलाएं। ● अमृत विचार


बिखरा पड़ा सामान। ● अमृत विचार


घटना की जानकारी देता गृह स्वामी।

● असलहों के साथ गली में टहलते हुए सीसीटीवी में कैद हुए चोर

### ग्रामीणों में दहशत का माहौल

एक ही रात में तीन घरों में चोरी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि गश्त और निगरानी मजबूत होती तो चोरों के हौसले इतने बुलंद न होते। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज के सहारे चोरों तक पहुंचने की बात कह रही है, लेकिन गांव वालों को डर है कि कहीं यह मामला भी फाइलों में ही न सिमट कर रह जाए।


चोरी के बाद जांच करती पुलिस। ● अमृत विचार

## प्रतिभा

### मुरादाबाद 32,725 करोड़ रुपये के सालाना टर्नओवर के साथ प्रदेश की अर्थव्यवस्था की धुरी बना

# हुनर को लगे 'पद्म सम्मान' के पंख, ब्रांड बने चिरंजीलाल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** रामगंगा के तट पर पीतल को तराशते हाथ पूरी दुनिया में अपनी चमक बिखर रहे हैं। एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना ने पीतलनगरी के सदियों पुराने शिल्प को उस मुकाम पर पहुंचाया है जहां पहुंचने का एक आम कारीगर सपना देखता था। आज मुरादाबाद न केवल 32,725 करोड़ रुपये के सालाना टर्नओवर के साथ प्रदेश की अर्थव्यवस्था की धुरी बन गया है बल्कि 10,000 करोड़ रुपये से अधिक का निर्यात कर रहा है।

वैश्विक स्तर पर मुरादाबाद व प्रदेश की बदलती तस्वीर के मिसाल हैं 74 वर्षीय चिरंजीलाल यादव। उन्होंने 55 वर्षों तक पीतल पर की जाने वाली कारीगरी को जिंदा रखा।

● 10 हजार करोड़ का कर रहा निर्यात 500 कारीगरों के लिए बने शिल्प गुरु


पीतल पर की गई नक्काशी दिखाते पद्मश्री चिरंजी लाल यादव।

एक दौर था जब उन्हें एक मामूली कारीगर समझा जाता था लेकिन प्रदेश सरकार के ओडीओपी योजना ने 6.58 लाख से अधिक घरों का चूल्हा इस कला से जला दिया।

### मुरादाबाद से हैदराबाद तक बजा चिरंजीलाल की नक्काशी का डंका

जिला उद्योग केंद्र (डीआईसी) के सहयोग से चिरंजीलाल आज एक सम्मानित ब्रांड बन चुके हैं। उनके उत्पादों को जीआई टैग मिला, जिससे महीने में बिकने वाले 10-12 उत्पाद अब 30 के पार पहुंच गए हैं। मुरादाबाद से लेकर नोएडा, दिल्ली और हैदराबाद की प्रदर्शनियों तक उनकी नक्काशी का डंका बज रहा है। स्टेट व नेशनल अवॉर्ड के बाद अब पद्मश्री के लिए चुने गए चिरंजीलाल आज 40 कारीगरों को रोजगार दे रहे हैं और 400 लोगों को प्रशिक्षित कर चुके हैं।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सौंपा था जर्मन चांसलर को दिलशाद का 'जादुई मटका'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2022 में जर्मनी दौरे के दौरान वहां के चांसलर को नक्काशीदार मटका भेंट किया था, उसे मुरादाबाद के शिल्पगुरु पद्मश्री दिलशाद हुसैन ने तैयार किया था। पहले जहां उनके मटके महीने में 3-4 बिकते थे, जबकि इसकी मांग अब 30 तक पहुंच गई है। दिलशाद हुसैन अब खुद 500 कारीगरों को रोजगार दे रहे हैं और 700 से अधिक युवाओं को इस कला में प्रशिक्षित कर चुके हैं।

### कारीगरों के लिए सुरक्षा और सम्मान का नया दौर

चिरंजीलाल यादव व दिलशाद हुसैन जैसे अनुभवी उद्यमियों के सहयोग से प्रशासन ने कारीगरों के कल्याण के लिए भी बड़ी पहल की है। मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना के तहत 50 वर्ष से अधिक उम्र के अनुभवी शिल्पकारों को जोड़ा जा रहा है।

> ओडीओपी योजना मुरादाबाद के लिए गेम-चेंजर साबित हुई है। हमारा मुख्य फोकस उद्यमियों को सिर्फ आर्थिक मदद देना ही नहीं, बल्कि उन्हें ब्रांडिंग और आधुनिक तकनीक से लैस करना है। जिला उद्योग केंद्र (डीआईसी) के माध्यम से हम कारीगरों को टूलकिट और प्रशिक्षण उपलब्ध करा रहे हैं, जिससे उनकी लागत घटे और मुनाफा बढ़े। चिरंजीलाल यादव और दिलशाद हुसैन जैसे उद्यमियों की सफलता अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा है। – **योगेश कुमार**, जॉइंट कमिश्नर, डीआईसी

# गांवों में विकास कराने वाली संस्थाएं अब होंगी राज्यकर विभाग की निगरानी में

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** अब गांवों में विकास कार्य करने वाली कार्यदायी संस्थाएं राज्यकर विभाग की सीधी निगरानी में रहेंगी।

उप निदेशक पंचायती राज अभय कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों में कार्य करने वाली कार्यदायी संस्थाओं पर राज्यकर देने के लिए सख्ती की जा रही है। इसके तहत ग्राम पंचायतों में तैनात सचिव किसी भी विकास कार्य का भुगतान करने से पूर्व संबंधित कार्यदायी संस्था का राज्य कर विभाग में पंजीकरण सुनिश्चित करेंगे। साथ ही भुगतान के वक्त ग्राम पंचायत की दो प्रतिशत जीएसटी और दो प्रतिशत टीडीएस काट कर कार्यदायी संस्था को भुगतान किया जाएगा। बताया कि भुगतान से पहले पंचायत राज विभाग के डोंगल (पोर्टल) पर कार्यदायी संस्था का जीएसटी नंबर एवं टीडीएस नंबर फीड करना अनिवार्य होगा। बिना पंजीकरण एवं आवश्यक कर विवरण के भुगतान नहीं किया जाएगा।

नए नियमों के अनुसार संस्था को 2 प्रतिशत राज्यकर एवं 2 प्रतिशत टीडीएस का भुगतान करना होगा। निर्माण कार्य में उपयोग होने वाली सामग्री पर भी राज्यकर देना अनिवार्य किया गया है। सरकार के इस कदम से जहां राजस्व में बढ़ोतरी होगी, वहीं ग्राम पंचायतों में होने वाले विकास कार्यों में वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता भी रहेगी।

### महीने में एक बार होगा समस्याओं का निस्तारण

ग्राम पंचायत स्तर पर जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और प्रशासनिक कार्यों में गति लाने के लिए अब ग्राम पंचायतों में महीने के एक दिन में बैठक की जाएगी। इनमें ग्राम पंचायत स्तर पर तैनात ग्राम पंचायतों से संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी अनिवार्य रूप से मौजूद रहेंगे। मंडलायुक्त ने ग्राम पंचायतों की समस्याओं को ग्राम पंचायत स्तर पर ही समाधान की पहल की है। जिसमें अब ग्राम पंचायतों में किसी तरह के विवाद महीने के एक सप्ताह में पंचायत स्तरीय अधिकारी गांव के पंचायत भवन में बैठकर उसका निस्तारण करेंगे। बैठक में सचिव, लेखपाल, स्वयं जन सेवा केंद्र के संचालक के साथ-साथ जल विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग एवं विद्युत विभाग से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इन बैठकों के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर उत्पन्न होने वाली छोटी-छोटी समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया जाएगा। निगरानी जिला स्तर पर जिला पंचायत अधिकारी द्वारा तथा मंडल स्तर पर उप निदेशक (पंचायत) द्वारा की जाएगी। शासन स्तर से मंडल के सभी जिलाधिकारियों और मुख्य विकास अधिकारियों को धरातल पर उतारने का निर्देश है।

न्यूज ब्रीफ

### माता महाकाली का 20वां वार्षिकोत्सव मनाया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** दिनदारपुरा में मंदिर श्री रघुनाथ जी महाराज सेवा ट्रस्ट द्वारा माता महाकाली का 20वां वार्षिकोत्सव मनाया। पहले हवन यज्ञ किया गया। आरती के बाद माता महाकाली की झांकियों का प्रदर्शन हुआ। भजन संध्या के बीच में झांकियां प्रस्तुत की गईं। मां काली को भोग लगाकर भंडारे में प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं मंदिर के पुजारी राघवेंद्र जोशी, विपिन गुप्ता, गोविंद, प्रियंक, राजीव रस्तोगी, गोपाल रस्तोगी, राकेश अग्रवाल, दीपक गोयल, दिनकर गोयल, कमलदीप उपाध्याय, संजय अग्रवाल, सचिन गुप्ता, अरविंद अग्रवाल उर्फ जॉनी, प्रेम अवतार अग्रवाल, अमित अग्रवाल, अमन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### खलील अहमद सेवानिवृत्त, दी विदाई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उपनिदेशक समाज कल्याण कार्यालय में तैनात प्रधान सहायक खलील अहमद ने कहा कि उच्चाधिकारियों और विभागीय स्टाफ से उन्हें जो स्नेह और सहयोग मिला है, उसे वह जीवन भर नहीं भूल पाएंगे। यह बातें खलील अहमद ने अपने सेवानिवृत्ति समारोह में कही। कहा कि उपनिदेशक समाज कल्याण समेत सभी अधिकारियों ने समय-समय पर उनका मार्गदर्शन किया, जिससे वे अपने दायित्वों का निर्वहन सही ढंग से कर सके। संचालन रोहित कुमार शर्मा, कार्यालय सहायक जिला समाज कल्याण अधिकारी ने किया। इस दौरान प्रेम प्रकाश सक्सेना अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राजकीय सिविल पेंशनर्स परिषद सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता का महत्व बताया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उत्तर रेलवे, मुरादाबाद मंडल की उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन के तत्वावधान में कुष्ठ आश्रम में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए महिलाओं को सैनेटरी नैपकिन वितरित किया गया। संचालन सुशीला गौतम, डॉ. भानुप्रिया वाधवान (सचिव) मुरादाबाद मंडल ने किया। डॉ. भानुप्रिया वाधवन ने महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने, सैनेटरी नैपकिन के उपयोग तथा संक्रमण से बचाव की जानकारी दी।

## कम होगा तनाव, यूपी बोर्ड ने खोली मदद की लाइन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- छात्र व अभिभावक टोल फ्री नंबर पर पा सकते हैं समाधान

**अमृत विचार :** उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा को लेकर परीक्षार्थियों की सुविधा और समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। बोर्ड परीक्षा की तैयारी से लेकर परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या पर विद्यार्थी हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। टोल फ्री हेल्पलाइन 18001805310 और 18001805312 पर सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक सहायता उपलब्ध रहेगी।

हेल्पलाइन सेवा के माध्यम से विषय विशेषज्ञ परीक्षार्थियों की परीक्षा से संबंधित शंकाओं का समाधान करेंगे। साथ ही पाठ्यक्रम, परीक्षा पैटर्न, उत्तर लेखन से जुड़े प्रश्नों पर भी मार्गदर्शन दिया जाएगा। जिले में कुल 464 माध्यमिक विद्यालय संचालित हैं, जिनमें 50 राजकीय, 54 अर्द्धशासकीय और 360 वित्तविहीन विद्यालय शामिल हैं। इन विद्यालयों में हाईस्कूल के कुल 39,559 और इंटरमीडिएट के 36,199 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। 112 केंद्रों पर 18 फरवरी से यूपी बोर्ड की परीक्षाएं शुरू होंगी। वर्तमान में प्रयोगात्मक परीक्षाएं चल रही हैं। डीआईओएस देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि यह हेल्पलाइन नंबर काफी मददगार साबित होगा।

केंद्रीय बजट: वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के पिटारे पर टिकी लोगों की नजर

## स्वास्थ्य व शिक्षा में बेहतरी की उम्मीद, महंगाई पर लगे नियंत्रण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** केंद्रीय बजट के प्रस्तुत करने से पहले हर वर्ग की उम्मीदें हिलोरे मार रही हैं। महंगाई से राहत तो किसी को टैक्स में रियायत चाहिए। गरीब वर्ग को रोजी रोटी की चिंता है तो मध्यम व अल्प आय वर्ग को महंगाई में राहत की आस वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण व केंद्र सरकार से है। जिससे जीवन का पहिया निर्बाध रूप से चलता रहे। शिक्षा, चिकित्सा आम आदमी की पहुंच में हो तो लोगों का जीवन आसान हो।

वहीं सरकारी अस्पतालों में बेहतर सुविधाओं की दरकार है। क्योंकि कहीं मानव संसाधन नहीं तो कहीं बजट का रोना है। जिला अस्पताल में एमआरआई मशीन न होने से बाहर महंगा इलाज कराने के लिए मरीज व उनके परिवार के लोग मजबूर हैं। सरकार इन सभी तरह नजर रखे जिससे जीवन यापन सरल हो सके क्योंकि महंगाई के दौर में शिक्षा व चिकित्सा के लाले पड़ रहे हैं। पेट्रोल डीजल की बढ़ती कीमतें नीचे आने की लोग उम्मीद रखें हैं। व्यापारी भी सरकार से राहत की आस लगाए हैं।

- महंगाई बढ़ने से हर वर्ग परेशान, बजट में कीमतें कम होने की आस
- शिक्षा, चिकित्सा आम आदमी को सुलभ कराए सरकार



महंगाई पर नियंत्रण के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री को बजट में उपाय करना चाहिए। जिससे मध्यम व गरीब वर्ग का जीविकोपार्जन हो सके। घरेलू जरूरत की चीजों पर सरकार उदार कदम उठाए। **– कांति शर्मा, गृहिणी,** खुशहालपुर



बच्चों की शादी के लिए सोना-चांदी खरीदना परंपरा रही है लेकिन आज इनके दाम सुनकर ही लोग पीछे हट जाते हैं। आभूषणों पर महंगाई नियंत्रित नहीं हुई तो परंपराएं केवल यादों में सिमट जाएंगी। **– ज्योति गोस्वामी,** गृहिणी



बढ़ती महंगाई से जनता परेशान है। आमजन की थाली सस्ती होनी चाहिए। सरकार को इस बारे में चिंता करनी चाहिए। महंगाई लगातार बढ़ने से लोगों की जिंदगी मुश्किल हो रही है। **– मयंक गुप्ता,** कारोबारी



बजट में सुविधाओं पर फोकस किया जाना चाहिए। शिक्षा, चिकित्सा सर्वसुलभ हो सके, इसके लिए ठोस कदम की जरूरत है। अस्पतालों में संसाधन के साथ उपकरणों व दवाओं का प्रबंध किया जाए। **– योगेश कुमार,** सेवानिवृत्त अधिकारी



बजट जनता और समाज की आवश्यकताओ के अनुरूप हो। मुरादाबाद हस्तशिल्प का बड़ा बाजार है और वैश्विक संघर्ष के कारण निर्यातक और उनका मजदूर वर्ग दोनों निराशा की स्थिति में है। सरकार को इसके लिए विशेष पैकेज की घोषणा करनी चाहिए। **– आवरण अग्रवाल,** अधिवक्ता



बेरोजगारी दूर करने के लिए सरकार उपाय करे। महंगाई का मुंह लगातार बढ़ता जा रहा है। इससे मध्यम व गरीब वर्ग का जीना मुश्किल हो रहा है। आभूषणों की बढ़ती कीमतें नियंत्रित होनी चाहिए, जिससे बेटियों की शादी करने में अधिक आर्थिक बोझ न पड़े। बजट जनोपयोगी होना चाहिए। – प्रदीप सक्सेना, एडवोकेट, दीनदयाल नगर

# नियमों का पालन करने की अपील

## यातायात माह के समापन पर आयोजित कार्यक्रम में कुंदरकी विधायक ने बांटे हेलमेट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद




कार्यक्रम को संबोधित करते कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह व अधिकारी। ● अमृत विचार

- सामाजिक संगठनों व स्काउट एनसीसी कैडट्स को किया सम्मानित दिए प्रमाण पत्र

**अमृत विचार :** यातायात माह के अंतर्गत संभागीय परिवहन विभाग की ओर से शनिवार को कार्यालय परिसर में समापन समारोह आयोजित किया गया। इसमें यातायात नियमों के पालन को लेकर जनजागरुकता कार्यक्रमों में सहयोग करने वालों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामवीर सिंह रहे। रोडवेज परिवहन निगम, यातायात विभाग, लोक निर्माण विभाग एवं एनएचएआई के अधिकारी भी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में लोगों को हेलमेट भी वितरित किए गए।

संभागीय परिवहन विभाग के कार्यालय परिसर में आयोजित समापन समारोह की अध्यक्षता संभागीय परिवहन अधिकारी राजेश सिंह ने की। कार्यक्रम का आरंभ विधायक रामवीर सिंह एवं आरटीओ राजेश सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके पश्चात यातायात माह के दौरान जनजागरुकता अभियान में सहयोग करने वाले सामाजिक संगठनों को विधायक द्वारा स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। साथ ही एनसीसी एवं स्काउट गाइड कैडेट्स को भी शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। रोडवेज परिवहन निगम की एआरएम राजवती सिंह उपस्थित लोगों व बच्चों से यातायात नियमों के पालन की अपील की।कार्यक्रम के अंत में संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) संदीप कुमार पंकज ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान विधायक रामवीर सिंह को आरटीओ राजेश सिंह द्वारा शॉल पहनाकर व भगवान राम की प्रतिमा भेंट की गई। कार्यक्रम में एआरटीओ आंज्नेय कुमार, एआरटीओ प्रवर्तन आनंद निर्मल, पीटीओ नरेंद्र सिंह, विवेक दुबे, सचिन सक्सेना, गौरव कुमार, महिपाल सिंह, मो. अनीस सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### ब्लैक स्पॉट की जानकारी दी

लोक निर्माण विभाग के एई मोहम्मद हारुन ने ब्लैक स्पॉट के बारे में जानकारी देते हुए सड़क किनारे लगे संकेत बोर्डों के महत्व को समझाया। यातायात पुलिस के क्षेत्रीय अधिकारी ने नियमों के उल्लंघन पर की जाने वाली कार्रवाई व चालान के रूप में लगाए जाने वाले अर्थदंड की जानकारी दी।मुख्य अतिथि विधायक रामवीर सिंह ने बच्चों को सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित उदाहरणों के माध्यम से यातायात नियमों का महत्व समझाया।

## 50 मीटर में माहेनूर व आदिल प्रथम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



प्रतियोगिता के दौरान ट्रैक पर दौड़ के लिए तैयार छात्राएं। ● अमृत विचार

- मूंढापांडे ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया दमखम

**अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा मूंढापांडे में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय दौलारी में किया गया। इसमें विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया।

शनिवार को प्रतियोगिता का आरंभ ग्राम प्रधान दौलारी अख्तर अली ने प्राथमिक स्तर की 50 मीटर बालिका वर्ग की दौड़ को हरी झंडी दिखाकर किया। सभी को खेल भावना के साथ भाग लेने की शपथ दिलाई गई। प्राथमिक स्तर के परिणाम 50 मीटर बालिका वर्ग में माहेनूर प्रथम रहीं। जबकि बालक वर्ग में आदिल प्रथम व चमन द्वितीय रहे। 100 मीटर बालिका वर्ग में दानिया प्रथम,रहे। 200 मीटर दौड़ में बालिका वर्ग में अदीबा प्रथम रहीं,वहीं बालक वर्ग में फरियाद प्रथम रहे। लंबी कूद में बालक वर्ग में रेहान प्रथम रहे, जबकि बालिका वर्ग में सपना प्रथम रहीं।प्राथमिक स्तर की कबड्डी प्रतियोगिता में बालक वर्ग में प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर नगली एवं बालिका वर्ग में प्राथमिक विद्यालय दौलारी की टीम विजेता रही। जूनियर स्तर के परिणाम 100 मीटर बालिका वर्ग में रजिया प्रथम रहीं,जबकि बालक वर्ग में अर्जुन प्रथम रहे। 200 मीटर बालिका वर्ग में सविता प्रथम रहे। 400 मीटर दौड़ में बालिका वर्ग में नूरे शिफा प्रथम रहीं, वहीं बालक वर्ग में सुमित प्रथम रहे।लंबी कूद में बालक वर्ग में शनि प्रथम रहे, जबकि बालिका वर्ग में आरिफा प्रथम रहीं। जूनियर स्तर की कबड्डी प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग में कंपोजिट विद्यालय दौलारी की टीम विजेता बनी।

### विजेताओं को प्रमाण पत्र व पेन देकर किया सम्मानित

सभी विजेता खिलाड़ियों को समाजसेवी सोनू रस्तोगी ने प्रमाण पत्र व पेन देकर सम्मानित किया।समापन अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने कहा कि खेलों को जीवन का अभिन्न अंग बनाकर स्वस्थ जीवनशैली अपनानी चाहिए।प्रतियोगिता का संचालन डॉ. हरनंदन प्रसाद ने किया। इस अवसर पर सुरेंद्र सिंह, योगराज सिंह, कुलदीप सिंह, राजीव सिंह, देश दीपक, राजेश कुमार, जोगेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, लता सिंह, अंजली सनी, अंजली गुप्ता, स्वाति, सुमन, कौशिकी, चंद्रपाल सिंह, ममता यादव व नीलम यादव सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## माघ पूर्णिमा पर बन रहा दुर्लभ योग, स्नान-दान से मिलेगा मोक्ष

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** हिंदू धर्म में माघ मास की पूर्णिमा का विशेष महत्व माना गया है। इस वर्ष माघ पूर्णिमा का पर्व आज मनाया जाएगा। इस बार माघ पूर्णिमा पर कई दुर्लभ और मंगलकारी योग बन रहे हैं, जिससे इसका धार्मिक महत्व और अधिक बढ़ गया है।



पंडित राघव शास्त्री।

ज्योतिषाचार्य पंडित राघव शास्त्री ने बताया कि पंचांग के अनुसार माघ पूर्णिमा के दिन पूरे दिन पुष्य नक्षत्र रहेगा, जो अत्यंत शुभ माना जाता है। सुबह प्रीति योग रहेगा, जो सुबह 10 बजकर 28 मिनट तक प्रभावी रहेगा। इसके बाद यह योग आयुष्मान योग में परिवर्तित हो जाएगा। साथ ही इस दिन रवि-पुष्य योग, सर्वार्थ सिद्धि योग, प्रीति योग और आयुष्मान योग जैसे शुभ संयोग बन रहे हैं। रवि-पुष्य योग पूरे दिन प्रभावी रहेगा, जबकि सर्वार्थ सिद्धि योग सुबह 9 बजकर 9 मिनट से रात 11 बजकर 58 मिनट तक रहेगा। ज्योतिषीय दृष्टि से इस दिन सूर्य कुंभ राशि में और चंद्रमा अपनी स्व राशि कर्क में विराजमान रहेंगे। यह स्थिति दान, पुण्य और शुभ कार्यों के लिए अत्यंत फलदायी मानी जाती है।

### भगवान नारायण के पूजन का विशेष विधान

बताया कि माघ पूर्णिमा के दिन सूर्योदय से पूर्व गंगा या किसी भी पवित्र नदी में स्नान करने से मोक्ष की प्राप्ति और संतान सुख मिलता है। जो तीर्थ स्थलों पर नहीं जा पाते, वे घर पर जल में गंगाजल मिलाकर स्नान कर सकते हैं। भगवान नारायण की पूजा-अर्चना का विशेष विधान है। गरीबों, ब्राह्मणों को भोजन, वस्त्र, कंबल, गुड़, घी, फल और अन्न का दान करना बहुत पुण्यदायी माना गया है। विशेष रूप से काले तिल का दान, हवन तथा पितरों का तर्पण श्रेष्ठ फल प्रदान करता है।

## जांच से इलाज तक फ्री, 30 से अधिक आयु वालों के लिए स्वास्थ्य कवच

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- गैर संचारी रोगों की समय रहते पहचान के लिए घर-घर स्क्रीनिंग
- ई-कवच व एनपी-एनसीडी पोर्टल पर रिकॉर्ड होगी पूरी जानकारी

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग गैर संचारी रोगों की रोकथाम और समय रहते इलाज के लिए एक नई पहल शुरू करने जा रहा है। अभियान के तहत 30 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कराई जाएगी। जांच में यदि कोई गंभीर बीमारी पाई जाती है तो संबंधित मरीज का सरकार की ओर से आजीवन उपचार किया जाएगा। साथ ही गंभीर बीमारी से ग्रसित मरीजों का पूरा विवरण ई-कवच पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा, जिससे इलाज और फॉलो-अप की नियमित निगरानी की जा सके।

सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि बदलती जीवनशैली और खानपान के कारण अब कम उम्र में ही लोग कैंसर, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोक जैसी गंभीर बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। जागरुकता के अभाव में लोग नियमित स्वास्थ्य जांच नहीं कराते, जिससे बीमारी गंभीर रूप ले लेती है। इसी को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने 30 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए विशेष जांच अभियान चलाने का निर्णय लिया है।

अभियान को प्रभावी, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए जांच, उपचार और फॉलो-अप से संबंधित समस्त डेटा प्रतिदिन एनपी-एनसीडी पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। अभियान के तहत 80 बिंदुओं पर स्क्रीनिंग की जाएगी और पांच प्रकार की महत्वपूर्ण जांचें कराई जाएंगी।

### एएनएम, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता निभाएंगी अहम भूमिका

अभियान में एएनएम, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अहम भूमिका निभाएंगी। ये घर-घर जाकर लोगों की प्रारंभिक स्क्रीनिंग करेंगी और एकत्रित डेटा क्षेत्र के संबंधित कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) को सौंपेंगी। सीएचओ द्वारा इस डेटा का परीक्षण किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर ओरल कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर, हाइपरटेंशन और डायबिटीज की दोबारा जांच कराई जाएगी।

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर में मिलेगी नि:शुल्क दवा

जो लोग इन बीमारियों से ग्रसित पाए जाएंगे, उन्हें आयुष्मान आरोग्य मंदिरों से हर माह नि:शुल्क दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि जिन क्षेत्रों में किसी कारणवश आशा या आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर तक नहीं पहुंच पाती हैं, वहां के लोग स्वयं नजदीकी आयुष्मान आरोग्य मंदिर में जाकर जांच करा सकते हैं।

## महामृत्युंजय यज्ञ व शिव कथा में बही भक्ति की धारा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



कथा सुनाते आचार्य आशीष माधव।



शिवकथा महोत्सव में कथा सुनते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

- पीतांबरा बगलामुखी देवी महायज्ञ व शिव कथा महोत्सव के दूसरे दिन शिव विवाह प्रसंग का वर्णन

**अमृत विचार :** पीतांबरा बगलामुखी देवी महायज्ञ एवं श्री शिव कथा महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को सुबह के सत्र में शनि महामृत्युंजय शनि यज्ञ का आयोजन हुआ। यज्ञ में मुख्य यजमान प्रिया अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, अभिषेक सिन्हा, संजय बंसल, अमित अग्रवाल एवं संजय गुप्ता रहे। अनुष्ठान श्री परिवार पीठाधीश्वर पंडित कृष्णा स्वामी के निर्देशन में आचार्य उत्तम पांडे, यश पांडे एवं तेजनारायण मिश्र ने संपन्न कराया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ में श्रद्धालुओं ने शनि दोष शांति व मंगल कामना के लिए आहुति दी।

शाम के सत्र में शुक्रतीर्थ से आए कथाव्यास आशीष माधव ने शिव-सती संवाद एवं शिव विवाह प्रसंग का वर्णन किया। कहा कि जहां सम्मान न मिले, वहां नहीं जाना चाहिए, चाहे वह अपना मायका ही क्यों न हो। कथा में दक्ष यज्ञ, माता सती का योगाग्नि में समर्पण और उसके बाद हुए घटनाक्रम का वर्णन सुनकर श्रोता भावविभोर हो गए। उन्होंने शिव बारात का सजीव चित्रण किया। भूत-प्रेत, बेतालों के नृत्य, नंदी पर विराजमान भगवान शिव, गले में नागमाला और साथ चल रहे भगवान विष्णु व ब्रह्माजी की देव टोली का वर्णन सुन श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो उठे। राजा हिमवान के द्वार बारात के पहुंचने और माता मैना द्वारा दामाद की आरती उतारने के प्रसंग में शिव की लीला का वर्णन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। शिवजी के उग्र रूप को देखकर मैना व्याकुल हो गई और विवाह से इंकार कर दिया। अंत में देवी पार्वती के आग्रह पर भगवान शिव के दिव्य चंद्रमौली रूप में प्रकट होने और विवाह की तैयारी का प्रसंग सुनाया गया। शिव पुराण के अनुसार भगवान शिव की पूजा की छह विधियों अभिषेक, चंदन, नैवेद्य, धूप, दीप और तांबूल का महत्व बताते हुए कथाव्यास ने इनके फल भी समझाए। मुख्य अतिथि एसएसपी सतपाल अंतिल रहे। इस अवसर पर एमएलसी जयपाल सिंह, केके गुप्ता, सुधीर गुप्ता, दिनेश अग्रवाल, राजीव अग्रवाल मल्लू, अवनीत सक्सेना, अतुल सोती, वरुण, नरेश सक्सेना, विकास ममगाईं, मुकेश कौशिक, विपिन अग्रवाल, अनिता श्रीवास्तव, सुमन सक्सेना, दमयंती मिश्रा आदि रहे।

## यूजीसी को काला कानून बता की निंदा

**कांठ, अमृत विचार:** नगर में वैश्य धर्मशाला में सवर्ण संघर्ष समिति की बैठक में यूनिवर्सिटी ग्रैंड कमिशन के कानून को निरस्त करने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार ने सवर्ण समाज की पीठ में छूरा घोंपने का काम किया है। इस काले कानून से सामाजिक सौहार्द की भावना को ठेस पहुंचेगी एवं ऊंच नीच की भावना आएगी। इस काले कानून का विश्वविद्यालय में दुरुपयोग होगा।

बैठक में मनीष चौहान पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुकेश महेश्वरी अनिल चौहान डॉ अशोक चौहान विनीत चौहान नरेश चौहान विकास शर्मा दीप सिंह बिश्नोई अतुल कुमार आदि ने काले कानून के खिलाफ अपने विचार व्यक्त किये। बैठक में सत्यवीर सिंह, धर्मेंद्र कुमार सिंह, राजीव कुमार, वीरेंद्र चौहान, राकेश कुमार, अमित कुमार, राजकुमार सिंह, राजेश शर्मा, रामनाथ सिंह प्रधान जी, प्रवेंद्र कुमार, पुष्पेंद्र चौहान आदि मौजूद रहे।

न्यूज डायरी

### समय से कराएं कुष्ठ रोग की जांच व इलाज, आंखों को रखें सुरक्षित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान के क्रम में शनिवार को सीएल गुप्ता स्कूल ऑफ ऑप्टोमेट्री के छात्र-छात्राओं के लिए कुष्ठ रोग पर सेमिनार आयोजित किया गया। इसमें जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ. भास्कर अग्रवाल ने रोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि समय से जांच व इलाज से आंखों को प्रभावित होने से रोका जा सकता है। उन्होंने आंखों को लेप्रोसी से बचाने के उपायों की जानकारी दी। कहा कि अगर आरंभिक लक्षणों में ही कुष्ठ रोग की पुष्टि हो तो एमडीटी द्वारा उपचार आरंभ कर दें, जिससे प्रभाव आंखों तक पहुंचने की संभावना बहुत कम हो जाती है। उन्होंने बताया कि एमडीटी दवा सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर नि:शुल्क उपलब्ध है। जिले में 190 मरीज इस दवा के द्वारा कुष्ठ रोग का इलाज करा रहे हैं। कहा कि इलाज पूरा न होने पर शरीर में विकलांगता की संभावना बढ़ जाती है। कई बार आंख की रोशनी भी चली जाती है। सेमिनार का संचालन ऑप्टोमेट्री स्कूल के इंचार्ज फनी कृष्णा ने किया। इस दौरान शिक्षिका आकांक्षा गुप्ता, उजमा रफीक और हिमांशु सपरा के अलावा 63 विद्यार्थी मौजूद रहे। सभी की शंकाओं का डॉ. भास्कर अग्रवाल ने समाधान किया।





### एक शाम वतन के नाम कार्यक्रम में बच्चे देश भक्ति गीतों पर झूमे

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कौशल्या कन्या इंटर कॉलेज में प्राइमरी विभाग द्वारा एक शाम वतन के नाम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि महिला थाना प्रभारी वंदना सिंह रहीं। अध्यक्षता एडवोकेट मुकुल अग्रवाल ने की। संयोजिका आशा नारंग एवं पूजा सिंह रहीं। शनिवार को कौशल्या कन्या इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ. मधुबाला त्यागी ने कहा कि जननी और जन्मभूमि से बढ़कर स्वर्ग भी नहीं है, इसलिए प्रत्येक नागरिक को देश के लिए बलिदान देने के लिए तत्पर रहना चाहिए। कार्यक्रम में कौशल्या कन्या इंटर कॉलेज के प्राइमरी विभाग एवं जेवी. मांटेसरी स्कूल के बच्चों ने देशभक्ति गीत, नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी का मन मोह लिया।संचालन श्रद्धा त्रिपाठी ने किया।



### सेमीफाइनल में दिखा खिलाड़ियों का दम, कनिष्का कपूर फाइनल में

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नेक्स्ट जेन स्पिनर टेबल टेनिस अकाडमी में शनिवार को आयोजित फर्स्ट डिस्ट्रिक्ट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दिन मुकाबले खेले गए। क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल मैच हुए, जिसमें खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का ध्यान खींचा। यह तीन दिवसीय टूर्नामेंट रविवार तक चलेगा। रविवार को फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। टेबल टेनिस कोच सजल अग्रवाल ने बताया कि टूर्नामेंट में 50 से 70 बच्चों ने हिस्सा लिया है। उन्होंने बताया कि बालक वर्ग में विख्यात कत्याल और मो. नोमान ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं महिला वर्ग में कनिष्का कपूर और भव्या वाधवा के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। जिसमें कनिष्का कपूर ने जीत दर्ज कर फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

### 57 मछली कारोबारियों का कराया दुर्घटना बीमा, सरकार करेगी किस्त की अदायगी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नेशनल फिशरीज डिजिटल प्लेटफॉर्म (एनएफडीपी) पर पंजीकरण मत्स्य किसानों, मछुआरों और उद्यमियों के लिए ऑनलाइन योजनाओं व सब्सिडी 40 से 60 प्रतिशत पाने का एक एकीकृत पोर्टल है। मछली कारोबारियों के लिए सरकार की ओर से गांवों में शिविर लगा कर योजना का लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। जिसमें ठाकुरद्वारा, कांठ के छजलैट ब्लॉक में शनिवार को लगे शिविरों 60 मछली कारोबारियों ने पंजीकरण कराया और 57 का दुर्घटना बीमा कराया गया। शनिवार को जिला मत्स्य अधिकारी गणेश मिश्रा ने बताया कि आधिकारिक वेबसाइट या नजदीकी सीएससी केंद्र पर आधार कार्ड और बैंक विवरण के साथ पंजीकरण किया जा सकता है। छजलैट ब्लॉक क्षेत्र में मत्स्य विभाग द्वारा मछली पालन एवं मछली कारोबार से जुड़े लोगों के लिए पंजीकरण शिविर में 60 मछुआ और अन्य मछली पालन और बेचने वाला मछली कारोबारियों ने अपना पंजीकरण कराया है। शिविर में मछली पालन करने वाले एवं मछली बेचने वाले 57 मछली कारोबारियों का दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत 5 लाख रुपये का बीमा कराया गया है। जिसकी किस्त सरकार की ओर से दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत 18 से 70 वर्ष आयु के मछली कारोबारियों का बीमा कराया गया है।



## न्यूज ब्रीफ

### नाबालिग को अगवा करने में पांच पर केस

भोजपुर, अमृत विचार : प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह को दी तहरीर में पीड़ित ने कहा है कि शनिवार को पड़ोसी मोमीन की बेटी मेरे घर पर आयी और मेरी नाबालिग बेटी को अपने घर बुलाकर ले गई। उसका भाई नसीम मेरी बेटी को बहला फुसलाकर ले गया है। देर रात तक बेटी घर नही आयी तो मैं और मेरी पत्नी व बड़ी लड़की मोमीन के घर गये तो मोमीन व उसके दो लड़कों गाली गलौच की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बालिका को भगा ले जाने के मामले में रिपोर्ट

कांठ, अमृत विचार : थाना छजलैट क्षेत्र के एक गांव निवासी एक 17 वर्षीय छात्रा 28 जनवरी को स्कूल जाने को कहकर गई थी। वहीं से दो अज्ञात व्यक्ति उसे बहला फुसलाकर भगा ले गए। स्वजनों ने काफी खोजबीन की और रिश्तेदारी तथा मिलने वालों में भी उसे तलाश किया परंतु कहीं पता नहीं लगा तो उन्होंने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

# रोजाना का जाम बना जी का जंजाल

## ई-रिक्शा, अवैध पार्किंग और ओवरलोड वाहनों के चलते जाम से लोग बेहाल

संवाददाता, ठाकुरद्वारा




ठाकुरद्वारा में शनिवार को दोपहर बाद लगा जाम। ● अमृत विचार

- हर सड़क, चौराहे पर अफरा-तफरी, प्रशासन बना तमाशबीन

अमृत विचार : ठाकुरद्वारा नगर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह से पटरी से उतर चुकी है। बेतरतीब दौड़ते ई-रिक्शा, सड़क किनारे खड़े अवैध वाहन और ओवरलोड गाड़ियों ने शहर की रफ्तार को जाम कर दिया है। हालात ऐसे हैं कि आम लोगों के लिए न तो समय पर पहुंचना संभव रह गया है और न ही सड़कों पर सुरक्षित चल पाना। अफसोस की बात यह है कि इस गंभीर समस्या पर प्रशासन की भूमिका अब तक तमाशबीन की बनी हुई है।

शनिवार को नगर का प्रमुख मार्ग कदीर तिराहे से बाबू रामपाल मार्ग होते हुए सुरजन नगर रोड तक जाम की चपेट में आ गया। वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और घंटों तक लोग जाम में फंसे रहे। जो लोग जाम से बचने के लिए कोतवाली या एसडीएम कोर्ट रोड की ओर मुड़े, उन्हें वहां भी अवैध पार्किंग ने जकड़ लिया। नतीजतन, पूरे क्षेत्र में यातायात व्यवस्था ध्वस्त हो गई। हालात संभालने के लिए पुलिस को काफी देर तक मशक्कत करनी पड़ी। नगरवासियों का कहना है कि यह समस्या अचानक नहीं खड़ी हुई है। लंबे समय से ई-रिक्शों की मनमानी, बिना निर्धारित स्टैंड के संचालन और सड़कों पर खुलेआम की जा रही अवैध पार्किंग से जाम की स्थिति बन रही है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभागों ने कभी ठोस कदम नहीं उठाए। यही कारण है कि अब नगर क्षेत्र के साथ-साथ ठाकुरद्वारा-स्योहारा मार्ग भी आए दिन जाम से कराह रहा है।

स्थिति को और भी भयावह बना रहे हैं गन्ने से लदे ओवरलोड वाहन, जो यातायात नियमों की खुलेआम अनदेखी कर रहे हैं। ये भारी वाहन न केवल जाम का कारण बन रहे हैं, बल्कि किसी भी समय बड़े हादसे को दावत दे सकते हैं। इसके बावजूद पुलिस और परिवहन विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही है।

जाम में सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों, बुजुर्गों, मरीजों और रोज़गार के लिए निकलने वाले कामकाजी लोगों को उठानी पड़ रही है। लोगों का साफ कहना है कि यदि ई-रिक्शा पर नियंत्रण, अवैध पार्किंग पर सख्ती और ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कड़ा अभियान नहीं चलाया गया, तो हालात और बेकाबू हो जाएंगे। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि प्रशासन आखिर कब जागेगा ? क्या किसी बड़ी दुर्घटना के बाद ही जिम्मेदारों को होश आएगा, या फिर ठाकुरद्वारा के नागरिकों को रोज़ाना इसी तरह जाम के झाम से जूझने के लिए मजबूर रहना पड़ेगा ।

### भाकियू ने 2 फरवरी को होने वाला धरना रोका

बिलारी, अमृत विचार : गन्ना समिति में भारतीय किसान यूनियन टिकैत की बैठक में समस्याओं को लेकर चर्चा हुई । 2 फरवरी को एसडीएम कार्यालय पर होने वाले प्रदर्शन को स्थगित कर दिया गया।

बैठक में किसानों ने आवारा पशुओं और गन्ना मूल्य भुगतान को को लेकर चर्चा की, इस दौरान कहा कि एसडीएम कार्यालय पर जो धरना 2 फरवरी को दिया जाता अब उसे 11 फरवरी को किया जाएगा। सभी से आवहान किया कि किसान 11 बजे एसडीएम कार्यालय पर पहुंचे। इस दौरान अनेकों बिंदुओं पर रणनीति बनी। बैठक में जिला प्रवक्ता जयवीर सिंह, तहसील अध्यक्ष रनवीर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष माजिद हुसैन ,प्रेमपाल सिंह, बबलू भाई, जिला उपाध्यक्ष भानु यादव,रामावतार यादव, जितेंद्र कुमार सिंह, अनीस अहमद, ब्लॉक मीडिया प्रभारी गुड्डु कुरैशी, अमित चौधरी, शराफत हुसैन, वीरपाल सिंह ,महीलाल सिंह, प्रेमपाल सिंह ,देवेंद्र सिंह, मोहम्मद यूनुस आदि सहित अनेकों मौजूद रहे।

# अवैध प्लाटिंग पर चला एमडीए का बुलडोजर



प्लाटों पर बनीं नींव उखाड़ती जेसीबी। ● अमृत विचार

संवाददाता, चौधरपुर

अमृत विचार : चौधरपुर, पायंती कला और गिदौड़ा के पास अवैध प्लाटिंग परशनिवार को एमडीए के बुलडोजर चलने से अफरा तफरी का माहौल देखने को मिला।

मुरादाबाद निवासी सौरभ जैन की चौधरपुर में मुरादाबाद दिल्ली हाईवे ओवर ब्रिज के पास 25 बीघा भूमि है। कई वर्ष पूर्व सौरभ जैन और जिले हसन ने भूमि पर प्लाटिंग कर दी। शनिवार की सुबह मुरादाबाद प्राधिकरण के एईओ योगेश कुमार गुप्ता, जेई देवेंद्र यादव पूरे अमले के साथ पहुंचे और छोटे-छोटे प्लॉटों की गई चौहद्दी को तोड़ दिया। लोगों को कहना है कि जब प्लाटिंग हो रही थी तब एमडीए के अधिकारी कहां थे। अब इन्हें अवैध प्लाटिंग दिखाई दे रही है। प्लाटिंग में दर्जनों इमारतें भी बनी खड़ी हैं। जब प्लाटिंग अवैध है तो यह इमारतें कैसे बैध हो गईं। इसके बाद पायंती कलां में मोहम्मद वाहिद की आठ बीघा भूमि में हो रही प्लाटिंग और अरविंद चौधरी और भूरे द्वारा पाकबड़ा - कैलाश रोड गिदौड़ा के पास एसआरडीए कॉलेज ऑफ़ एजूकेशन के सामने 15 बीघा भूमि पर हो रही अवैध प्लाटिंग पर भी एमडीए का बुलडोजर गरजा। एईओ योगेश कुमार गुप्ता का कहना है प्लाटिंग करने से पहले लेआउट पास करा ले बगैर ले आउट पास के अवैध प्लाटिंग नहीं होने देंगे।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
मो. 7906815587

**NOTICE**

I have change my name from Mohammad Aman S/o Mohammd Akram to Mohammad Amaan S/o Mohammad Akram Town Saidnagli Tehsil Hasanpur Distt. Amroha. I will be known as Mohammad Amaan in future.

**सूचना**

मैं अमजद पुत्र शब्बीर हुसैन नि. 111 रूस्तम नगर रायपुर थाना स्वार तहसील स्वार जिला रामपुर अपने पुत्र निजाम व पुत्रवधु नगमा के कृत्यों से तंग आ चुका हूँ एवं दोनों के बुरी संगत में पड़ जाने के कारण अपनी समस्त जायदाद व रिश्तों से बेदखल करता हूँ। भविष्य में दोनों के किसी भी कृत्यों के जिम्मेदार निजाम व नगमा स्वयं होंगे। उपरोक्त दोनों का मेरे व मेरे परिवार से भविष्य में कोई रिश्ता व ताल्लुक नहीं होगा।

**सूचना**

पहले पासपोर्ट में मेरा नाम गुलफिशा खातून GUL FISHAN KHATOON जो गलत है। सही नाम GULFISHA गुलफिशा C/O मोहम्मद अब्बास मेन बाजार नौगांवा सादात अमरोहा है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचान जाए।

**सूचना**

मैंने अपना नाम WASEEM KHAN पुत्र ANIS AHMAD KHAN से बदलकर WASIM KHAN पुत्र ANIS AHMAD KHAN निवासी जमुना वाला वार्ड नंबर 10 ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद रख लिया है मुझे। भविष्य में इसी नाम से जाना पहचाना जाए

बाबा जी एडवरटाईजिंग
हल्द्वानी (नैनीताल)
आवश्यकता है
डिजाइनर, अकाउंटेंट, फ्लैक्स प्रिंटिंग मशीन ऑपरेटर, माउंटर (फ्लैक्स लगाने वाले लड़कों) की।
अनुभवी अभ्यर्थियों को वरीयता
आकर्षक वेतन
भोजन+आवास की व्यवस्था उपलब्ध
इच्छुक अभ्यर्थी सम्पर्क करें :
7500029158, 9720149769
9837650281, 9627226481

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

C&C Content & Creation
MEDIA AND EDUCATION
मार्केटिंग एग्जिक्यूटिव, एडमिशन काउंसलर व टेली कॉलर की आवश्यक्ता।
वेतन योग्यता अनुसार।
Content & Creation Media and Education
ई-मेल: uuzma@edgrow.org, pwn1313@rediffmail.com
मो.: 9761600209, 7453815131

# सम्मोहन कर जेवर ठगने वाला गिरोह पकड़ा



ठगी करने के आरोपियों को जेल भेजती पुलिस। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार : महिलाओं को बातों में फंसाकर जेवर ठगने वाले गिरोह का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने चार पुरुष और एक महिला को गिरफ्तार कर पीली धातु के जेवर, दो मोटरसाइकिल, नकदी और पहचान पत्र बरामद किए हैं।

मामला तब सामने आया जब खजरा थाना मैनाठेर निवासी हरवीर सिंह ने शिकायत की कि अज्ञात महिला और पुरुष ने उनकी पत्नी को सम्मोहित कर कुंडल ठग लिए। इस पर बिलारी थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीमों का गठन किया गया। पुलिस ने 30 जनवरी को कस्बा बिलारी में रामरतन इंटर कॉलेज के पास ईदगाह रोड पर चेकिंग के दौरान दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार पुरुषों और एक महिला को रोका। तलाशी में दो जोड़ी कुंडल, दो बालियां, दो बाइक, 620 रुपये, एक आधार कार्ड व एक पैन कार्ड बरामद हुए। पूछताछ में आरोपितों ने महिलाओं को परिवार पर संकट का डर दिखाकर जेवर उतरवाने की वारदात कबूल की।

गिरफ्तार आरोपियों में जुबैर, अमन, मुस्तफा उर्फ कलुआ, नईम और नेहा शामिल हैं, जबकि उनका साथी आजम फरार बताया गया है। पुलिस के अनुसार गिरोह संगठित तरीके से वारदात कर आपस में हिस्सा बांटता था। फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

### फाइनल में कल होगी परिचालन विभाग व विद्युत परिचालन के बीच भिड़ंत



मुरादाबाद, अमृत विचार : रेलवे स्टेडियम स्थित बैडमिंटन हॉल मुरादाबाद में अंतर्विभागीय रेलवे बैडमिंटन प्रतियोगिता वर्ष 2026 सीजन-एक में शनिवार को क्वार्टर फाइनल तथा सेमीफाइनल के मुकाबले खेले गए । विद्युत( परिचालन) ने क्वार्टर फाइनल में मेडिकल को 2-1 से और परिचालन विभाग ने संकेत एवं दूरसंचार विभाग को 2-0 से हरा कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल मुकाबलों में परिचालन विभाग ने विद्युत( सामान्य) को 2-0 से और विद्युत (परिचालन) ने कैरिज तथा वैगन शाखा को 2-0 से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला 2 फरवरी की शाम 6 .00 बजे खेला जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन व संचालन मंडल क्रीड़ा सचिव राजेंद्र शर्मा ने सहयोगियों के साथ किया।

## दहेज उत्पीड़न के आरोप में दर्ज हुआ मुकदमा

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : चार माह तक अधिकारियों और पुलिस के चक्कर काटने के बाद आखिरकार पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने ससुराल पक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

जनपद रामपुर के थाना दड़ियाल के गांव चदुपुरा निवासी सविता उर्फ रिया की शादी ठाकुरद्वारा क्षेत्र के गांव पण्डितपुर निवासी सार्थक पुत्र संदीप के साथ 5 अक्टूबर 2023 को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत हुई थी। आरोप है कि सास, ससुर, जेठ और ननद दहेज की मांग को लेकर लगातार उत्पीड़न करने लगे और पांच लाख रुपये की मांग की जाने लगी। दहेज न देने पर मारपीट, गाली-गलौच और जान से मारने की धमकियां दी जाती रहीं। ससुराल पक्ष ने उसे मायके भेज दिया और उसके पति को जबरन नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती करा दिया गया। पति ने फोन कर बताया कि उसे केंद्र में जबरन बंद रखा गया है और उसके साथ अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक मनोज परमार का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

### लकड़ी माफिया ने काटे आम के हरे पेड़

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : डिलारी थाना क्षेत्र में लकड़ी माफियाओं के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। वीरूवाला गांव में शुक्रवार तड़के माफियाओं ने आम के हरे पेड़ को काट दिया। कटे हुए पेड़ों की वीडियो सामने आई, तब जाकर विभाग हरकत में आया। बताया जा रहा है कि मौके पर पहुंची टीम ने कटान के मामले में जुर्माना लगाया है।


# तहसीलदार का विरोध जारी, प्रदर्शन



प्रदर्शन करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

कांठ, अमृत विचार: तहसीलदार के विरुद्ध अधिवक्ताओं ने शनिवार को भी नारेबाजी करते हुए जुलूस निकालकर स्थानांतरण की मांग की। अधिवक्ताओं का कहना है कि तहसीलदार का व्यवहार उनके प्रति ठीक नहीं है।

एसडीएम को दिए गए ज्ञापन में तहसीलदार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। वकीलों का कहना है कि उनका जब तक स्थानांतरण नहीं होगा, तब तक कार्य बहिष्कार और प्रदर्शन जारी रहेगा। तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा, महासचिव दीपक विश्नोई, पूर्व उपाध्यक्ष व भूप्रकाश सिंह, हरपाल सिंह, सलमान खान, बृजपाल सिंह, कपिल यादव, कपिल विश्नोई, वैभव विश्नोई, नन्हें खां, नाजिम सैफी, मोहम्मद वकील अहमद, शहजाद रफी, दीप बिश्नोई, डॉ. विनीत नैन, लक्ष्मण सिंह, संजीव कुमार विश्नोई, पुष्पेंद्र धामा, विजय वीर सिंह विश्नोई, यशवीर सिंह, प्रदीप कुमार, अजय यादव, डॉ विनीत में यशवीर सिंह, इकबाल, शमशाद अमरोही आदि अधिवक्ता रहे।



# 8.50 करोड़ से होगा 11 सड़कों का निर्माण

- शासन से मिली मंजूरी, लोक निर्माण विभाग कराएगा कार्य
- शहर विधायक आकाश सक्सेना ने शासन को भेजा था प्रस्ताव

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर विधानसभा क्षेत्र में सालों से जर्जर और कच्ची सड़कों की समस्या से जूझ रहे लोगों को जल्द ही बेहतर सड़कें मिलने वाली हैं। शासन ने नगर विधानसभा क्षेत्र में विधायक आकाश सक्सेना द्वारा दिए 11 सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत कार्यों के प्रस्तावों को मंजूरी मिल गई है। इन सड़कों के निर्माण पर करीब साढ़े आठ करोड़ रुपये की धनराशि खर्च होगी।

आए दिन हादसे हो जाते हैं। ऐसे में क्षेत्रीय लोगों ने शहर विधायक आकाश सक्सेना से जर्जर सड़कों की मरम्मत कराने एवं कच्ची सड़कों का निर्माण कराने की मांग की थी, जिसके बाद विधायक ने सड़कों के प्रस्ताव लोक निर्माण विभाग के माध्यम से शासन को भिजवा दिए थे।

शासन ने इन प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। इसके अनुसार क्षेत्र की 11 सड़कों का निर्माण एवं मरम्मत कार्य होगा। जिस पर करीब साढ़े आठ करोड़ रूपये की लागत आएगी। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता निर्माण खंड गौरव ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया जल्द पूरी की जाएगी। गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएगा, ताकि सड़कें लंबे समय तक टिकाऊ रहें।

### इन सड़कों का होगा निर्माण

- भमरौआ मंदिर मार्ग का निर्माण एवं चौड़ीकरण – 3.59 **करोड़**।
- चिकटी रामनगर रोड से चिकना संपर्क मार्ग का नव निर्माण – 1.03 **करोड़**।
- आगापुर रोड से लक्ष्मीनगर मार्ग तक नव निर्माण – 1.12 **करोड़**।
- शिव मंदिर पंजाबनगर से विजईया तक मार्ग का नव निर्माण – 92.12 **लाख**।
- रामपुर शाहबाद मार्ग से पटवाई जौलपुर वाया नईमगंज मार्ग पर विशेष मरम्मत का कार्य – 20.30 **लाख**।
- रामपुर शाहबाद मार्ग से बकैनिया मिश्रिनगर मार्ग पर विशेष मरम्मत का कार्य – 24.35 **लाख**।
- रामपुर शाहबाद मार्ग से नारायणपुर मार्ग पर विशेष मरम्मत का कार्य – 10.75 **लाख**।
- पंजाबनगर जौलपुर मार्ग से मिलक निब्बी सिंह शिव मंदिर मार्ग पर विशेष मरम्मत का कार्य – 31.77 **लाख**।
- पंजाबनगर जौलपुर मार्ग से विजईया पर सीसी का कार्य – 30.07 **लाख**।
- पंजाबनगर जौलपुर मार्ग से रसूलपुर मार्ग पर पीसी एवं सीसी का कार्य – 32.15 **लाख**।
- बीसरा मंढोली मार्ग पर शेष भाग का कार्य – 32.07 **लाख**।

## यातायात नियमों की शपथ के साथ सड़क सुरक्षा माह का समापन

# नियमों का करेंगे पालन, सड़क पर सुरक्षा हम सबकी जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



कार्यक्रम में बोलते शहर विधायक आकाश सक्सेना। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उप संभागीय परिवहन कार्यालय पनवडिया (हुनर हॉट) में सड़क सुरक्षा माह के समापन समारोह का आयोजन हुआ। मुख्यातिथि सदर विधायक आकाश सक्सेना, विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने छात्रों को सम्मानित किया।

16 जनवरी से 31 जनवरी तक परिवहन विभाग द्वारा जागरुकता कार्यक्रम के तहत सभी स्टैक होल्डरों, स्काउट गाइड, एनसीसी के माध्यम से चालकों को जागरूक किया गया। नेत्र परीक्षण कराया और व्यापार मंडल के पदाधिकारियों की बैठक व गोष्ठी की गई। पेट्रोल पंप पर नो हेलमेट, नो फ्यूल का अभियान चलाया गया। रिफ्लेक्टर टेप लगाये गए। ग्राम प्रधानों के साथ गांव-गांव में सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान चलाया गया। होर्डिंग एवं पम्पलेटों, के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया गया। एमबी एक्ट के तहत यातायात कार्रवाई भी की गई। जिसमें परिवहन विभाग द्वारा हेलमेट के 1030, सीट बेल्ट 340, मोबाइल 217, नशे 17, ओवर स्पीड 275, ओवर लोडिंग 70, रॉग साइड 204, अवैध पार्किंग 130, ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन 92. एचएसआरपी 115. बिना फिटनेस 80 के चालान किये गए। विचार रख लोगों को जागरूक किया गया।

यातायात माह का समापन में जनप्रतिनिधियों एवं समस्त स्टैक होल्डर, समाज सेवी, व्यापार मंडल एवं छात्र-छात्राओं की ओर से सड़क सुरक्षा की शपथ के साथ समापन किया गया।

इस दौरान सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन व प्रवर्तन) यात्रीकर व मालकर अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, उच्च माध्यमिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, अधिशासी अभियंता निर्माण खंड, लोक निर्माण विभाग, प्रोजेक्ट मैनेजर एनएचआई-87, एआरएम एवं व्यापार मंडल के अध्यक्ष संदीप सोनी, समस्त स्टेक होल्डर, बस ऑपरेटर, ट्रक यूनियन, स्काउट गाइड, एनजीओ के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सक्सेना, समाज सेवी शामिल हुए। समारोह का संचालन तृप्ति महेर ने किया।

### छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह दिए

राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इम्पैक्ट कॉलेज, राजकीय पीजी कॉलेज, राजकीय महाविद्यालय रजा नगर स्वार, राजकीय जुल्फिकार कन्या इंटर कॉलेज, कन्या इंटर कॉलेज खारी कुआं, राजकीय रजा इंटर कॉलेज, राजकीय जुल्फिकार कन्या इ0का0 राजकीय इंटर कॉलेज सैजनी नानकार, व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल रामपुर उ0प्र0 के छात्र, छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से एवं भाषण, रील, चित्रकला के विजेताओं को प्रथम, द्वितीय, तृतीय, स्थान 49 छात्र–छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह दिए गए।

## न्यूज ब्रीफ

### उर्स में उलेमाओं ने नातिया कलाम पेश किए

**बिलासपुर, अमृत विचार :** सैय्यद मेंहदी मियां के 22वें सालाना उर्स में उलेमाओं ने नातिया कलाम पेश कर महफिल–ए–समां को बांध दिया। शनिवार को गांव खौंदलपुर में हजरत की दरगाह पर सलाना उर्स मनाया गया। कुल शरीफ के बाद लंगर तकसीम किया गया। कार्यक्रम में मौजूद सैयद सलीम मियां ने हजरत की हयाते जिंदगी पर रोशनी डाली। सैयद नईम मियां, शोएब खान, सैय्यद जुबैर मियां, फैज़ मियां, सय्यद जावेद मियां, मोबीन साबरी ने व्यवस्था संभाली। मुफ्ती वली मोहम्मद, मौलाना अब्दुल कय्यूम, कारी अफ़रोज़ आलम आदि ने खिताब किया।

### चरन सिंह जिलाध्यक्ष सतपाल बने महामंत्री

**अमृत विचार, रामपुर :** उत्तर प्रदेश ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ का जिलाध्यक्ष चरन सिंह सैनी जबकि, जिला महामंत्री सतपाल वाल्मीकि को निर्विरोध चुना गया है। ब्लॉक सैदनगर परिसर में शनिवार को संगठन का चुनाव हुआ। मुरादाबाद के जिलाध्यक्ष को चुनाव अधिकारी बनाया गया था। अशोक बाबू को जिला कोषाध्यक्ष, जाकिर हुसैन को जिला संगठन मंत्री और प्रेम सिंह सैनी, जिला संप्रेक्षक निर्विरोध चुने गए हैं। कर्मचारियों ने उन्हें फूल मालाएं पहनाई।

# बजट से समाज के हर वर्ग की उम्मीदें बंधीं

## गृहणियां महंगाई कम होने की आस में, नौकरी पेशा को आयकर स्लैब बढ़ने पर टिकी निगाह

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** केंद्र सरकार का आम बजट आज आने की उम्मीद है, ऐसे में समाज के हर वर्ग की उम्मीद आम बजट से बंधी हैं। गृहणियां महंगाई कम होने की आस लगवाए हुए हैं। जबकि, नौकरी पेशा लोगों को आयकर का स्लैब बढ़ने की उम्मीद है।

जबकि युवा रोजगार के अवसर बढ़ाने की बाट जोह रहे हैं। यूपी 2027 का चुनावी बजट होने के कारण युवाओं को नौकरियां मिलने की आस बढ़ी हुई है। महंगाई की मार से आहत गृहणियों को महंगाई से कुछ राहत मिलने की आस बंधी है। घी-तेल समेट गरम मसालों और दालों के दाम आसमान छू रहे हैं। चावल की कीमतों में भी भारी उछाल है।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण महिला और महिलाओं के दर्द को अच्छी तरह समझ सकती हैं। गैस सिलेंडर की 875 रुपये की कीमतों से महंगाई में आग लगी हुई है। केंद्रीय वित्त मंत्री एक फरवरी को वित्त वर्ष 2026-27 का आम बजट पेश करेंगी। बाजार में महंगाई की आग से सर्वाधिक मध्यम वर्ग प्रभावित है। गरीब परिवारों को गेहूं, चावल, बाजरा और चना सरकारी राशन की दुकानों से मिल जाता है। जबकि, उच्च वर्ग को आटा, दाल, चावल की घटती-बढ़ती कीमतों से कोई फर्क नहीं पड़ता है।

बाजारों में खाद्यान्न के भाव पर नजर डालें तो आटा 34 रुपये किलो बिक रहा है। जबकि, तेल के दाम 160 रुपये प्रति किलो हैं। घी के दाम भी आसमान छू रहे हैं। पीली मिर्च आठ गुनी महंगी हुई है जबकि, लाल मिर्च चार गुनी महंगी हो गई है।


बजट में पुरानी पेंशन का प्रावधान करते हुए और इसी बजट सत्र में शिक्षकों को टीईटी मुक्ति देते हुए राहत देने का काम होना चाहिए। शिक्षकों को इनकम टैक्स से पूर्णत: मुक्त करें। खाद्य वस्तुओं की दरों को जीएसटी मुक्त करें ताकि, खाद्य वस्तुओं पर महंगाई कम हो। **– चरन सिंह**, शिक्षक नेता


महंगाई की मार से गृहणियों का बजट गड़बड़ा जाता है। केंद्र सरकार का बजट ऐसा होना चाहिए जिससे कि मध्यम वर्ग को लाभ मिले और रसोई का बजट नहीं गड़बड़ाए। क्योंकि केंद्रीय वित्त मंत्री स्वयं एक महिला हैं इसलिए महिलाओं का दर्द समझती हैं। – वीरांगना मांगलिक, गृहणी


सरकार द्वारा जो भी बजट पास किया जाए वह अच्छा ही होना चाहिए। ताकि लोगों को इसका पूरी तरह से लाभ मिल सके। लोग बजट को देखकर खुश हो सकें। महंगाई के चाबुक ने हर खासो–आम को दुखी कर दिया है। **– अपर्णा श्रीवास्तव**, गृहणी


बजट आम चुनाव से प्रभावित होगा क्योंकि 2026–27 का बजट है और 2027 में यूपी विधानसभा का चुनाव है। फिर भी बजट में मध्यम वर्ग के लिए राहत होना चाहिए। सरकार ने गरीबों के लिए तमाम योजनाएं चला रखी हैं। उनका सीधा लाभ पात्र को मिले **– महबूब पाशा**, एडवोकेट


बजट में कर्मचारियों की बुढ़ापे की लाठी पुरानी पेंशन बहाली के लिए एवं शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के मानदेय बढ़ाने के लिए भी बजट में राहत मिलने की उम्मीद है। पिछले बजट की अपेक्षा इस बजट में बेसिक शिक्षा के लिए बड़ा बजट मंजूर होना चाहिए। **– डॉ. राजवीर सिंह**, शिक्षक नेता


बाजार में महंगाई आसमान छू रही हैं गैस सिलेंडर के दाम 875 रुपये तक पहुंच गए हैं। लौंग, काली मिर्च, हरी इलायची, जावित्री समेत तमाम मसाले 1000 रुपये किलो हो गए हैं। बजट आम आदमी को राहत देने वाला होना चाहिए। **– मोहम्मद रहमान**, एडवोकेट


विश्व के बदलते परिवेश में सरकार को भी एमएसएमई से देश की प्रगति के लिए काफी आशाएं है। एमएसएमई को आय कर के स्लैब में 10 प्रतिशत की कमी, सस्ते ब्याज दर, बैंको के ऋण संबंधी कठोर नियम, घटती बढ़ती रेपो रेट से छुटकारे की आवश्यकता है। – श्रीष गुप्ता, उद्यमी


सस्ती औद्योगिक भूमि एवं सस्ती बिजली की आवश्यकता है। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए सरकारी नियम कानूनों में और अधिक रियायतों की आवश्यकता है। जीएसटी को और अधिक युक्तिसंगत बनाने की जरूरत है। **– संदीप सोनी**, राष्ट्रीय अध्यक्ष, उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल

# बंजर भूमि बनेगी उपजाऊ गोवंश को मिलेगा हरा चारा


बंजर भूमि जोतता ट्रैक्टर चालक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- जिलाधिकारी के निर्देश पर शाहबाद में हो रहा जुताई कार्य

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देश पर विकास खंड शाहबाद क्षेत्र में बंजर और खाली पड़ी भूमि को उपयोगी बनाने की ओर कदम बढ़ा दिए हैं। हरित क्षेत्र में परिवर्तित करने तथा गोवंशों के लिए पर्याप्त हरे चारे के लिए एक सराहनीय पहल की गई है।

उपजिलाधिकारी शाहबाद द्वारा नगर पंचायत शाहबाद क्षेत्र में लगभग 250 बीघा भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। कब्जा-मुक्त कराई गई भूमि पर डीएम के निर्देशों के अनुपालन में खंड विकास अधिकारी शाहबाद द्वारा 30 जनवरी को प्रथम चरण में लगभग 40 बीघा भूमि में हरे चारे चरई की बुवाई कराई गई है। शेष अवशिष्ट भूमि पर भी चरणबद्ध तरीके से हरे चारे चरई की बुवाई का कार्य प्रगति पर है, जिसे शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा। इस पहल से जहां एक ओर वर्षों से अनुपयोगी पड़ी भूमि हरित क्षेत्र में परिवर्तित होकर पर्यावरण संरक्षण एवं ग्रामीण सौंदर्य को बढ़ावा देगी, वहीं दूसरी ओर विकास खंड शाहबाद में संचालित कुल 3 गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों के लिए नियमित पर्याप्त मात्रा में हरा चारा उपलब्ध हो सकेगा।

# उत्कृष्ट कार्य वाले 8 बीएलओ होंगे सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावलियों का वृहद पुनरीक्षण-2026 के तहत ई-बीएलओ ऐप पर 50 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं की एंट्री किये जाने वाले 8 बीएलओ को सम्मान के रूप में प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

प्रभारी अधिकारी जिला निर्वाचन कार्यालय पंचायत एवं नगर निकाय डॉ. नितिन मदान ने बताया कि आयोग के लिए निर्णय के अनुसार जिले में ई-बीएलओ एप उत्कृष्ट कार्य करने वाले 8 बीएलओ को कुल 39000 रुपये की प्रोत्साहन राशि जाएगी। उन्होंने बताया कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ में विकास खंड शाहबाद के ग्राम पंचायत बड़ागांव महेंद्र पाल सिंह सर्वोच्च बीएलओ में प्रथम रहे। उन्हे 10,000 रुपये, विकास खंड स्वार के ग्राम पंचायत समोदिया दीपांशु सैनी द्वितीय स्थान 8000 रुपये, विकास खंड बिलासपुर के ग्राम पंचायत महेशपुरा जय प्रकाश को तृतीय स्थान 8000 रुपये की प्रोत्साहन धनराशि दी जाएगी। इसके अलावा विकास खंड सैदनगर के ग्राम पंचायत लालपुर कला नंद किशोर, विकास खंड शाहबाद के ग्राम पंचायत मदारपुर राम प्रसाद, विकास खंड स्वार के ग्राम पंचायत लोधीपुर नायक रविंद्र कुमार, विकास खंड शाहबाद के ग्राम टांडा विजय कुमार और विकास खंड स्वार के ग्राम पंचायत लखीमपुर मुस्तकीम अहमद को सांत्वना के रूप में 3000-3000 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

### अशुद्धियों को ठीक कराने के लिए किए आवेदन



**टांडा, अमृत विचार :** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार शनिवार को विधानसभा निर्वाचन नामावली के विशेष पुनरीक्षण अभियान में मुख्य रूप से उन युवाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया जिन्होंने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है। साथ ही मतदाता सूची में नाम शामिल कराने, अशुद्धियों को ठीक कराने और स्थानांतरण के लिए आवेदन प्राप्त हुए, इस दौरान वार्ड नंबर 07 स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय टांडा के बूथ संख्या 278 और 279 पर सुबह से ही मतदाताओं का आवागमन बना रहा। नया वोट बनवाने के लिए फॉर्म 6, नाम कटवाने या आपत्ति दर्ज कराने फॉर्म 7, नाम, पता, फोटो या अन्य सुधार व स्थानांतरण के लिए फॉर्म 8 भरा गया। निरीक्षण और कार्यों के संपादन के दौरान मुख्य रूप से सुपरवाइजर अब्दुल रउफ, बीएलओ ऊषा देवी मौजूद रहे। व्यवस्थाओं में सहयोग के लिए अध्यापक मो. सईद सागर, सईदुज्जफर रहमानी और रशाना वारिस भी उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय युवा क्रांति मोर्चा की कार्यकारिणी का नवीनीकरण

**मिलक, अमृत विचार :** शनिवार को राष्ट्रीय युवा क्रांति मोर्चा की कार्यकारिणी का नवीनीकरण किया गया। इस दौरान बैठक में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों की घोषणा की गई।

नवीनीकरण में नलिन सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष, अमित श्रीवास्तव को प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व दोबारा सौंपा गया है वहीं विकास गुर्जर को पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी, प्रवक्ता क्रांति शेखर सारंग, महिला प्रकोष्ठ के प्रांतीय संयोजक पद पर रेखा गंगवार, सौरभ गोस्वामी को प्रदेश प्रचार मंत्री और अभिषेक गंगवार को कार्यालय प्रभारी बनाया गया है। इस दौरान सभी नवनियुक्त एवं पुनर्नियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और युवाओं को संगठित कर सामाजिक व राष्ट्रहित के कार्यों को और गति देने की शपथ ली।

# विधानसभा के पात्र मतदाता मताधिकार से न रहें वंचित

- बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र के गांवों में आयोजित मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम में बोले कृषि राज्यमंत्री

संवाददाता, बिलासपुर


मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम में बोलते राज्यमंत्री औलख। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शनिवार को बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव धनौरा, डिबडिबा, सुभाषनगर, मानपुर ओझा में मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम हुआ। इसमें कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा कि विधानसभा के पात्र मतदाता मताधिकार से वंचित न रहे।

उन्होंने कहा कि इस समय चुनाव आयोग द्वारा मतदाता पुनरीक्षण जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने पात्र नागरिकों से फार्म-6 भरने की अपील करते हुए कहा कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके प्रत्येक योग्य युवक-युवती का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है। उनका कहना था कि विधानसभा क्षेत्र में एक भी पात्र मतदाता मताधिकार से वंचित न रहे, यह प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विधान सभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं को त्रुटिरहित बनाने एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया गया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, तहसीलदार शिवकुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

**विभिन्न बूथों पर भी चलाया गया अभियान : बिलासपुर।** शनिवार को तहसील में सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मतदाताओं को भेजे गए नोटिसों की सुनवाई की गई। एईआरओ बनाए गए विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता कर्मवीर सिंह, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/ नायब तहसीलदार अंकुर अंतल ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के 15 हजार से अधिक मतदाताओं को एसआईआर के तहत नोटिस भेजे गए थे। इनमें से लगभग चार हजार नोटिसों की सुनवाई व जांच के बाद उन्हें ड्राफ्ट सूची में अपडेट कर दिया गया है।

सुनवाई का काम 27 फरवरी तक चलेगा। वहीं दूसरी ओर पुनरीक्षण के तहत विभिन्न बूथों पर भी अभियान चलाया गया। सभासद मोहसिन खां ने बताया कि वह अपने वार्ड के नए मतदाताओं के फार्म छह भरवाने आए हैं। बीएलओ ने बताया कि बूथ पर आने वाले प्रत्येक मतदाता को संतुष्ट करके भेजा जा रहा है, ताकि पारदर्शिता बनी रहे।



## न्यूज ब्रीफ

### बिलासपुर में एजुकेशन व करियर फेयर आज

**रामपुर, अमृत विचार :** एस्पायर-360 नेक्स्ट स्टेप एजुकेशन और करियर फेयर कार्यक्रम आज बिलासपुर के एपेक्स ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में होगा। सीएंडसी मीडिया की निदेशक डॉ. उज्मा कमर ने बताया कि तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। माता-पिता जिन्हें बच्चों के स्कूल का चयन करना है, यहां आ सकते हैं। करियर काउंसलिंग भी होगी, एग्जाम सपोर्ट पर भी बात की जायेगी। दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक फेयर लगाया जाएगा।

### प्रयोगात्मक परीक्षा हरि इंटर कॉलेज में कल से

**रामपुर, अमृत विचार :** गांधी समाधि समीप स्थित श्री हरि इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट छात्रों की जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 2 फरवरी से शुरू होंगी। कार्यवाहक प्रधानाचार्य ने बताया कि जीव विज्ञान 2, भौतिक विज्ञान 3 और रसायन विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा 4 फरवरी को होंगी। वहीं हाईस्कूल की शारीरिक-नैतिक शिक्षा की लिखित एवं प्रयोगात्मक परीक्षा 2 को सुबह 10 बजे से होगी। जबकि इंटर की शारीरिक-नैतिक शिक्षा की लिखित एवं प्रयोगात्मक परीक्षा 5 को सुबह 10 से होंगी।

### कब्रिस्तान के खराब रास्ते की वीडियो वायरल

**सैफनी, अमृत विचार :** नगर के गुलाबनगर मोहल्ले के कब्रिस्तान के खराब रास्ते की वीडियो वायरल की गई। जिसमें व्यवस्था की कमी को उजागर किया गया था। इसका संज्ञान लेते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष फैजान खान ने कब्रिस्तान की स्थिति को सुधारने के लिए नगर पंचायत के अधिकारियों को निर्देश दिए। कब्रिस्तान की जमीन की सफाई, बाउंड्री और आवश्यक व्यवस्थाएं जल्द से जल्द पूरी की जाएं। कहा कि अगर कहीं कोई कमी है तो उसे समय रहते सुधार लिया जाएगा ताकि शिकायतें न उठें।

### महंत के साथ मारपीट में चार पर रिपोर्ट दर्ज

**सैफनी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के धनौरा गांव निवासी दरियाव सिंह गिरी पुत्र छुट्टन सिंह ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि वह मंदिर में महंत है। 26 जनवरी की सुबह 9 बजे वह घर पर अकेला था। आरोप है कि इसी दौरान उसके गांव के राजेंद्र के पुत्र गौतम, कुंवरपाल व छोटा भाई और उसकी पत्नी गाली-गलौज करते हुए घर में घुस आए और लाठी डंडों से उसके बाल पकड़कर मारपीट की। पुलिस ने दी गई तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# बार काउंसिल के चुनाव में 81.77 प्रतिशत मतदान, 574 वोट पड़े

## दूसरे दिन कम रहा आंकड़ा, 1531 मतदाताओं में 1252 ने किया मत का प्रयोग

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के चुनाव में 81.77 प्रतिशत मतदान हुआ। दो दिन चली चुनाव प्रक्रिया में 1531 वोट के सापेक्ष 1252 वोट पड़े। पहले दिन शुक्रवार को 678, जबकि शनिवार को 574 वोट डाले गए जबकि, 279 मतदाताओं ने मतदान नहीं किया। मतदाताओं को रिझाने के लिए प्रत्याशियों ने कचहरी परिसर को बैनर और पोस्टरों से पाट दिया था। सुरक्षा के मद्देनजर जिला कचहरी परिसर में भारी पुलिस बल तैनात रहा।

मतदान करने के लिए जिला सत्र न्यायालय परिसर में सात बूथ बनाए गए थे। शनिवार को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक 574 मतदाताओं ने मतदान किया। बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के चुनाव में 333 प्रत्याशी चुनावी दंगल में ताल ठोक रहे हैं। जिसमें 25 क्रम तक वरीयता दी गई।



मतदान के लिए कतार में खड़े मतदाता। ● अमृत विचार

शनिवार को शुक्रवार के मुकाबले मतदान कम हुआ। हालांकि, कचहरी परिसर में प्रत्याशियों के स्टॉल लगे हुए थे। मतदाता स्टॉल पर पहुंचकर मतदाता सूची में अपने-अपने नाम ढूंढ रहे थे। नाम और नंबर मिलने के बाद वह मतदाताओं की कतार में खड़े हो जाते थे। शनिवार को अपराह्न 2 बजे शिरीष मेहरोत्रा के पक्ष में मतदाताओं ने जुलूस निकाल दिया और मतदाताओं से शिरीष मेहरोत्रा के पक्ष में मतदान करने के लिए जोरदार नारेबाजी की। रामपुर लायर्स एसोसिएशन के महासचिव डॉ. वैष्णो

> बार काउंसलिंग ऑफ उत्तर प्रदेश चुनाव दो दिन शुक्रवार और शनिवार को शांतिपूर्वक निपट गया है। पहले दिन 44.28 प्रतिशत जबकि, शनिवार को 37.49 प्रतिशत मतदान हुआ। दोनों दिन में कुल 81.77 प्रतिशत मतदान हुआ है। **– अजय कुमार दीक्षित, चुनाव अधिकारी एडीजे प्रथम**

दत्त शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को 678 मतदाताओं ने मतदान किया था जबकि, शनिवार को 574 मतदाताओं ने मतदान किया। दोनों दिन में 1531 के सापेक्ष 1252 वोट पड़े जबकि, 279 मतदाताओं ने मतदान नहीं किया। दो दिन में कुल 81.77 प्रतिशत मतदान हुआ। चुनाव प्रक्रिया शाम 5 बजे थम गई।

### बार काउंसिल के चुनाव की एक साल में पूरी होगी मतगणना

बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के चुनाव की मतगणना करीब एक वर्ष में पूरी होगी। वरिष्ठ अधिवक्ता धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश के जिलों में अलग-अलग तारीखों में मतदान कराया जा रहा है। यूपी में मतदान निपटने के बाद मतगणना शुरू होगी जोकि, करीब एक वर्ष तक चलेगी। बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के चुनाव में 333 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। प्रथम वरीयता वाले 25 प्रत्याशियों को विजय मिलेगी। विजयी प्रत्याशी अपना अध्यक्ष चुनेंगे। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष समेत चुनी हुई कार्यकारिणी बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के प्रयागराज स्थित कार्यालय में अधिवक्ताओं से संबंधित मामलों का निस्तारण करेगी।

## पान दरीबा से जामा मस्जिद तक सड़क बदहाल

**रामपुर, अमृत विचार:** पान दरीबा से जामा मस्जिद तक बदहाल सड़क से लोग परेशान हैं। शनिवार को सराफा कमेटी के अध्यक्ष अंशुल रस्तोगी ने कहा कि पालिका अधिकारियों ने पान दरीबा से जामा मस्जिद तक इंटरलॉकिंग सड़क को हटवा दिया है। जिसके कारण दिल के मरीजों को आते-जाते जान पर बन आती है।

उन्होंने कहा कि पालिका अधिकारियों ने इंटरलॉकिंग सड़क उखड़वाते समय आश्वासन दिया था कि डामर सड़क बनवाई जाएगी। लेकिन, सड़क नहीं बनी है। शनिवार को सर्राफा कमेटी के पदाधिकारी सड़क पर उतर आए और पालिका अधिकारियों से सड़क बनवाए जाने की मांग की। कहा कि पान दरीबा से जामा मस्जिद के सामने तक इंटरलॉकिंग सड़क करीब सात माह पूर्व पालिका अधिकारियों ने उखड़वा दी। दुकानदारों को आश्वासन दिया था कि नवंबर-दिसंबर तक डामर से निर्माण होगा। लेकिन, निर्माण नहीं कराया गया है। मामूली बारिश होने पर उधड़ी हुई सड़क पर जलभराव हो जाता है। इस मौके पर चंद्र प्रकाश रस्तोगी, विवेक अग्रवाल, निक्की रस्तोगी, विनीत अग्रवाल, विवेक रस्तोगी, विशाल रस्तोगी मौजूद रहे।

## बदलाव की सोच के साथ शिक्षा को बढ़ावा देने का लिया संकल्प



वार्षिकोत्सव में प्रस्तुति देतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

**संवाददाता, टांडा**

● **सनराइज इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव आयोजित**

**अमृत विचार:** नगर के सनराइज इंटर कॉलेज में शनिवार को वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्रबंधक सरताज जहां रहमानी ने की, जबकि मंच संचालन मोहम्मद उवैस इकराम द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ नात-ए-पाक से हुआ। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, नज़्म और कलाम पेश कर दर्शकों का मन मोह लिया। अलनिदा ग्रुप ने दहेज एक लानत विषय पर एक मर्मस्पर्शी नाटक प्रस्तुत किया जिसकी अभिभावकों ने काफी सराहना की। शिफा रहमान ने माता-पिता के अधिकार पर रोशनी डाली। कार्यक्रम के अंत में आसिफा ग्रुप द्वारा भावपूर्ण विदाई तराना पेश किया गया। कॉलेज की प्रबंधक सरताज जहां रहमानी ने कहा कि कॉलेज की स्थापना के समय से ही वह घर-घर जाकर बच्चियों को शिक्षा से जोड़ने का प्रयास कर रही हैं। प्रधानाचार्य निहादुज्जफर रहमानी ने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए बताया कि 18 फरवरी से बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे पूरा ध्यान केवल शिक्षा पर केंद्रित करें। समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज अध्यक्ष मोहम्मद इकराम, मोहम्मद उवैस, मोहम्मद हाशिम, मोहम्मद इरफान, कारी अजहर, नाजिया परवीन, अफीफा रहमानी, ज़ाकिर अली, दीपू सिंह, सौरभ सिंह, राजेश सिंह, शोएब आलम और राशिद अली सहित अभिभावक उपस्थित रहे।

## रविदास ने दिया अंधविश्वास से बचने का संदेश

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

● **घाटमपुर कंपोजिट विद्यालय में संत रविदास जयंती मनाई**

**अमृत विचार:** शनिवार को कंपोजिट स्कूल घाटमपुर संत शिरोमणि श्री रविदास जी को शिक्षकों व बच्चों ने नमन किया। रविवार को संत रविदास की जयंती मनाई जाएगी।

शिक्षकों ने छात्रों को बताया कि गुरु रविदास (रैदास) का जन्म काशी में माघ पूर्णिमा दिन रविवार को संवत 1337 को हुआ था। वो मध्यकाल के भारतीय संत कवि सतगुरु थे। इन्हें संत शिरोमणि संत गुरु की उपाधि दी गई है। इन्होंने जनमानस को धार्मिक अंधविश्वास और आडंबर से दूर रहने का संदेश दिया। कहा कि अगर मन पवित्र है तो गंगा में भी स्नान की आवश्यकता नहीं है। 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' इनकी प्रसिद्ध उक्ति है। उनके रचे गए कुछ भजन सिख लोगों के पवित्र ग्रंथ गुरु ग्रंथ साहिब में भी शामिल हैं। इन्होंने जात पात का घोर खंडन किया और आत्मज्ञान का मार्ग दिखाया। गुरु ग्रन्थ साहिब में इनके 41 पद है जो इनके ही 16 रागों मे संकलित है। इनका पहला राग गुरु ग्रन्थ साहिब मे सिरीराग है जो 93 अंग पर है। इस दौरान नाजिम अली, मुजाहिद खान, चिरंजीव गुड्डू, नसरीन बी, सीमा गौहर, रजिया बेगम, मलखान सिंह, रजनी गुप्ता, शविस्ता नैयर, शाजिया बी, शहनाज़ फातिमा आदि मौजूद रहे।



संत शिरोमणि श्री रविदास जी को नमन करते बच्चे। ● अमृत विचार

## बोलेरो ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, गंभीर

**मसवासी, अमृत विचार:** शुक्रवार की रात दस बजे गांव मिलक नोखरीद निवासी रवि पुत्र करण सिंह, गौरव पुत्र देवी शरण काशीपुर से सामान लेकर बाइक से घर लौट रहे थे।

मिलक नौखारीद सुल्तानपुर पट्टी अंडरपास के पास बाजपुर दिशा की ओर से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो कार ने उन्हें रौंद दिया जिससे उनकी हालत मरणासन्न हो गई दुर्घटना होते ही मार्ग पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायलों को काशीपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां दोनों की हालत नाजुक बनी हुई है। दुर्घटना की रिपोर्ट अभी दर्ज नहीं कराई गई है।

बोलेरो चालक को सुपुर्दगी में दिया गया है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## लक्ष्य पाने के लिए रखें बड़ा दृष्टिकोण

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

● **राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित वार्षिकोत्सव में बोले प्रधानाचार्य**

**अमृत विचार:** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नौगवां में शनिवार को हुए वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही और पुरस्कार वितरण हुआ। मुख्य अतिथि राजकीय हामिद इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. अरविंद कुमार गौतम ने कहा कि लक्ष्य को पाने के लिए दृष्टिकोण बड़ा ही स्पष्ट एवं अटूट विश्वास होना चाहिए।

इससे पूर्व मुख्यातिथि ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि छोटी सी भी लापरवाही भविष्य के साथ बड़ा नुकसान कर सकती है इसलिए हमें संस्कारों को ध्यान में रखते हुए पूर्ण निष्ठा के साथ आगे बढ़ने का अवसर नहीं खोना चाहिए।



राजकीय हामिद इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग।

प्रधानाचार्य रामचंद्र श्रीवास्तव ने ऐसे कार्यक्रमों से समाज के हर स्तर के बच्चों को प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है।

विद्यालय में संचालित यूथ एवं इको क्लब, विज्ञान एवं गणित क्लब, संविधान दिवस, पटेल जयंती, पर्यावरण संरक्षण, धूम्रपान निषेध, यातायात क्लब आदि से संबंधित विविध प्रकार की प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मुख्यातिथि ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम प्रभारी वर्षा शर्मा, रीना देवी, प्रिंस कुमार, मुकेश कुमार, सोनू सागर आदि मौजूद रहे। संचालन अवधेश कुमार ने किया।

## अतिक्रमण के चलते नैनीताल हाईवे पर दिनभर जाम से जूझते रहे वाहन सवार

**संवाददाता, बिलासपुर**

● **बिलासपुर में नैनीताल हाईवे पर घंटों लगा जाम**

**अमृत विचार :** शनिवार की साप्ताहिक पैठ के चलते वाहनों का अधिक दबाव होने तथा अतिक्रमण के चलते हाईवे पर दिनभर जाम लगा रहा। जिससे पर्यटकों व नगरवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। बाद में पुलिस द्वारा जाम को जैसे-तैसे खुलवाकर यातायात को सुचारू करवाया।

शनिवार को साप्ताहिक बाजार के दौरान वाहनों का दबाव होने के कारण नैनीताल हाईवे पर जाम लग गया। देखते ही देखते हाईवे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। साथ ही ई-रिक्शा, बाइक और कार चालकों द्वारा आगे निकलने की आपाधापी के दौरान वाहनों को आड़ा-तिरछा कर खड़ा कर दिया। जिससे भीषण जाम लग गया। शनिवार साप्ताहिक बाजार का मोड़, यूको बैंक, पटेल चौक और नगर के मुख्य चौराहे पर भीषण जाम लग रहा। जाम में बाइक सवार तो क्या पैदल यात्रियों का भी निकलना दूभर हो गया। जिसकी वजह से यात्रियों और नगरवासियों को परेशानियां हुई। कस्बा चौकी प्रभारी योगेश कुमार ने जाम खुलवाया गया। इसके बाद जाकर यातायात व्यवस्था सुचारू हो सकी। उधर, नगर में रोजाना अतिक्रमण की वजह से जाम की स्थिति बनी रहती है। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा



बिलासपुर में नैनीताल हाईवे पर लगे जाम में फंसे वाहन तथा लोग। ● अमृत विचार

## छुट्टा पशुओं का मुद्दा उठा

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

● **भाकियू (अराजनैतिक) की पंचायत में जुटे किसान**

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के जिला उपाध्यक्ष अवतार सिंह के नेतृत्व में शनिवार को तहसील स्वार के महुआ खेड़ा गांव में पंचायत हुई।

जिला उपाध्यक्ष सरदार अवतार सिंह ने कहा कि स्वार और बिलासपुर में पशु किसानों की फसल बर्बाद कर रहे हैं। किसानों पर हमला कर रहे है। बिलासपुर में विद्युत कर्मियों पर रोष व्यक्त किया। कहा कि समय पर बिल नहीं निकालते। गन्ने का भुगतान नहीं किया जा रहा है। 10 से ज्यादा किसानों को संगठन की सदस्यता भी दिलाई। इस मौके पर जिला कोषाध्यक्ष सुशील शर्मा, रियाज़ुल हसन, अहमद अली, नन्नू खां, हाजी खालील, अमीन खां, जितेंद्र सिंहे, दानिश सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।



भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की पंचायत में मौजूद किसान।

## सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को समारोह में दी विदाई



सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के साथ एसपी व एएसपी। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों के सम्मान में शनिवार को रिजर्व पुलिस लाईन में विदाई समारोह हुआ। सेवानिवृत्त होने पर पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र व अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने सप्रेम उपहार भेंट कर और फूलमाला पहनाकर ससम्मान विदाई दी।

सेवानिवृत्त होने वाले उप निरीक्षक नागरिक पुलिस चंद्रिका प्रसाद ग्राम नरौली भीखम देवरिया की प्रथम नियुक्ति पिथौरागढ़ उत्तराखंड में आरक्षी नागरिक पुलिस के पद पर नियुक्त हुए। रामपुर सहित 8 जिलों में अपनी सेवाएं दीं। 2016 को मुख्य आरक्षी व 2021 में उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर पदोन्नती प्राप्त की। सेवा काल में 15 नगद पुरस्कार एवं 25 उत्तम प्रविष्टि प्रदान किए गए। वहीं उप निरीक्षक रामकुमार सिंह निवासी वन्नूमियां कॉलोनी फाजलपुर रोहटा मेरठ प्रथम नियुक्ति रिजर्व पुलिस लाइन मुरादाबाद में आरक्षी नागरिक पुलिस के पद पर हुई। रामपुर सहित 7 जिलों में अपनी सेवाएं दीं, 2016 में उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर पदोन्नती प्राप्त की। सेवाकाल में 27 नगद पुरस्कार और 10 उत्तम प्रविष्टि प्रदान की गई है।

## अटल आवासीय विद्यालय में बच्चों को दिलाएं प्रवेश

**रामपुर, अमृत विचार:** सहायक श्रमायुक्त राजकुमार ने बताया कि अटल आवासीय विद्यालय पीपली बिलारी मुरादाबाद में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं निराश्रितों के बच्चों का शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6 में उपलब्ध 160 सीट जिसमें 80 बालक व 80 बालिकाओं को प्रवेश दिलाया जा सकता है।

कक्षा 9 में 66 सीट में 32 बालक और 34 बालिकाओं के लिए ऑफलाइन आवेदन किसी भी कार्य दिवस में 15 फरवरी तक जमा किए जा सकते हैं। सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि आवेदन पत्र श्रम कार्यालय, जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय, बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय एवं खंड विकास अधिकारी कार्यालयों से निशुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र एवं बच्चे के तीन फोटो के साथ फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी है। सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि प्रवेश परीक्षा 8 मार्च को होगी।

## एएसपी व सीओ ने पैदल मार्च कर दिया जनसेवा का संदेश

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

● **महिला रिक्रूट आरक्षियों में अनुशासन बनाना था उद्देश्य**

**अमृत विचार:** अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह व क्षेत्राधिकारी लाइन के नेतृत्व में शनिवार को पुलिस लाइन से मोरी गेट, एकता चौकी, मंडी चौकी होते हुए पुनः पुलिस लाइन तक महिला रिक्रूट आरक्षियों के साथ पैदल मार्च निकाला गया।

पैदल मार्च का उद्देश्य महिला रिक्रूट आरक्षियों में अनुशासन, शारीरिक दक्षता, आत्मविश्वास एवं टीम भावना का विकास करना था। मार्च के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने कर्तव्यनिष्ठा, जनसेवा एवं संयम बनाए रखने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए।



महिला रिक्रूट के साथ पैदल मार्च निकालते एएसपी। ● अमृत विचार

## न्यूज डायरी



### सैफनी पुलिस ने 11 मोबाइल किए बरामद, स्वामियों को सौंपे

**रामपुर, अमृत विचार :** थाना सैफनी क्षेत्र में गुम खोए हुए मोबाइलों की शिकायतों प्राप्त हुई थीं। पुलिस अधीक्षक द्वारा मोबाइल बरामदगी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से थाना सैफनी पुलिस ने 11 मोबाइल बरामद कर लिए हैं। मोबाइलों की कीमत करीब 4 लाख 30 हजार रुपये है। शनिवार को सभी स्वामियों को मोबाइल सौंपे गए तो उनके चेहरे खिल उठे। मोबाइल मालिकों ने रामपुर पुलिस का धन्यवाद किया। टीम में प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार मिश्रा, वरिष्ठ उप निरीक्षक सर्वेंद्र सिंह, कांस्टेबल सौरभ सैनी, कांस्टेबल नीरज कुमार शामिल रहे।



### कय्यूम सलमानी बने आसपा के युवा मोर्चा विधानसभा कोषाध्यक्ष

**मसवासी, अमृत विचार :** आजाद समाज पार्टी के नेता एवं वार्ड नंबर 8 से जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी शमशेर सिंह सोना गिल की अध्यक्षता में बैठक हुई। गांव धर्मपूर उत्तरी निवासी कय्यूम सलमानी को युवा मोर्चा का विधानसभा कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। विधानसभा क्षेत्र में अधिक से अधिक संख्या में लोगों को जोड़कर पार्टी को मजबूत बनाने का आह्वान किया। उनसे कर्मठ तरीके से कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की गई है। इस मौके पर शमशेर सिंह, सोना गिल वार्ड नंबर 8 से जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी विक्की बाठ, सरबजीत सिंह, गुरजीत सिंह युवा मोर्चा, जिला प्रभारी, नाजिम अंसारी जिला संगठन मंत्री शादाब अल्वी विधानसभा कोष अध्यक्ष, दानिश, सोनू सिंह, सौरभ आदि मौजूद रहे, ।



### हेलमेट लगाने व सीट बेल्ट लगाने की हिदायत दी

**शाहाबाद, अमृत विचार :** शनिवार को शाहबाद पुलिस द्वारा अभियान चलाकर यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान बाइक सवारों को हेलमेट लगाने व कार चालकों को सीट बेल्ट लगाने की हिदायत दी गई। सीओ देवकी नंदन ने बताया कि लोगों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करने के साथ आपातकालीन सेवा 112 में तैनात पीआरबी का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान पीआरवी पर तैनात कर्मचारियों से सूचना प्राप्त होने के बाद घटनास्थल तक पहुंचने में लगने वाले समय के संबंध में जानकारी ली गई। साथ ही वाहन में उपलब्ध एमडीटी, बॉडी प्रोटेक्टर, कैंसील्ड, क्राइम सीन प्रोटेक्शन किट और रेन बॉडी कवर आदि उपकरणों को चेक कर उनकी उपयोगिता के बारे में जानकारी ली। इसके अलावा वाहन पर मौजूद फर्स्ट एड बॉक्स में रखी दवाइयों और उनकी एक्सपायरी डेट की भी जांच की गई। साथ ही पूरे कस्बे में गश्त कर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



### समाज अपनी ताकत को पहचाने और खोई शक्ति हासिल करे

**बिलासपुर, अमृत विचार :** शनिवार को तुरैहा मछुआ समाज के शाखा अध्यक्ष बाल किशोर तुरैहा के आवास पर एक बैठक हुई। इसमें जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने कहा कि समाज अपनी ताकत को पहचाने और खोई ताकत हासिल करें। इसके सभी को एकजुट होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम के बाल शखा महाराजा निषाद राज की जयंती पर पहले की तरह अवकाश घोषित हो। जिससे समाज के लोग इस दिन होने वाले कार्यक्रम को मना सके। समाज अपनी ताकत को पहचान और खोई ताकत हासिल करें। जिलाध्यक्ष ने कहा कि शीघ्र ही महिला व युवा संगठन का गठन भी किया जाएगा। उन्होंने समाज के लोगों से अंधविश्वास, कुरीतियों, मृत्यु भोज बंद करने की अपील की। साथ ही शादियों में दहेज न लेने की भी अपील की। कहा कि एक फरवरी को जिला कार्यालय पर संत रविदास जयंती पर मासिक बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर राम सिंह तुरैहा, रामकिशोर तुरैहा, गोविंद राम, विनोद कुमार, अर्जुन कुमार, धर्म सिंह, अजय कुमार, अरविंद राज, पप्पू, रवि कुमार , राहुल कुमार तुरैहा, बीपी सिंह, प्रदीप कुमार, हरिशंकर, कमल मुन्ना लोग मौजूद रहे। संचालन शाखा अध्यक्ष बाल किशोर तुरैहा ने किया।

# विकास कार्यों में लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त

## प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने की विकास कार्यों की समीक्षा, अफसरों से कहा- योजनाओं का लाभ जनता को मिले

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार:** प्रभारी मंत्री केपी मलिक कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाए। जनहित से जुड़े मामलों का तत्काल निस्तारण किया जाना चाहिए।

शनिवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे वन, पर्यावरण राज्यमंत्री केपी मलिक की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्य की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। प्रभारी मंत्री ने पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाए जा रहे विशिष्ट अतिथिगृह के बारे में जानकारी प्राप्त की और उन्होंने निर्देश दिए कि वृक्षारोपण अवश्य किया जाये। अमरोहा कैलसा मार्ग से पाकबड़ा मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्धारित अवधि में पूर्ण करने के साथ सड़क के दोनों तरफ वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता जल निगम से कहा कि जनप्रतिनिधियों के पास जल निगम से संबंधित शिकायत आ रही हैं, इसलिए कार्यों में तेजी लाई जाए।



बच्ची से जानकारी करते प्रभारी मंत्री केपी मलिक। ● अमृत विचार



समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते प्रभारी मंत्री केपी मलिक। ● अमृत विचार

### कंप्यूटर लैब और बाल वाटिका का उद्घाटन

अमरोहा, अमृत विचार : प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय पचोकरा में कंप्यूटर लैब और बाल वाटिका का फीता काटकर उद्घाटन भी किया। कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। इनमें से कोई आगे चलकर डॉक्टर इंजीनियर, वैज्ञानिक बनेगा, इसलिए अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा, संस्कार और तहजीब दें। मंत्री ने बच्चों से संवाद कर मेहनत और लगन से पढ़ने के लिए प्रेरित किया। शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लो ने कहा कि सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में मूलभूत परिवर्तन किए हैं। बेसिक में कायाकल्प कर विद्यालयों को सुविधाओं से लेस किया गया है। नकलविहीन परीक्षा कराने के साथ सभी मंडलों में यूनिवर्सिटी बनाने का कार्य किया है। कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है और और सभी को एक बेहतर वातावरण मिल रहा है।

### ग्राम चौपाल में प्रभारी मंत्री ने सुनीं समस्याएं

अमरोहा, अमृत विचार : प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने ग्राम पंचायत मुकारी में आयोजित ग्राम चौपाल में समस्याएं सुनीं। इससे पूर्व नव निर्मित तहसील अमरोहा के अनवासीय भवन का निरीक्षण किया। साफ-सफाई, वुडन पोलीस, स्ट्रीट लाईट पोल पर पेंटिंग एवं पैनल इत्यादि कार्य एक सप्ताह में पूर्ण कर क्रियाशील करने हेतु निर्देशित किया। चौपाल में ग्रामवासियों से कहा कि सभी योजनाओं का लाभ सीधे पात्र लाभार्थियों को मिल रहा है। कार्यक्रम में आयुष्मान कार्ड, आवास के लाभार्थी को चाबी, व्यक्तिगत शौचालय के लाभार्थी को स्वीकृति प्रमाण पत्र, उत्कृष्ट सफाई कर्मचारी को प्रशस्ति पत्र और ग्राम पंचायत लाइब्रेरी में पढ़कर सीआरपीएफ में चयनित सुहेब को सम्मानित किया। इसके साथ सीआईएफ के तहत समूह की महिलाओं को 1.5 लाख धनराशि के प्रमाण पत्र वितरण किए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आभा दत्त, जिला पंचायत राज अधिकारी पारुल सिसौदिया, जिला पूर्ति अधिकारी रीना कुमारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी पुनीत कुमार, शुभम चौधरी आदि रहे।

प्रभारी मंत्री ने विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए खराब ट्रांसफार्मर की बदलने की जानकारी और विद्युत की आपूर्ति, क्षमता वृद्धि, बिजली चोरी की शिकायत, लाईद लॉस आदि विभिन्न जानकारी लेकर अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को आवश्यक निर्देश दिए। डीएम निधि गुप्ता ने सभी ब्लॉक में शुरू किए गए आजीविका दीदी मार्ट की जानकारी प्रभारी मंत्री ने इस पहल की सराहना की गई। शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लो ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिव्यांगों के प्रमाण पत्र के बारे में आवश्यक निर्देश दिए। विधायक हसनपुर महेन्द्र सिंह खड़गवंशी, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द, मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) गरिमा सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी आदि सम्बंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खेत में चारा लेने गई महिला के कुंडल छीने

**अमरोहा, अमृत विचार:** खेत पर चारा लेने गई महिला से बाइक सवार तीन बदमाशों ने दिनदहाड़े कुंडल लूट लिए। उसने चीख पुकार की तो बदमाश भाग गए। महिला ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने मामले में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है।

यह घटना थाना रजबपुर क्षेत्र के गांव शकरपुर समसपुर की है। दरअसल शुक्रवार की शाम को गांव निवासी महिला बागड़पुर मार्ग पर खेत में चारा लेने गई थी। बाइक पर सवार होकर तीन बदमाश वहां पहुंचे और महिला के पास आकर बातों में उलझाते हुए दोनों कानों पर झपट्टा मारकर कुंडल खींच लिए। महिला ने हाथ में पकड़ी चारा काटने दराती से बचाव किया लेकिन आरोपी भाग निकले। घटना के मौके पर भीड़ जमा हो गई। पीड़िता ने डायल 112 को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मौका मुआयना किया। रजबपुर थाना प्रभारी कोमल तोमर ने बताया कि यह घटना संज्ञान में है। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की है। सीसीटीवी कैमरे से आरोपियों की पहचान की जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### यूजीसी बिल को लेकर किया प्रदर्शन

**हसनपुर, अमृत विचार :** यूजीसी बिल को लेकर त्यागी समाज में रोष व्याप्त है। समाज के लोगों ने केंद्र सरकार से बिल को रद्द करने की मांग की है। कहा कि यह कानून सवर्णों के हित में नहीं है। यह देश को बांटने का काम करेगा। शनिवार को नगर के रहरा बस स्टैंड चौराहा के निकट स्थित जेके नर्सिंग होम में त्यागी समाज के लोगों ने केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। कहा कि नया यूजीसी कानून युवाओं के भविष्य को अंधकार में ले जाने वाला है। राहुल त्यागी एडवोकेट, संजीव त्यागी, मनोज त्यागी, अमन त्यागी, अतुल त्यागी, आलोक त्यागी, पवन त्यागी, बबलू त्यागी, पुनीत त्यागी, रितेश त्यागी, रोबिन त्यागी आदि त्यागी समाज के लोग मौजूद रहे।

### फंदे पर लटका मिला विवाहिता का शव

**बिजनौर, अमृत विचार :** मंडावर थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर देवमल में उसे समय हड़कंप मच गया जब एक विवाहिता का शव फंदे से लटका पाया गया। मृतका के पिता द्वारा पति वह ससुराल पक्ष के अन्य सदस्यों के विरुद्ध हत्या किए जाने की तहरीर पुलिस को दी गई है। पुलिस क्षेत्राधिकारी संग्राम सिंह ने बताया कि मंडावर थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर देवमल निवासी अभिषेक की पत्नी दामिनी ने आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमैन हेतु भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर सुसंगत धारा में अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है।

### सभासदों ने अधिशासी अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**हसनपुर, अमृत विचार :** शनिवार को नगर पालिका परिषद के सभासदों द्वारा अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि आगामी 4 फरवरी को शबे बारात है। मुस्लिम भाई कब्रिस्तान एवं मस्जिदों में इबादत करते हैं। अतः नगर स्थित सभी मस्जिदों एवं कब्रिस्तान के आसपास सफाई, प्रकाश एवं चूने आदि की व्यवस्था कराई जाए। वहीं इसी के साथ उन्होंने शाह विलायत साहब की दरगाह एवं कब्रिस्तान पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रकाश एवं जलपान की व्यवस्था पालिका द्वारा कराई जाए। अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह द्वारा सभासदों को आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में शाहनवाज अंसारी, जावेद जरताब, मोहसिन अंसारी, हम्ज़ा अली, मुन्ना चौहान, नौशाद, नाजिम, जाहिद, गुड्डू आदि मौजूद है।

## विधायक ने तहसीलदार को बताई समस्याएं

- सपाइयों के साथ तहसीलदार से मिले विधायक कमाल अख्तर

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार:** क्षेत्र वासियों की समस्याओं को लेकर पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल तहसीलदार से मिला और उनके समस्त शिकायतें रख उनका समाधान जल्द से जल्द करने की मांग की।



तहसीलदार के सामने जन समस्याएं रखते कमाल अख्तर। ● अमृत विचार

शनिवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं कांठ विधायक कमाल अख्तर के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल तहसील कार्यालय में तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव से मिला और उनके समक्ष जनता की समस्याएं रखी। बताया कि इस समय क्षेत्र वासियों की सबसे बड़ी समस्या आपूर्ति विभाग से है, विभाग द्वारा क्षेत्र वासियों के नए राशन कार्ड नहीं बनाई जा रहे। न ही राशन कार्ड में नई यूनिट जोड़े जा रहे हैं जिससे जनता बहुत परेशान हैं। इसी के साथ उन्होंने क्षेत्र वासियों की अन्य समस्याओं से भी तहसीलदार को अवगत कराया। इसी के साथ उन्होंने कहा कि अगर जन समस्याओं पर अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया तो सपा का एक प्रतिनिधिमंडल उच्च अधिकारियों से मिलेगा। चंद्रपाल सैनी, आरिफ़ अख्तर, बदर कुरैशी, केशर परवेज़, युसूफ कुरैशी, कासीम मकरानी, विक्की अब्बास आदि मौजूद रहे।

## जल प्रदूषण को लेकर जारी रहा धरना, फूंका पुतला

- किसानों ने प्रशासन पर लगाया लापरवाही का आरोप

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों का शहबाजपुर डोर में शनिवार को भी प्रदूषण के खिलाफ धरना प्रदर्शन जारी रहा। इस दौरान प्रशासन की लापरवाही के विरोध में किसानों ने पुतला दहन किया।

पदाधिकारियों ने कहा कि नाईपुरा गांव में हैंडपंप और ट्यूबवेल से पीला, केमिकल युक्त जहरीला पानी निकल रहा है, जिससे कैंसर, दमा, श्वसन रोग जैसी गंभीर बीमारियां फैल रही हैं। फसलें बर्बाद हो रही हैं, पशु प्रभावित हैं। स्वच्छ पेयजल बुनियादी मानवाधिकार है, फिर भी यहां यह सपना बना हुआ है। फैक्ट्रियां रासायनिक अपशिष्ट से जलस्रोतों को जहर बना रही हैं। गौरतलब है कि कड़ाके की ठंड, कोहरे और विपरीत मौसम में भी 42 दिनों से अनशन जारी है। किसान नेता चौधरी चरणसिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ.गौतम लम्बरदार, प्रमुख सचिव अरुण सिद्धू, राष्ट्रीय सचिव चंद्रपाल सिंह, प्रदेशाध्यक्ष रामकृष्ण चौहान, प्रबुद्ध प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ.जयपाल सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रभारी एवं मंडलाध्यक्ष एहसान अली, सुरेंद्र सिंह प्रधान, अब्दुल राशिद, दिलशाद चौधरी, अमरजीत देओल, आसिफ चौधरी, ओम प्रकाश, होमपाल सिंह, असगर चौधरी, अब्दुल रहीम, मनोहर लाल, आलम चौधरी, हरिद्वारी सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



पुतला फूंकते किसान। ● अमृत विचार

## कैशलेस सुविधा का किया स्वागत



एक-दूसरे को मिठाई खिलाते शिक्षक। ● अमृत विचार

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार:** शनिवार को विकास क्षेत्र गंगेश्वरी के गुलामपुर में शिक्षकों ने कैशलैस चिकित्सा सुविधा की घोषणा पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यरत शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के हित में एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। सरकार की इस घोषणा से शिक्षकों, शिक्षा मित्रों, रसोइयां एवं अनुदेशकों में खुशी की लहर है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह ने कहा कि सरकार ने लंबे समय से चली आ रही मांगों को सुनकर बेसिक शिक्षा की नींव मजबूत करने वाले कर्मियों को सम्मान दिया है। शिक्षा मित्रों, रसोइयों और अनुदेशकों जैसे अल्प मानदेय वाले कर्मियों एवं उनके आश्रितों को लाभ देना सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाता। वरिष्ठ संकुल शिक्षक संजय सिंह, डॉ रमेश सिंह, अमित कुमार, सतेन्द्र सिंह, अजय सागर, संतराम सिंह, राशिद अली, विशम्बर सिंह, मनीष कुमार, रेनू कंसल आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## युवक को रोककर की मारपीट मोबाइल छीना

**गजरौला, अमृत विचार:** रास्ते में युवक को रोककर आरोपियों ने मारपीट कर घायल कर दिया तथा उसका मोबाइल छीनकर फरार हो गए। क्षेत्र के गांव मौहम्मदाबाद निवासी मोहम्मद शान पुत्र आरिफ 19 दिसंबर 2025 को अपने घर से किसी काम से गजरौला-मंडी धनौरा मार्ग स्थित कुमराला के पास आरोपियों ने मोहम्मद शान को किसी बात को लेकर रोककर मारपीट कर घायल कर दिया तथा उसका मोबाइल छीन लिया। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग दौड़े तो आरोपी युवक को जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि इस मामले में अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## त्योहारों पर नई परंपरा न डालने की अपील



अमन कमेटी की बैठक में उपस्थित अधिकारी एवं नगरवासी। ● अमृत विचार

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार:** कोतवाली में अमन कमेटी की एक बैठक में संत रविदास जयंती, शबे बारात, कांवड़ यात्रा और महाशिवरात्रि पर शांति की अपील की।

उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय एवं पुलिस क्षेत्राधिकार पंकज त्यागी ने कहा कि कि नई परंपरा नहीं डाली जाए। उन्होंने प्रशासन का सहयोग करने का आग्रह किया। बैठक में व्यापारियों द्वारा जाम की समस्या को उठाया गया। बैठक में एसडीएम हिमांशु उपाध्याय, सीओ पंकज त्यागी, प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह, अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह, मुकेश गुप्ता, अंकुर अग्रवाल, मनोज गोयल, संदीप गुप्ता, महेंद्र सिंह आर्य, देवेंद्र बैसला, राकेश अग्रवाल, विनोद भोज, अजय पाल, नरेश चौहान, विजय पारछा, तरुण अग्रवाल, शाहनवाज अंसारी, चमन अंसारी सहित काफी संख्या में नगर वासी मौजूद रहे।

## वाहन की चपेट में आए बाइक सवार तीन दोस्त, दो की मौत

- एक युवक गंभीर घायल, मेरठ रेफर किया गया

संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार:** हल्दौर थाना क्षेत्र में देर रात बाइक सवार तीन दोस्तों को अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने रौंद दिया। इस भीषण दुर्घटना में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसा गोल बाग के पास रात लगभग नौ बजे हुआ। तीनों दोस्त एक ही बाइक पर सवार होकर कहीं जा रहे थे, तभी पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार तीनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया गया। चिकित्सकों ने धोमनपुर निवासी 21 वर्षीय अंकित कुमार पुत्र अशोक कुमार और गंगदासपुर निवासी 20 वर्षीय बलराम पुत्र करतार को मृत घोषित कर दिया। वहीं तीसरे युवक 22 वर्षीय सुनील पुत्र टिंकू की हालत नाजुक बनी हुई है। बलराम दिल्ली मेट्रो में कार्यरत था। उसकी बड़ी बहन शोभा की शादी आगामी 8 फरवरी को तय थी, जिसके चलते वह घर आया था और शादी के निमंत्रण पत्र बांट रहा था। अंकित कुमार सैलून का कार्य करता था। दोनों युवकों की मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।


# कार्यालयः सम्भागीय खाद्य नियन्त्रक, मुरादाबाद सम्भाग, मुरादाबाद

पत्रांकः 3010/स्वी.अनु./परि.ई-निविदा/2026-27 दिनांक : 29 जनवरी, 2026

## गेहूं खरीद ई-टेण्डर विज्ञप्ति (परिवहन कार्य हेतु)

कार्यालय अपर आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग, उ.प्र., जवाहर भवन, लखनऊ के पत्रांक 5471/अ.आ.वि./र.वि.व.-02/2026-27 दिनांक 29 दिसम्बर, 2025 के साथ संलग्न शासनादेश सं. 380/29-5-2025/ई-2000859 दिनांक 24.12.2025 के द्वारा रबी विपणन वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अन्तर्गत गेहूँ खरीद हेतु जारी समय-सारणी के बिन्दु संख्या-12 में हैण्डलिंग/परिवहन ठेकेदारों की नियुक्ति ई-टेण्डरिंग माध्यम से किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है, जिसके निर्देशों के अनुपालन में मुरादाबाद सम्भाग में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अन्तर्गत खाद्य विभाग की विपणन शाखा के प्रस्तावित गेहूँ क्रय केन्द्रों पर हैण्डलिंग कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाइन- ई निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है। हैण्डलिंग कार्य हेतु निविदाएं पृथक-पृथक प्राप्त की जायेगी एवं अपर आयुक्त (विपणन) खाद्य तथा रसद विभाग, उ.प्र. जवाहर भवन लखनऊ के कार्यालय पत्रांक 3773/अ.वि.श./है.परि./परि.दर/359/2022 दिनांक 25.07.2023 के साथ संलग्न राज्य स्तरीय कमेटी (एस.एल.सी.) के कार्यवृत्त दिनांक 10.07.2023 व राज्य स्तरीय कमेटी (एस.एल.सी.) के कार्यवृत्त दिनांक 18.09.2024 एवं राज्य स्तरीय कमेटी (एस.एल.सी.) की नवीनतम बैठक में निर्गत कार्यवृत्त दिनांक 15.04.2025 के क्रम में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अन्तर्गत रबी विपणन वर्ष 2026-27 अन्तर्गत गेहूँ खरीद हेतु परिवहन कार्य के लिए ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाइन ई-निविदाएं आमंत्रित की जा रही है। मुरादाबाद सम्भाग में खाद्य विभाग की विपणन शाखा के प्रस्तावित गेहूँ क्रय केन्द्रों की केन्द्रवार संलग्न सूची के अनुसर जनपद मुरादाबाद में 03 नये गेहूँ क्रय केन्द्र व जनपद अमरोहा में 02 नये गेहूँ क्रय केन्द्र इस प्रकार सम्भाग में कुल प्रस्तावित 05 नये गेहूँ क्रय केन्द्रों से सम्बद्ध भा.ख.नि. डिपो तक परिवहन कार्य किये जाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रस्तावित क्रय केन्द्रों में से यदि किसी क्रय केन्द्र का चयन नहीं किया जाता है अथवा चयन के उपरान्त निरस्त किया जाता है, तो क्रय केन्द्र हेतु डाली गयी समस्त परिवहन की निविदाएं निरस्त समझी जायेंगी। गेहूँ के परिवहन कार्य हेतु निर्धारित निविदा प्रपत्र मूल्य धरोहर धनराशि निवदि विशिष्टीकरण निविदा खुलने की तिथि एवं अन्य सम्बन्धित जानकारी https://etender.up.nic.in से डाउनलोड की जा सकती है। बाजरा के परिवहन कार्य हेतु प्रत्येक केन्द्र पर निविदा प्रपत्र शुलक 500+90 (जी.एस.टी.)=590/- (मात्र पांच सौ नब्बे रूपये) एवं धरोहर धनराशि रू. 15000/- (मात्र पन्द्रह हजार रूपये) सम्भागीय वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी (खाद्य), मुरादाबाद के पदनाम से आर.टी.जी.एस.एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से सम्भागीय वरिष्ठ लेखाधिकारी (खाद्य), मुरादाबाद, सम्भाग मुरादाबाद के स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के खाता सं.-34446938072 एवं आई.एफ.एस.सी. कोड- SBIN0000682 में जमा किया जायेगा। परिवहन कार्य हेतु एस.एल.सी. द्वारा निर्गत एस.ओ.आर. दर से 10 प्रतिशत कम दर से अधिक कम दर की निविदाएं स्वीकार नहीं की जायेगी। आमंत्रित ई-निविदा में संलग्न सूची के अनुसार निविदादाता द्वारा प्रत्येक केन्द्र हेतु पृथक-पृथक निविदा प्रपत्र संलग्न किये जायेंगे तथा प्रत्येक केन्द्र के लिए प्रतिभाग करने हेतु अलग-अलग निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि के रिसीट/यू.टी.आर. की "स्कैन्ड कॉपी" ऑलाइन निविदा प्रपत्र के साथ निविदादाता द्वारा अपलोड की जायेगी।

निविदा प्रपत्र ऑनलाइन वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर दिनांक 29.01.2026 के प्रातः 11:00 बजे से दिनांक 05.02.2026 के पूर्वान्ह 11:00 तक अपलोड की जा सकेगी। टेक्निकल बिड दिनांक 05.02.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे तदर्थ गठित ई-निविदा समिति के द्वारा ऑनलाइन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड के प्रपत्रों की जांचोपरान्त इसमें अर्ह निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदा (फाइनेंशियल बिड) पर विचार किया जायेगा। तदोपरान्त वित्तीय निविदा निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, मुरादाबाद के पास सुरक्षित होगा।

निविदा की किसी भी शर्तों में परिवहन तथा शुद्धि पत्र आदि की सूचना केवल ई-टेण्डर वेबसाइट https://etender.up.nic.inपर उपलब्ध होंगे। अतः समस्त इच्छुक निविदादाता उक्त वेबसाइट को नियमित रूप से देखते रहें।

**सम्भागीय खाद्य नियन्त्रक,**
**मुरादाबाद सम्भाग, मुरादाबाद।**

अमृत विचार

मुरादाबाद, रविवार, 1 फरवरी 2026

संभल-चन्दौसी

## न्यूज ब्रीफ

### परीक्षा में अनियमितता का आरोप, डीएम से शिकायत

**चंदौसी।** शहर के मोहल्ला खुर्जा गेट निवासी ज्ञानप्रकाश शर्मा ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर अक्रूरजी कन्या इंटर कॉलेज में कक्षा 8 की गणित की वार्षिक परीक्षा में लापरवाही का आरोप लगाया है। शिकायत में बताया गया कि 30 जनवरी को आयोजित परीक्षा का समय दो घंटे निर्धारित था, लेकिन विद्यालय प्रशासन ने लगभग एक घंटे में ही परीक्षा समाप्त कर दी जिससे अधिकांश छात्राओं की परीक्षा अधूरी रह गई। छात्राओं का कहना है कि विद्यालय में किसी निजी कार्यक्रम के चलते ऐसा किया गया। शिकायतकर्ता ने कार्रवाई की मांग की है।

### काउंसलर ने 7 दंपती की कराई सुलह

**संभल, अमृत विचार:** शनिवार को पुलिस लाइन मंडी समिति बहजोई में पुलिस परिवार परामर्श सुलह-समझौता केंद्र की बैठक आयोजित की गई। बैठक केंद्र प्रभारी डॉ. रुकमपाल सिंह की देखरेख में संपन्न हुई। इस दौरान पति-पत्नी के आपसी विवादों पर कुल 87 पत्रावलियों की सुनवाई की गई। इनमें से 24 मामलों का सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण किया गया, जबकि 7 परिवारों में दोबारा मेल-मिलाप कराया गया। 15 पत्रावलियां आवेदकों द्वारा जोर न देने पर बंद की गईं तथा 2 मामलों में विधिक कार्रवाई की संस्तुति की गई।

### सांप को पकड़कर अस्पताल ले गए बुजुर्ग की मौत

**संभल, अमृत विचार:** जहरीले सांप ने एक बुजुर्ग को डस लिया। हैरान करने वाली बात यह रही कि सांप के डसने के बाद बुजुर्ग खुद ही सांप को पकड़कर प्लास्टिक के कट्टे में बंद कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुनावई पहुंच गया और डॉक्टर से जान बचाने की गुहार लगाई, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। हाथरस के रहने वाले विजयपाल सिंह शनिवार सुबह करीब 11 बजे साधुमणी आश्रम पर आयोजित माघ मेले में दर्शन और गंगा स्नान करने के लिए पहुंचे थे। दोपहर करीब 2 बजे गंगा स्नान के बाद जब वह आश्रम में दर्शन के लिए जा रहे थे, तभी जहरीले सांप ने उन्हें हाथ और पैर में डस लिया। विजयपाल सिंह ने सांप को पकड़कर प्लास्टिक के कट्टे में बंद किया और खुद ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुनावई पहुंच गए। उन्होंने डॉक्टर से कहा कि साहब, इसी सांप ने मुझे काटा है, मुझे बचा लीजिए। चिकित्सकों ने तत्काल इलाज शुरू किया, लेकिन उनकी मौत हो गई। थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान ने बताया कि परिजनों की तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बार काउंसिल चुनाव में 86 प्रतिशत मतदान

## शांतिपूर्ण ढंग से 1921 मतदाताओं में से 1666 ने डाले वोट, मतदान स्थलों पर पुलिस व आरआरएफ रही तैनात

- 333 प्रत्याशी में 25 प्रत्याशी उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के लिए निर्वाचित होंगे

कार्यालय संवाददाता, संभल


चंदौसी में बार काउंसिल चुनाव के लिए मतदान में हिस्सा लेते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश बार काउंसिल चुनाव के लिए संभल में शनिवार को दूसरे दिन भी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरों की निगरानी के बीच मतदान किया गया। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चले मतदान में अधिवक्ताओं ने उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जनपद में कुल 1921 मतदाताओं में से 1666 अधिवक्ताओं ने मतदान किया, जिससे मतदान प्रतिशत लगभग 86 रहा।

शुक्रवार व शनिवार दो दिनों में मतदान कराया गया। शुक्रवार को जनपद में 841 अधिवक्ताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया था, जबकि शनिवार को 825 अधिवक्ताओं ने मतदान किया। संभल तहसील में कुल 421 मतदाता थे, जिनमें शुक्रवार और शनिवार को मिलाकर 394 अधिवक्ताओं ने मतदान किया। चंदौसी में कुल 1224 मतदाता थे, जहां 1052 अधिवक्ताओं ने वोट डाले। वहीं गुन्नौर में कुल 276 मतदाताओं में से 220 अधिवक्ताओं ने मतदान किया। संभल कोतवाली क्षेत्र स्थित सिविल न्यायालय में पीठासीन अधिकारी न्यायाधीश ललित कुमार, चंदौसी जिला न्यायालय में न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह और गुन्नौर सिविल न्यायालय में न्यायाधीश नावेद अख्तर की देखरेख में मतदान प्रक्रिया संपन्न कराई गई। शनिवार शाम पांच बजे मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया।

मतदान के दौरान किसी तरह की कोई समस्या नहीं आई। अधिवक्ताओं ने शांतिपूर्ण तरीके से अपनी पसंद के प्रत्याशियों को वोट दिया। मतदान को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा। सुरक्षा के दृष्टिगत न्यायालय परिसरों में पुलिस बल के साथ आरआरएफ के जवान भी तैनात किए गए थे। उत्तर प्रदेश बार काउंसिल चुनाव में कुल 333 प्रत्याशी मैदान में हैं। मतगणना के बाद 25 प्रत्याशी उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के लिए निर्वाचित होंगे।

### चंदौसी में 536 अधिवक्ताओं ने किया मतदान

**चंदौसी, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के सदस्य चुनाव के तहत संभल जनपद के चंदौस स्थित जिला न्यायालय परिसर में शनिवार को दूसरे दिन का मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। निर्वाचन अधिकारी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह की देखरेख में मतदान सुबह 10 बजे शुरू होकर शाम 5 बजे तक चला। दूसरे दिन कुल 536 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जबकि पहले दिन 509 ने मतदान किया था। इस प्रकार कुल 1252 अधिवक्ताओं में से 1045 ने मतदान कर अपनी सहभागिता निभाई। प्रत्याशियों ने न्यायालय परिसर के बाहर पंडाल लगाकर अधिवक्ताओं से समर्थन मांगा। अधिवक्ताओं में चुनाव को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया और सभी ने शांतिपूर्ण तरीके से मतदान किया।

# ग्राम प्रधान के परिजनों को विधायक ने दी सांत्वना


जिला अस्पताल में मृतका के परिजनों को सांत्वना देते सपा विधायक रामखिलाड़ी।

संवाददाता, संभल

- विधायक रामखिलाड़ी पहुंचे जिला अस्पताल, निष्पक्ष जांच की मांग
- शुक्रवार रात फायरिंग में प्रधान की सास की हो गई थी मौत

**अमृत विचार:** पहलवाड़ा गांव में पंचायत चुनाव को लेकर हुई गोलीबारी में ग्राम प्रधान की सास की मौत के बाद शनिवार को गुन्नौर के विधायक रामखिलाड़ी यादव जिला अस्पताल पहुंचे।

कहा कि पहले गठित मेडिकल टीम पर उन्हें भरोसा नहीं था। जिला अस्पताल में तैनात एक डॉक्टर की दूसरे पक्ष से साठगांठ थी। इसी आशंका को लेकर उन्होंने जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी और पुलिस अधीक्षक से शिकायत की तो नई मेडिकल टीम का गठन किया गया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि गांव में लाठी-डंडों और दहशत का माहौल बनाकर वोट डलवाने की कोशिश की जा रही है। गांव में पार्टीबंदी है, ऐसे में निष्पक्ष और पारदर्शी जांच बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि जो भी दोषी हैं, उन्हें किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाना चाहिए।

# संभल-गजरौला रेल लाइन की मांग, प्रदर्शन


संभल में सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते संगठनों से जुड़े लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, संभल

- सामाजिक संगठनों ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार:** संभल से गजरौला के बीच रेल लाइन की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। शनिवार को सामाजिक संगठनों और क्षेत्रवासियों ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा।

शनिवार को सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय पर पहुंचे। संभल से गजरौला के बीच रेल लाइन बिछाकर संभल को दिल्ली से जोड़ने की मांग रखी। डॉ. नाजिम ने कहा कि संभल की जनता पिछले लगभग 50 वर्षों से इस रेल लाइन की मांग करती आ रही है। कहा कि रेल लाइन बन जाने से पूरे क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी। शिक्षा के क्षेत्र में इसका बड़ा असर देखने को मिलेगा। व्यापार और उद्योग को भी इससे गति मिलेगी, जिससे स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। सस्ती और सुगम रेल सेवा के माध्यम से लोग रोजगार, शिक्षा और इलाज के लिए दिल्ली, अलीगढ़ और लखनऊ जैसे बड़े शहरों तक आसानी से पहुंच सकेंगे।

### नेशनल स्कूल रेसलिंग गेम्स में मोहित यादव ने जीता गोल्ड मेडल

**संभल, अमृत विचार:** मोहित यादव ने कुश्ती में शानदार प्रदर्शन करते हुए छठी नेशनल स्कूल रेसलिंग गेम्स प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता। मोहित यादव ने 41 किलोग्राम भार वर्ग एवं 14 वर्ष आयु वर्ग की प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर यह उपलब्धि हासिल की। मोहित यादव पिछले दो वर्षों से अलका तोमर कुश्ती अकादमी में नियमित रूप से अभ्यास कर रहे हैं। 30 और 31 जनवरी को दिल्ली में आयोजित नेशनल स्कूल रेसलिंग गेम्स प्रतियोगिता में उन्होंने देशभर से आए प्रतिभागियों को पछाड़ते हुए शानदार प्रदर्शन किया। कुश्ती अकादमी में खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों ने जीत का जश्न मनाया। नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि निरंतर मेहनत, लगन और अनुशासन से ही इस तरह की उपलब्धियां हासिल होती हैं।


मोहित यादव।

# संभल की मुक्ति... मस्जिद हटेगी मंदिर बनेगा

- संभल पहुंचे सुरेश चव्हाण ने हिंदू समन्वय समिति के गठन का किया ऐलान

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** संभल में हरिहर मंदिर-जामा मस्जिद विवाद को लेकर सुरेश चव्हाण ने कहा कि संभल की मुक्ति त्रिकाल सत्य है। मस्जिद हटेगी और वहां मंदिर बनेगा।


निरीक्षण भवन में संगठनों से जुड़े लोगों के साथ सुरेश चव्हाण। ● अमृत विचार

शनिवार को सुरेश चव्हाण ने सबसे पहले मोहल्ला कोट पूर्वी स्थित प्राचीन श्री कल्कि मंदिर पहुंचकर दर्शन पूजन किया। उन्होंने श्रद्धालुओं और कार्यकर्ताओं के साथ हरिहर मंदिर-जामा मस्जिद के मुद्दे पर विचार-विमर्श किया। इसके बाद एक गेस्ट हाउस में प्रेस वार्ता में सुरेश चव्हाण ने कहा कि देशभर में चार लाख से अधिक मंदिरों को तोड़ा गया या उन पर कब्जा किया गया। संभल का मंदिर भी उन्हीं में से एक है। उन्होंने कहा कि वह पिछले करीब तीन दशकों से मंदिर मुक्ति आंदोलन से जुड़े हुए हैं। कहा कि अयोध्या में श्री राम मंदिर का निर्माण हो गया जबकि काशी और मथुरा का मामला अंतिम चरण में हैं। देश के अन्य स्थानों पर भी कानूनी और सामाजिक स्तर पर प्रयास चल रहे हैं। संभल भी उसी श्रृंखला का हिस्सा है।

सुरेश चव्हाण ने कहा कि संभल में भी उनके वंशजों यानि मराठों की छावनी रही थी। अहिल्याबाई होलकर द्वारा कराए गए जीर्णोद्धार कार्यों में उनके परिवार की भी भूमिका रही है। इसी ऐतिहासिक संबंध के चलते संभल उनके लिए विशेष महत्व रखता है। उन्होंने ऐलान किया कि संभल में सभी हिंदू संगठनों, संस्थाओं और व्यक्तियों को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से हिंदू समन्वय समिति का गठन किया जा रहा है। इस समिति का एकमात्र एजेंडा संभल की मुक्ति का आंदोलन होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए कहा कि उनका मठ परंपरा से जुड़ाव है और वे धर्म के लिए संघर्ष की भावना रखते हैं। कहा कि मंदिर मुक्ति की लड़ाई केवल किसी एक संगठन की नहीं, बल्कि पूरे समाज की है।

### अधिकारों और सांस्कृतिक विरासत के प्रति सजग रहें हिंदू

**संभल, अमृत विचार:** कुरकावली में हिंदू समागम समिति के नेतृत्व में रविवार को विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सुरेश चव्हाण ने हिंदू समाज को संगठित और जागरूक रहने का आह्वान किया। कहा कि समाज को अपने अधिकारों और सांस्कृतिक विरासत के प्रति सजग रहने की आवश्यकता है। उन्होंने हरिहर मंदिर के मुद्दे को लेकर भी एकजुट रहने की अपील की और शपथ दिलाई। विशिष्ट अतिथि अखिलेशानंद महाराज ने भी जनसमूह को मार्गदर्शन प्रदान किया। संदीप गिल ने भजन सुनाए। आरएसएस के विभाग कार्यवाह छत्रपाल ने भी कार्यक्रम में अपने विचार रखे। विभाग धर्म जागरण प्रमुख राजाराम ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता गीता जाटव ने की, जबकि संचालन राजीव गिल ने किया।

# सीएचसी में लग रही ईंटों की जांच के निर्देश

- डीएम ने सीएचसी चंदौसी का निरीक्षण किया

संवाददाता, चंदौसी


चंदौसी में सीएचसी का निरीक्षण करते जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** शनिवार को जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चंदौसी का निरीक्षण किया। सबसे पहले निर्माणाधीन 50 बेड के क्रिटिकल केयर यूनिट का जायजा लिया और भवन निर्माण में उपयोग हो रही ईंटों की गुणवत्ता की जांच के निर्देश दिए।

उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में स्थित आवासों की मरम्मत और नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया। पुराने निष्प्रायोज्य एम्बुलेंसों को व्यवस्थित स्थान पर रखने का भी निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने होम्योपैथी चिकित्सालय में साफ-सफाई और स्वच्छता बनाए रखने की बात कही। साथ ही, अस्पताल परिसर में स्थित वर्ष 1916 के ऐतिहासिक पत्थर की सफाई और संरक्षण के लिए नगरपालिका अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, नेत्र परीक्षण कक्ष, ओपीडी, प्रेरणा कैंटीन और डायलिसिस यूनिट का निरीक्षण कर मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। महिला विंग और पोषण पुनर्वास केंद्र का दौरा कर बच्चों की माताओं से सुविधाओं की जानकारी ली। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक, उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी, सीएचसी प्रभारी डॉ. हरविंदर सिंह और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# 13 साल पुराने हत्याकांड में चार को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

- अदालत ने प्रत्येक पर लगाया 30-30 हजार रुपये का अर्थदंड

**अमृत विचार:** जनपद संभल के थाना रजपुरा क्षेत्र में वर्ष 2012 में हुए हत्याकांड के मामले में अदालत ने 13 वर्ष बाद फैसला सुनाते हुए चार दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक दोषी पर 30-30 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।

16 नवंबर 2012 को धर्मवीर की हत्या कर दी गई थी। धर्मवीर की पत्नी ओमवती ने थाना रजपुरा में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि रुपये के लेनदेन के विवाद को लेकर राजेन्द्र यादव, पप्पू, सुरेश और रामनिवास ने उसके पति की हत्या कर दी। पुलिस ने धारा 302/34 और 506 भादवि में मुकदमा दर्ज कर साक्ष्य एकत्र कर आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था। लंबे समय तक चली सुनवाई के बाद अदालत ने सभी आरोपियों को दोषी पाया। शनिवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश बदायूं ने चारों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही अदालत ने चारों दोषियों पर 30-30 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अभियोजन की ओर से एडीजीसी संजीव कुमार गुप्ता ने प्रभावी पैरवी की, जबकि कोर्ट पैरोकार नीरज कुमार की भी अहम भूमिका रही। अदालत के फैसले के बाद पीड़ित परिवार ने संतोष जताया है।

# लापरवाही पर दो कर्मचारी निलंबित

कार्यालय संवाददाता, संभल/बहजोई

- फार्मर रजिस्ट्री, फैमिली आईडी और मुख्यमंत्री आवास योजना में लापरवाही
- ग्राम पंचायत सचिव व कृषि प्राविधिक सहायक को किया गया निलंबित

**अमृत विचार:** जनपद में फार्मर रजिस्ट्री, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं फैमिली आईडी के कार्यों में अपेक्षित प्रगति न होने पर जिला अधिकारी राजेंद्र पैंसिया ने सख्त रुख अपनाया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर कृषि और ग्राम्य विकास विभाग के दो कर्मचारियों को लापरवाही के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। डीएम ने साफ कहा है कि 70 प्रतिशत से कम प्रगति वाले अधिकारी कर्मचारियों के खिलाफ निलंबन जैसी सख्त कार्रवाई की जायेगी।

जिलाधिकारी ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री, मुख्यमंत्री आवास योजना एवं फैमिली आईडी शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण योजनाएं हैं, जिनका सीधा लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इन योजनाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि ग्राम विकास अधिकारी गुन्नौर वीरी सिंह द्वारा अपने कार्यों में अपेक्षित रुचि नहीं ली जा रही थी। उनके द्वारा न तो नियमित रूप से गांवों का भ्रमण किया गया और न ही मनरेगा से संबंधित कार्यों को प्रभावी ढंग से संपादित किया गया। इसके अलावा फार्मर रजिस्ट्री में उनकी प्रगति मात्र 24 प्रतिशत पाई गई। इसी तरह कृषि विभाग के कर्मचारी मनोज कुमार, प्राविधिक सहायक ग्रुप-सी, विकासखंड रजपुरा द्वारा भी फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में रुचि न लेने की शिकायतें सामने आईं। समीक्षा में कार्य की प्रगति असंतोषजनक पाए जाने पर जिलाधिकारी के आदेश से वीरी सिंह व मनोज कुमार को निलंबित कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि लेखपालों, ग्राम पंचायत अधिकारियों तथा कृषि विभाग के कर्मचारियों के कार्यों की नियमित और सघन समीक्षा की जाए। जिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा 70 प्रतिशत से कम प्रगति दर्ज की गई है, उनके विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई के प्रस्ताव तत्काल प्रस्तुत किए जाएं। तहसीलदारों एवं खंड विकास अधिकारियों को भी कड़ी चेतावनी जारी कर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि अब प्रतिदिन शाम को योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

# किसानों का यूजीसी बिल के विरोध में धरना, सौंपा ज्ञापन


चंदौसी में ज्ञापन सौंपते संगठन से जुड़े किसान। ● अमृत विचार

संवाददाता, चंदौसी

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति (अराजनैतिक) के बैनर तले यूजीसी कानून के विरोध में धरना-प्रदर्शन किया गया।

अध्यक्ष रामेश्वर शर्मा ने शपथ दिलाई कि यूजीसी कानून वापस नहीं लिया जाता, तो भारतीय जनता पार्टी को वोट नहीं देंगे। प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी चन्दौसी को सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि यूजीसी कानून से समाज में आपसी द्वेष और तनाव की स्थिति उत्पन्न हो रही है। साथ ही आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू करने और सरकारी नौकरियों में मेरिट के आधार पर सभी वर्गों को अवसर देने की मांग की गई। जिलाध्यक्ष राहुल कश्यप, योगेश पाल, अनुराग राघव, अवधेश कठेरिया, नरेश शर्मा, बाबू शर्मा, अमन राठौर, नरेशपाल सिंह, सतपाल, समरसिंह, सत्येंद्रपाल सिंह, सचिन कुमार, शिवम राघव, आकाश कठेरिया, मनोज तोमर, श्यामपाल सिंह, नरेश कुमार गौड, रामेश्वरदयाल शर्मा, अमन राठौर, रामपाल राघव आदि रहे।

# नलकूपों से चोरी, किसानों का प्रदर्शन

- एक ही रात में डेढ़ दर्जन से ज्यादा किसानों के नलकूपों से स्टार्टर और केबल ले गए

कार्यालय संवाददाता, संभल/कैला देवी


कैला देवी थाने के निकट प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** कैला देवी थाना क्षेत्र में चोरों ने एक ही रात में डेढ़ दर्जन से ज्यादा किसानों के नलकूपों से स्टार्टर और केबल चोरी कर ले गए।

घटना से किसानों में भारी आक्रोश फैल गया। बागड़पुर गांव के दर्जनों किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों में सवार होकर थाने पहुंचे और प्रदर्शन कर पुलिस से वारदात के खुलासे की मांग की।

शुक्रवार रात चोर बागड़पुर गांव में सतीश, गंगा सहाय, सोमवीर, चंद्रपाल, नरेश, हरिशंकर, जैदी, रामकुंवर, अर्जुन, काले, श्योदान, रामबाबू और मदनपाल के नलकूपों से सामान चोरी रे ले गए। इसके अलावा सिसौना गांव के किसान अशोक, ठाटी गांव निवासी किसान सोमपाल पुत्र श्यामलाल, सोमपाल पुत्र भोलू तथा निरयावली गांव निवासी किसान अमरपाल पुत्र राजपाल के नलकूपों से भी चोरों ने स्टार्टर और केबल चोरी कर ली। सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। बड़ी संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों में सवार होकर कैला देवी थाने पहुंचे और तहरीर दी। प्रदर्शन कर जल्द से जल्द खुलासे की मांग की। किसानों का कहना है कि नलकूपों से स्टार्टर और केबल चोरी हो जाने से सिंचाई का कार्य पूरी तरह ठप हो गया है। पुलिस ने किसानों को आश्वासन दिया है कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा।

### जागरुकता से ही खत्म होगी बाल विवाह की कुप्रथा

**कैला देवी/सौंधन, अमृत विचार:** कैलादेवी मंदिर परिसर में बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत शनिवार को गोष्ठी का आयोजन किया गया।

बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष गौरव गुप्ता ने कहा कि बच्चों की कम उम्र में शादी नहीं करनी चाहिए। भारत सरकार द्वारा चलाया जा रहा सौ दिवसीय बाल विवाह मुक्त अभियान आगामी 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समाप्त होगा। गोष्ठी में बाल कल्याण समिति की ओर से नूतन चौधरी, गौरव शर्मा और नीलम मौजूद रहे। वहीं थाना एएचटी की ओर से एसआई बाबूराम सैनी और एनजीओ संस्था से गौरी शंकर चौधरी ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में थाना कैलादेवी के एसएसआई रोशन सिंह, एसआई मनोज कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी भी उपस्थित रहे।

# फैक्ट्री अग्निकांड में लापता मजदूर की मौत की आशंका

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

- जली अस्थियां व मोबाइल पीसीबी मिली, डीएनए जांच के लिए पिता को बुलाया गया

**अमृत विचार:** फरीदाबाद में फैक्ट्री में भीषण आग के बाद लापता हुए असमोली के मजदूर की मौत की आशंका है। तलाशी के दौरान 90 प्रतिशत जली अस्थियां मिलने के साथ ही पास में एक मोबाइल फोन का पीसीबी बोर्ड और जूता बरामद हुआ है। अस्थियों की शिनाख्त और डीएनए जांच के लिए धौंज थाना पुलिस ने आलिम के पिता जर्रार को फरीदाबाद बुलाया है।

असमोली थाना क्षेत्र के मुबारकपुर बंद गांव के करीब एक दर्जन मजदूर फरीदाबाद के पाखल गांव स्थित ड्रीम फैक्ट्री में काम करते थे। बृहस्पतिवार की देर रात काम खत्म होने के बाद मोहम्मद आलिम और मोहम्मद फाजिल फैक्ट्री परिसर में ही सो गए थे। इसी दौरान शुक्रवार तड़के शार्ट सर्किट से फैक्ट्री में आग लग गई। मोहम्मद फाजिल किसी तरह बाहर निकल गया, हालांकि वह झुलस गया लेकिन मोहम्मद आलिम का कोई पता नहीं चल सका। उसका मोबाइल फोन भी बंद आने लगा। तलाशी के दौरान फैक्ट्री में करीब 90 प्रतिशत जली हुई अस्थियां बरामद हुईं। अस्थियों के पास से एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन का पीसीबी बोर्ड और एक जूता भी मिला। परिजनों का कहना है कि मोबाइल का पीसीबी और जूता मोहम्मद आलिम का ही है, जिससे आशंका है कि आग में उसकी मौत हो गई। धौंज थाना पुलिस ने पुष्टि के लिए डीएनए जांच कराने के लिए मोहम्मद आलिम के पिता जर्रार को फरीदाबाद बुलाया है।

## स्टेट ब्रीफ

### आज मनाया जायेगा रविदास जन्मोत्सव

**कांठ, अमृत विचार :** रविवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास जी का 650 वां जन्मोत्सव समारोह नगर में धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसकी समस्त तैयारी कमेटी ने पूरी कर ली है। प्राचीन परंपरा के अनुसार नगर में संत रविदास मंदिर पर संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती का विख्यात समारोह देखने व भागीदारी करने के लिए ग्रामीण अंचलों से सैकड़ों की संख्या में लोग यहां आते हैं। प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष पवन कुमार एडवोकेट ने बताया कि प्रात: 8:00 बजे हवन, इसके उपरांत विशाल जनसभा का आयोजन किया जाएगा। जनसभा में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के संबंध में अपने-अपने विचार रखेंगे। इसके उपरांत विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा में मनमोहन झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र होती हैं। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाते हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को सही दिशा दिखाने के लिए मार्गदर्शन किया जाता है।

### किसानों ने गन्ने का भुगतान कराने की उठाई मांग

**कांठ, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र में संचालित तीन शुगर मिलों द्वारा गन्ना क्रय किया जा रहा है, लेकिन भुगतान समय से न मिलने के कारण किसान चिंतित हैं। शुगर मिलों ने एक सप्ताह में भुगतान करने का आश्वासन दिया था लेकिन 15-20 दिन बीतने के बाद भी किसानों को पूरा भुगतान नहीं मिल पाया है। सहकारी समिति कांठ के सचिव खेत सिंह ने बताया कि स्योहारा शुगर मिल का भुगतान 16 फरवरी तक, त्रिवेणी शुगर मिल का 12 फरवरी तक और दीवान शुगर मिल का 23 फरवरी तक का भुगतान आ चुका है। उन्होंने कहा कि समिति अधिकारियों द्वारा मिल प्रबंधन के साथ कई बैठकें भी की जा चुकी हैं। यदि किसी किसान को गन्ना पर्ची या भुगतान से संबंधित कोई समस्या है तो वह समिति कार्यालय में संपर्क कर सकता है। साथ ही जिन किसानों को नए सट्टे बनवाने हैं, वे अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित अधिकारी से संपर्क करें। उन्होंने यह भी बताया कि समिति द्वारा किसानों को रियायती दरों पर कृषि यंत्र उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिनका लाभ किसान उठा सकते हैं।

# हरमीत हत्याकांड का आरोपी छठे दिन भी पकड़ से बाहर

संवाददाता, बिलासपुर

- 26 जनवरी को भूमि के बंटवारे को लेकर भाई ने मारी थी गोली

**अमृत विचार :** हरमीत हत्याकांड का मुख्य आरोपी छठे दिन भी पुलिस की पकड़ से दूर है। हालांकि पुलिस की टीमें लगातार आरोपी की तलाश में दबिश दे रही हैं, लेकिन आरोपी का सुराग नहीं लग सका है।

26 जनवरी की शाम डोहरिया निवासी किसान हरमीत सिंह का अपने छोटे भाई नवदीप सिंह से भूमि के बंटवारे और कर्ज को लेकर विवाद हो गया था। झगड़ा बढ़ने पर नवदीप ने तमंचे से हरमीत पर गोली चला दी थी। जिससे उसकी इलाज को लेकर जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई थी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था। बाद में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज उसकी तलाश शुरू कर दी। लेकिन घटना को छह दिन बीतने के बाद भी आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर है। पुलिस टीम आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर उत्तराखंड समेत क्षेत्र के कई गांवों में दबिश दी। मगर वह हाथ नहीं लग सका। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह का कहना है कि आरोपित को लेकर दबिश जारी है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## आभूषणों की कीमतों ने निर्धन परिवारों की बेटियों के सपनों में लगाई सेंध

# महंगाई ने किया बेहाल, जरूरत की हर चीज महंगी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- सरकार से आगामी बजट में राहत की उम्मीद कर रहीं गृहणियां

**अमृत विचार :** लगातार आसमान छूती महंगाई ने रसोई ही नहीं, खाने-पीने की वस्तुओं, कपड़े समेत जरूरत की सभी चीजों को जकड़ लिया है। सोने-चांदी के आभूषणों की कीमतों ने गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की बेटियों के सपनों पर भी भारी चोट की है।

माता-पिता आभूषण खरीदने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। दाल, आटा, चावल, खाद्य तेल, दूध, सब्जी कोई भी जरूरी वस्तु ऐसी नहीं बची, जिसने महंगाई की छलांग न लगाई हो। सीमित आय में घर चलाना हुनर नहीं, बल्कि संघर्ष बन गया है।

ऐसे हालात में 1 फरवरी को पेश होने वाले केंद्रीय बजट से महिलाओं और मध्यम वर्ग को बड़ी राहत की उम्मीद है। गृहिणियों का कहना है कि महीने की शुरुआत में बजट बनाते समय सबसे पहले रसोई का हिसाब गड़बड़ा जाता है। गैस सिलेंडर की कीमतें हों या राशन का खर्च, हर मोर्चे पर जेब ढीली हो रही है। महिलाओं का कहना है कि सरकार को इस पर सख्त और ठोस कदम उठाने चाहिए, ताकि आम परिवारों को वास्तविक लाभ मिल सके। आवश्यक खाद्य पदार्थ सस्ते हों और महिलाओं के लिए ठोस बचत व कर राहत योजनाएं लाई जाएं।



वंदना शर्मा का कहना है कि बेटी-बेटे की शादी के लिए सोना-चांदी खरीदना भारतीय परिवारों की परंपरा रही है, लेकिन आज इनके दाम सुनकर ही लोग कांप जाते हैं। कीमतों में इतना उछाल तो कई सालों में नहीं हुआ जितना दो महीने में हो गया। जरूरत की सभी वस्तुएं महंगी हो रही हैं।



सोनिया चौहान ने कहा कि महंगाई ने बचत की गुंजाइश ही खत्म कर दी है। आमदनी जस की तस है, लेकिन खर्च कई गुना बढ़ चुका है। बजट से उम्मीद है कि इस बार महिलाओं के लिए केवल घोषणाएं नहीं, बल्कि जमीन पर दिखने वाले फैसले लिए जाएं।



सरबजीत कौर का कहना है कि आय और महंगाई के बीच बढ़ती खाई का बोझ सीधा निम्न मध्यम वर्ग पर पड़ रहा है। यदि सरकार वास्तव में आम जनता की चिंता करती है, तो बजट में ऐसी योजनाएं लानी होंगी, जिनसे महिलाओं और परिवारों को सीधा लाभ मिले।



रीना देवी ने बिजली और गैस के बढ़ते बिलों पर चिंता जताते हुए कहा कि जब तक इन पर नियंत्रण नहीं होगा, तब तक घरेलू बजट संतुलित नहीं हो सकता। रसोई गैस पर सब्सिडी बहाल हो, बिजली दरें कम की जाएं। खाद्य पदार्थ की कीमतें भी कम हों।

# बर्फबारी से गलन, शीतलहर का प्रकोप

## पूरे दिन आसमान में छाए रहे बादल, कोहरे के साथ आज सर्दी बढ़ने का अनुमान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पूरे दिन आसमान में बादल छाए और शीत लहर चलती रही। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी से गलन बढ़ गई है। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो रविवार को घना कोहरा रहने के साथ सर्दी बढ़ने का अनुमान है। शनिवार को आसमान में बादल छाए रहे लेकिन, कोहरा नहीं होने के कारण वाहनों ने सड़कों पर फर्राटा भरा। पूरे दिन लोग सूरज निकलने का इंतजार करते रहे।

शनिवार को अधिकतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस लुढ़क गया। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था लेकिन, शनिवार को अधिकतम तापमान 2 डिग्री लुढ़क कर 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जनवरी माह के अंतिम दिन मौसम ने करवट ली और पारा लुढ़कने से सर्दी बढ़ गई। शनिवार को सुबह से आसमान में बादल होने के कारण सूर्य देव के दर्शन नहीं हुए। परिजनों ने बच्चों को खेलने के लिए घरों से बाहर नहीं निकलने दिया जबकि, बच्चे खेलने जाने की जिद करते रहे। पिछले तीन दिन धूप निकलने के कारण मौसम खुशगवार हो गया था। शनिवार को मौसम का मिजाज ठंडा होने के कारण परिजनों को खेलने के लिए घरों से बाहर नहीं निकलने दिया। शाम ढले शीत लहर चलने से सर्दी बढ़ गई।



रामपुर में शनिवार को हाईवे पर धुंध के बीच गुजरते वाहन। ● अमृत विचार



मुरादाबाद में सुबह ठंड में बच्चे के साथ जाते दंपती।

> मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर और आसपास के क्षेत्रों में घना कोहरा छाए रहने का अनुमान है और सर्दी भी बढ़ने की संभावना है।
>
> - **डॉ. उदय प्रताप शाही**, मौसम वैज्ञानिक, कृषि विश्वविद्यालय मेरठ

### सुबह बादल व कोहरा, दोपहर बाद सूरज ने बादलों की ओट से झांका

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शनिवार को दिन की शुरुआत बादलों के साथ हुई, जिससे पूरे दिन सूरज के दर्शन नहीं हो सके। बादलों की आवाजाही से बारिश की संभावना बनी रही। ठंडी हवा ने ठिठुरन को और बढ़ा दिया। हालांकि, दोपहर बाद तीन बजे के करीब सूरज ने बादलों की ओट से झांका। सुबह और दोपहर के समय मौसम पूरी तरह बदला रहा। धूप न निकलने के कारण सड़कों, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर हलचल अपेक्षाकृत कम दिखाई दी। लोग जरूरी कार्यों के लिए ही घरों से बाहर निकले। मौसम की इस बेरुखी का असर बच्चों और बुजुर्गों पर विशेष रूप से रहा, जिन्हें ठंडी हवा से बचाव के लिए अतिरिक्त सावधानी बरतनी पड़ी। दोपहर करीब तीन बजे के बाद धूप निकली, जो राहत देने में नाकाफी रही। वातावरण में ठंडक बनी रही और शाम होते-होते फिर से सिहरन बढ़ गई। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले कुछ दिनों से मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। कभी तेज धूप निकलती है तो कभी अचानक बादल छा जाते हैं, कहीं हल्की बारिश हो तो कहीं ठंडी हवा चलने से लोग परेशान हैं। इस अनिश्चितता ने लोगों की दिनचर्या को भी प्रभावित किया है। लोग मौसम को देखकर अपने कामकाज की योजना बना रहे हैं। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ और स्थानीय मौसमी बदलावों के कारण इस तरह की स्थिति बनी हुई है। आने वाले दिनों में भी मौसम के इसी तरह बदलते रहने की संभावना जताई जा रही है।

# आधार सत्यापन के बाद ही आज से रजिस्ट्री संभव

बरेली कार्यालय

- फर्जी गवाह और बेनामी संपत्तियों पर बायोमेट्रिक सत्यापन से कसेगी नकेल
- नई व्यवस्था में खरीदार, विक्रेता और गवाह की तुरंत होगी पहचान

**अमृत विचार :** संपत्तियों के बैनामे में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए, अब रजिस्ट्री के दौरान आधार सत्यापन अनिवार्य कर दिया गया है। एक फरवरी से जिले के सभी रजिस्ट्री कार्यालयों में यह नई व्यवस्था लागू होगी। इसके तहत खरीदार, विक्रेता और गवाहों का आधार नंबर मौके पर बायोमेट्रिक मशीन से सत्यापित किया जाएगा।

अभी तक जो व्यवस्था है, उसमें केवल आधार की फोटोकॉपी पर रजिस्ट्री होती थी, जिससे फर्जीवाड़े और बेनामी संपत्तियों की रजिस्ट्री की आशंका बनी रहती थी। नई प्रक्रिया में ऑनलाइन पोर्टल को यूआईडीएआई के केंद्रीय सर्वर से जोड़ा गया है। इसके तहत अब बैनामे की ऑनलाइन कॉपी तभी उपलब्ध होगी जब मोबाइल नंबर पर भेजी गई ओटीपी दर्ज की जाएगी। इससे जहां फर्जी आधार और गवाहों के इस्तेमाल पर प्रभावी रोक लगेगी वहीं, रजिस्ट्री प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी। अधिकारियों के मुताबिक रजिस्ट्री प्रक्रिया आरडी (रजिस्टर्ड डिवाइस) और सुरक्षित बायोमेट्रिक स्कैनर के माध्यम से पूरी की जाएगी, जो आधार मानकों के अनुसार पहचान को प्रमाणित करेगा। सही पहचान मिलने पर ही रजिस्ट्री की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी, जबकि असत्यापन होने पर तुरंत पुलिस को सूचित किया जाएगा।

इससे नागरिकों को संपत्ति लेन-देन में सुरक्षा और भरोसा मिलेगा। माना जा रहा है कि एक फरवरी से लागू होने वाली यह व्यवस्था न केवल फर्जीवाड़े को रोकने में कारगर साबित होगी, बल्कि संपत्ति खरीदने और बेचने की प्रक्रिया को अधिक सुरक्षित और आसान बनाएगी। ग्रामीण और शहरी दोनों स्तर पर लोग अब बिना झंझट के अपनी संपत्ति की रजिस्ट्री करवा सकेंगे।

# एसआईआर के तहत मतदाता सूची का प्रकाशन



मतदाता सूची का प्रकाशन करते बीएलओ। ● अमृत विचार

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** शनिवार को विशेष पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत भाग संख्या 55, 56, 57 व 58 की मतदाता सूची का प्रकाशन बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज, कांठ में किया गया।

यह प्रकाशन बीएलओ बृजेंद्र कुमार बिश्नोई, गिरवर चौहान, अनुज कुमार बिश्नोई एवं अलका सिंह द्वारा मतदाताओं के समक्ष किया गया। इस दौरान मतदाता सूची एवं एएसडी सूची को पढ़कर सुनाया गया। साथ ही नए वोटर बनने के लिए फॉर्म-6, नाम कटवाने के लिए फॉर्म-7, मतदाता सूची में संशोधन के लिए फॉर्म-8 तथा विदेश में निवास करने वालों के लिए फॉर्म-6ए की जानकारी दी। बीएलओ बृजेंद्र कुमार बिश्नोई ने फॉर्म भरने की प्रक्रिया समझाई और मौके पर ही आवेदन भी भरवाए गए। नवदीप सिंह, अनिल कुमार, प्रगति, रेशू रानी, अजय कुमार, राशन डीलर बलवंत सिंह, जगराज सिंह, मनु बिश्नोई, सीताराम सिंह सहित अन्य मतदाता उपस्थित रहे। बूथ का अवलोकन सुमित बिश्नोई सुपरवाइजर एवं सौरव अग्रवाल जिला संयोजक भाजपा ने किया।

# स्पर्श कुष्ठ पखवाड़े के तहत किया जागरूक

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** स्पर्श कुष्ठ जागरुकता पखवाड़ा के अंतर्गत शुक्रवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, मदरसा अब्दुल गनी एवं जूनियर हाई स्कूल अब्दुल्लापुर लेदा में कुष्ठ रोग के प्रति जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कुष्ठ रोग को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करना और समाज में भेदभाव समाप्त कर रोगियों की गरिमा सुनिश्चित करना रहा।

कार्यक्रम में विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं। पैरामेडिकल वर्कर कुलवंत सिंह ने कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को कुष्ठ रोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग छूने से नहीं फैलता और यह पूरी तरह साध्य है। उन्होंने कुष्ठ रोग के शुरुआती लक्षणों की जानकारी देते हुए बताया कि शरीर पर हल्के या गहरे रंग के सुन्न दाग, कानों पर गांठें, नसों का उभरना तथा हाथ-पैरों में झनझनाहट इसके प्रमुख संकेत हो सकते हैं। ऐसे लक्षण दिखने पर नजदीकी सरकारी अस्पताल में जांच कराना आवश्यक है।

चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि मल्टी ड्रग थेरेपी से कुष्ठ रोग पूरी तरह ठीक हो जाता है। उन्होंने लोगों से कुष्ठ रोगियों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव न करने की अपील की। उन्होंने कहा कि समय पर इलाज न मिलने पर रोगी में विकृति आ सकती है, लेकिन यदि समय रहते उपचार शुरू हो जाए तो व्यक्ति विकलांगता से बच सकता है और एमडीटी के नियमित सेवन से पूर्ण रूप से स्वस्थ हो जाता है। कार्यक्रम में नॉन मेडिकल सुपरवाइजर मोहम्मदीन, पीएमडब्लू अरुण कुमार सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी भी मौजूद रहे। सभी ने कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता फैलाने और समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने का संकल्प लिया।



कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में जानकारी देते स्वास्थ्य कर्मी।

- स्वास्थ्य कर्मियों ने विद्यालयों में जाकर किया जागरूक

# रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3100 का दो दिवसीय अध्यक्ष, सचिव प्रशिक्षण सेमिनार शुरू

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3100 द्वारा अध्यक्ष-निर्वाचित एवं सचिव-निर्वाचित सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय अध्यक्ष-सचिव प्रशिक्षण सेमिनार कर्मा लिगेसी - कर्तव्य पथ का आरंभ शनिवार को हरिद्वार स्थित एक होटल में हुआ। सेमिनार का उद्देश्य नेतृत्व को सशक्त बनाना व रोटरी की दूरदृष्टि को जमीनी स्तर तक साकार करना है।

मुरादाबाद से शामिल हुए नामित डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. काव्य सौरभ रस्तोगी ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट लर्निंग फैसिलिटेटर पीडीजी जीएस धामा ने अध्यक्ष-निर्वाचित एवं सचिव-निर्वाचित सदस्यों से अपेक्षाओं पर विचार साझा किए। वहीं, वाइस गवर्नर पीडीजी संजीव रस्तोगी ने डिस्ट्रिक्ट विजन को सशक्त करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर-इलेक्ट रोटेरियन पायल गौर ने द ईयर अहेड – सेटिंग द टोन फॉर ए ट्रांसफॉर्मेशनल ईयर पर आगामी रोटरी वर्ष को परिवर्तनकारी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने फुटबॉल मैच का उदाहरण देते हुए बताया कि डेढ़ घंटे के खेल में खिलाड़ी को केवल साढ़े चार मिनट प्रदर्शन का अवसर मिलता है, जबकि शेष समय ऑब्जरवेशन और रणनीति समझने में जाता है, जो नेतृत्व के लिए महत्वपूर्ण है। प्रथम प्लेनरी सत्र रुक जाना नहीं में सदस्यता, सेवा परियोजनाएं और पब्लिक इमेज को विकास का इंजन बताते हुए चर्चा हुई। द्वितीय सत्र सर्वे भवन्तु सुखिन में रोटरी फाउंडेशन, ग्लोबल ग्रांट्स, पार्टनरशिप और लीडरशिप लिगेसी पर विमर्श किया गया। तृतीय सत्र दिल चाहता है के अंतर्गत मीटिंग्स दैट मैटर अटेंडेंस, एंगेजमेंट एंड एनर्जी विषय पर चर्चा की गई।



कार्यक्रम में अपने विचार रखतीं पायल गौर। ● अमृत विचार

- भावी नेतृत्व को सशक्त बनाने और परिवर्तनकारी वर्ष का आह्वान

# रूही बनीं मिस रेशम प्यारी

**मिलक, अमृत विचार:** शनिवार को नगर स्थित रेशम प्यारी आदर्श बालिका इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट की छात्राओं का विदाई समारोह हुआ। कार्यक्रम में कक्षा-11 की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

आरंभ मुख्यातिथि ब्लॉक प्रमुख अर्चना गंगवार, विशिष्ट अतिथि प्रबंधक शुभांक प्रकाश एवं लर्निंग लेटर स्कूल की कोषाध्यक्ष दर्शिता गंगवार ने किया। कक्षा 11 की छात्राओं द्वारा अपने सीनियर्स को तिलक लगाकर आगामी बोर्ड परीक्षा में सफलता की शुभकामनाएं दी। इस दौरान कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मिस रेशम प्यारी रहा। जिसका अवार्ड कक्षा 11 की छात्रा रूही को विजेता और उपविजेता प्रिया को दिया गया। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्य रीता जैसवार द्वारा छात्राओं को परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए टिप्स दी गई। कार्यक्रम का संचालन स्वप्निल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में रश्मि कुमारी, प्रवेश, कल्पना, रीता, स्वाती, लक्ष्मी, नूतन, अंजू, ममता आदि अध्यापक मौजूद रहे।



कक्षा-11 की छात्रा रूही बनी विजेता। ● अमृत विचार

## न्यूज डायरी

### रविदास जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा

**कांठ, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर में संत शिरोमणि गुरु रविदास का जन्मोत्सव समारोह श्रद्धा और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पूरे गांव में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। जन्मोत्सव के दौरान भगवान शिव-पार्वती, राधा-कृष्ण, संत गुरु रविदास और डॉ. भीमराव अंबेडकर की आकर्षक झांकियां सजाई गईं। आयोजन समिति के अध्यक्ष जयपाल सिंह ने कहा कि कार्यक्रम के सफल आयोजन में समस्त ग्रामवासियों का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम के तहत शनिवार को प्रात: हवन, जनसभा तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। उपाध्यक्ष हरपाल और रामपाल, कोषाध्यक्ष प्रमोद सागर, महामंत्री मुकेश कुमार, योगेश, गुड्डू, मोनू कुमार, सत्यवान सिंह राजपूत, प्रमोद चौहान सहित अन्य लोग मौजूद रहे। आयोजन के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल भी तैनात रहा।



### ग्रामीणों ने की युवकों के साथ मारपीट

**बिलारी, अमृत विचार :** ड्यूटी करने संभल की फैक्ट्री में जा रहे दो युवकों के साथ ग्रामीणों ने मारपीट की। इस मामले में तहरीर के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। बिलारी के गांव देवरी निवासी सुरेंद्र पुत्र चंद्रकेश ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि वह अपने चचेरे भाई नेमपाल सिंह पुत्र तेजपाल सिंह के साथ ड्यूटी करने संभल जा रहा था। श्यामपुर भूड़ी के जंगल में काफी भीड़ थी, गांव के ही रहने वाले वीरेंद्र ने अफवाह फैलाई थी कि एक के खेत में चोर हैं, जिसके बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और पूरे गन्ने के खेत में खोजवीन करी। लेकिन कोई भी चोर नहीं मिल सका। इस बीच कुछ लोग हाथों में अवैध तमंचे लिए हुए घूम रहे थे। जब उनकी वीडियो बनानी शुरू की तो गांव के ही विजय सिंह पुत्र मदन लाल, गंगा सहाय पुत्र रामकुमार, हीरा पुत्र कमल सिंह के साथ गांव 20 से 30 लोगों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। जिससे उनके गंभीर चोटें आई।

### जमीन विवाद में लाठी-डंडों से हमला, दंपती घायल

**भगतपुर, अमृत विचार :** थाना भगतपुर के ग्राम कल्याणपुर में जमीन को लेकर हुए विवाद में चार लोगों ने एक परिवार पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घटना में एक युवक व उसकी पत्नी घायल हो गए। ग्रामीण महेन्द्र के अनुसार 30 जनवरी की रात गांव के ही अजय, अशोक, तुल्लन व बंटी गाली-गलौज करते हुए उसके घर के सामने आए और जमीन को लेकर विवाद करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों उनके परिवार पर हमला कर दिया जिसमें उसका पुत्र रवि व उसकी पुत्रवधू घायल हो गए। शोर सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। महेंद्र ने आरोपियों के विरुद्ध भगतपुर पुलिस को तहरीर दी जिसके आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### झोलाछाप फरार, डिप्टी सीएमओ ने ठोक दिया ताला

**कुंदरकी, अमृत विचार :** कुंदरकी के फतेहपुर खड़ंजा में स्वास्थ्य विभाग की फ्लाइंग स्क्वायड ने फर्जी क्लीनिक पर छापा मारा। संचालक शमशाद बाबू, जो महज 12वीं पास है, मरीजों को ''जादुई प्लास्टर'' लगाकर ठग रहा था। क्लीनिक पर एक्स-रे मशीन भी बरामद हुई। जैसे ही टीम पहुंची, शमशाद बाबू फरार हो गया। बिना डिग्री का शमशाद बाबू हड्डी तोड़ने-जोड़ने का धंधा चला रहा था। मरीज आते, चोट दिखाते और वो प्लास्टर चिपका देता। डिप्टी सीएमओ संजीव बेलवाल ने क्लीनिक सील कर मशीनें जब्त कर लीं।

### बूथों पर पहुंचे बीएलओ, लोगों ने दर्ज कराईं आपत्तियां



**मूंढापांडे, अमृत विचार :** मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है। 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके लोगों को मतदाता सूची से जोड़ने के लिए आयोग ने शनिवार को विशेष दिवस के रूप में आयोजित किया गया था। इसमें मतदाता के नाम में त्रुटि और मतदाता सूची में अन्य अनियमिताओं को दूर करने के लिए पुन: बूथों पर मतदाता सूची प्रदर्शित की गई। मूंढापांडे की ग्राम पंचायत लालाटीकर में बीएलओ विकास कुमार और अखिलेश कुमार ने नए वोट बनाए जाने और मतदाता सूची में नाम दुरुस्त किए जाने के साथ अन्य अनियमिताओं के बारे में जानकारी दी। बीएलओ ने बीएलए की सहायता से मतदाता सूची से मृतक व्यक्तियों की खोज कर उन्हें सूची से हटाने के साथ नए मतदाताओं को सूची से जोड़ा गया। साथ ही मतदाता सूची में दर्ज अन्य अनियमिताओं को भी दुरुस्त किया गया। बताया गया कि मतदाता सूची को लेकर दावे और आपत्तियों 6 फरवरी तक ली जाएंगी। सुशील कुमार शर्मा एड. शाहनवाज खान, राजेंद्र सिंह शमशुल मलिक के साथ अन्य लोगों मौजूद रहे।।



जो कुझ साडे अंदर वस्से
ज़ात असाडी सोई
जिस दे नाल मैं न्योंह
लगाया ओही जैसी होई

बुल्ले शाह कहते हैं, जो हमारे अंदर बस रहा है, अब तो वही हमारी जात है। अब तो हालत यह है कि जिसके साथ हमने प्रेम किया है, हम उसी जैसे हो गए हैं।

# वर्तमान हमारे अतीत का ही विस्तार है

> भारत में 'इतिहास के इतिहास' पर बहसें चलती हैं। यूरोपीय विद्वान भारत पर इतिहास की उपेक्षा का आरोप लगाते हैं। मैक्समूलर ने लिखा, 'हिंदू दार्शनिकों की एक जाति थी। उनका संघर्ष विचारों का संघर्ष था। उनका अतीत सृष्टि की समस्या थी, उनका भविष्य अस्तित्व का प्रश्न था। यह कहना सही है कि विश्व के राजनीतिक इतिहास में भारत का कोई स्थान नहीं है।' मैक्समूलर को वैदिक और पौराणिक सहित प्राचीन इतिहास में राज्यव्यवस्था नहीं दिखाई पड़ती।

गांधी जी जीवित होते तो आज 156 साल के होते। दो दिन पहले उनकी पुण्यतिथि थी। वे बहुत गहराई से याद किए गए। उन्होंने विश्व इतिहास में हस्तक्षेप किया और काल की अखंड सत्ता को प्रभावित किया। काल है भी अखंड सत्ता। सारी घटनाएं समय के भीतर होती हैं। अथर्ववेद (19.53-54) में भृगु कहते हैं, 'काल-अश्व विश्व-रथ का संवाहक है। काल ही पिता है, वही आगे पुत्र होता है। काल में प्राण हैं, मन हैं, सारे नाम हैं, काल की अनुकूलता ही आनंद है। काल स्वयंभू है। काल के द्वारा ही भूत और भविष्य पैदा हुए हैं आदि आदि।' समय पकड़ में नहीं आता। घटनाएं घटती हैं, घटना अतीत है। अतीत की घटनाओं का यथातथ्य संकलन इतिहास है। प्राचीन राष्ट्र की घटनाएं करोड़ों की संख्या में होती हैं।

भारत ऐसा ही राष्ट्र है। मूलभूत प्रश्न है कि घटनाओं के संकलन में संकलनकर्ता की रुचि क्या है? रुचि क्यों है? कुछेक विद्वान युद्ध प्रिय होते हैं, वे युद्धों का इतिवृत्त संकलित करते हैं। कुछ विद्वान प्रकृति प्रेमी होते हैं, वे प्राकृतिक परिवर्तनों के संकलन को इतिवृत्त का विषय बनाते हैं। मार्क्सवाद सोच के विद्वान उत्पादन पद्धति की विवरणी का संकलन करते हैं। इतिहास अतीत का दर्पण होता है, लेकिन इतिहास लेखन या संकलन की कोई भी शैली प्राचीन समाज या राष्ट्र का संपूर्ण विवरण नहीं हो सकती। जैसे समुद्री लहरों की गणना असंभव होती है, वैसे ही इतिहास संकलन का काम भी बड़ा जटिल है, इसलिए इतिहास का रूप स्वरूप और इतिहास खोजना बहुत कठिन काम है।

भारत में 'इतिहास के इतिहास' पर बहसें चलती हैं। यूरोपीय विद्वान भारत पर इतिहास की उपेक्षा का आरोप लगाते हैं। मैक्समूलर ने लिखा, 'हिंदू दार्शनिकों की एक जाति थी। उनका संघर्ष विचारों का संघर्ष था। उनका अतीत सृष्टि की समस्या थी, उनका भविष्य अस्तित्व का प्रश्न था। यह कहना सही है कि विश्व के राजनीतिक इतिहास में भारत का कोई स्थान नहीं है।' मैक्समूलर को वैदिक और पौराणिक सहित प्राचीन इतिहास में राज्य व्यवस्था नहीं दिखाई पड़ती। एलफिंसटन को सिकंदर के हमले के पूर्व किसी भी घटना का निश्चित समय नहीं दिखाई पड़ता। उन्होंने 1839 में लिखा, 'भारतीय इतिहास में सिकंदर के आक्रमण के पूर्व किसी सार्वजनिक घटना की तिथि निश्चित नहीं की जा सकती है।' विटरनिट्ज यहां काव्य, नायकत्व और इतिहास का घालमेल देखते हैं। अलबरूनी के आरोप ज्यादा सख्त है कि 'हिंदू चीजों (घटनाओं) के ऐतिहासिक क्रम पर अधिक ध्यान नहीं देते। वे अपने सम्राटों के काल क्रमानुसार उत्तराधिकार के वर्णन में लापरवाह हैं।'



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष
उत्तर प्रदेश

गांधीजी को यह सब खासा बुरा लगा था। राष्ट्रबोध की वास्तविक शर्त सच्चा इतिहास बोध है। गणित, ज्योतिष, चिकित्सा आदि के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियां विश्वख्यात थीं। भारत ने इतिहास संकलन की अपनी विशेष परंपरा विकसित की थी, लेकिन यूरोपीय तर्ज के इतिहासविद् भारत को इतिहासविहीन बता रहे हैं। गांधी जी राजाओं के विवरण को सच्चा इतिहास नहीं मानते थे। उन्होंने हिंद स्वराज में लिखा, 'इतिहास जिस अंग्रेजी शब्द (हिस्ट्री) का तरजुमा है और जिस शब्द का अर्थ बादशाहों या राजाओं की तवारीख होता है। हिस्ट्री में दुनिया के कोलाहल की ही कहानी मिलेगी। राजा लोग कैसे खेलते थे? कैसे खून करते थे? कैसे बैर करते थे, यह सब हिस्ट्री में मिलता है।' गांधी जी ने यूरोपीय इतिहास की अंतर्वस्तु को ठीक ही सिर्फ खूनखराबे का संग्रह बताया है।

अतीत और वर्तमान दो नहीं हैं, वर्तमान अतीत का ही विस्तार है। अतीत निर्जीव सत्ता नहीं है, वर्तमान बीते प्राणवान समय का ही चेहरा है, इसलिए पुराने समय के पर्वत, वन उपवन, पशु, पक्षी और ग्रहदशा तथा गीत, नृत्य भी वर्तमान काल में किसी न किसी रूप में मौजूद रहते ही हैं। इतिहास और वर्तमान का संबंध अविच्छिन्न है। इतिहास में मनुष्य के कर्म अनुभव होते हैं। भूलें चूकें और जय पराजय होती हैं। मनुष्य उनसे सीखता है।

वर्तमान की वस्तुनिष्ठ व्याख्या का उपकरण भी इतिहास ही है। इतिहास मनुष्य जीवन की प्रयोगशाला है। समाज इसी प्रयोगशाला के निष्कर्षों के अनुसार सही, गलत, करणीय या अकरणीय और अनुकरणीय कार्यों विचारों की सूची बनाता है, इसलिए इतिहास संकलन का काम वैज्ञानिक जैसा है, लेकिन दोनों के लक्ष्य में आधारभूत अंतर हैं। विज्ञान प्रकृति का विश्लेषण करता है, उसके निष्कर्ष अंतिम नहीं होते। प्रकृति विराट है, यहां अनंत रहस्य हैं। विज्ञान द्वारा जाना गया कोई भी तथ्य संपूर्ण या अंतिम सत्य नहीं होता। इतिहास 'हो चुके' का विवरण है। अतीत में अब कुछ भी नया होने की संभावना नहीं है, जो हो गया, उसी का तथ्यगत संकलन इतिहास है।

गांधी जी इतिहास निर्माता थे, लेकिन स्वयं एक अच्छे इतिहास लेखक भी थे। अनेक विद्वानों ने गांधी जी की लिखी 'दक्षिण अफ्रीका के सत्याग्रह का इतिहास' पुस्तक की प्रशंसा की है। गांधी जी की इस किताब का पहला अध्याय है 'भूगोल'। इतिहास की घटनाएं एक खास भूक्षेत्र पर घटित होती हैं। भूक्षेत्र का रूप-स्वरूप स्थायी नहीं रहता। उत्पादन के साधनों में भी परिवर्तन होते हैं, इसलिए इतिहास के सम्यक् अध्ययन में भूगोल की महत्ता है। वैदिक कवि भी अपने परिवेश, नदियों, पर्वतों का दिल खोल कर वर्णन करते थे। साथ में तत्कालीन अर्थव्यवस्था का काव्य बिम्ब भी खींचते थे।

गांधी जी ने भी दक्षिण अफ्रीका के तत्कालीन अर्थतंत्र का वर्णन किया- दक्षिण अफ्रीका के गाय और बैल हिंदुस्तान के गाय-बैलों से से अधिक बड़े और मजबूत होते हैं।' दक्षिण अफ्रीका में अंगूर हैं, अन्य मीठे फल हैं। आम भी है, लेकिन गांधी जी के अनुसार आमों की गुठलियां हिंदुस्तानी ही ले गए थे। गांधी जी ने इतिहास लेखन में भाषा को भी प्रमुख स्थान दिया है। मार्क्सवादी चिंतक डॉ. रामविलास शर्मा ने याद दिलाया है 'जो लोग नस्लवादी दृष्टि से इतिहास लिखते हैं, उनके लिए अफ्रीका का इतिहास काले आदमियों का इतिहास है। गांधी जी का दृष्टिकोण इससे भिन्न है। वह काले आदमियों में उनकी भाषाओं और जातियों की पहचान करते हैं।'

अध्ययन के सभी विषयानुशासन मनुष्य के गढ़े हैं, मनुष्य के लिए हैं। वृहत्तर मानवता का लोकमंगल ही सभी विषयों के ज्ञान का लक्ष्य है। इतिहास में लोकमंगल साधने का कर्मयोग और व्यवहार शास्त्र पसरा हुआ है। स्वाभाविक ही इतिहास लेखन, संकलन और अध्ययन का कार्य लोकमंगल के लक्ष्य से जुड़ा होना चाहिए। मूलभूत प्रश्न यह है कि भारतीय उपमहाद्वीप की इतिहास देखने की प्राचीन दृष्टि क्या थी? क्या मिथकीय ही थी? क्या तथ्यों को झुठलाने की लत थी? क्या महाकाव्यों पुराणों और उसके भी पहले रचे गए वैदिक साहित्य के नायक काल्पनिक ही हैं? पूर्वजों की ऐसी ही इतिहास दृष्टि क्यों थी?

आधुनिक इतिहासकारों का एक वर्ग इतिहास में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को सही और जरूरी मानता है। इस दृष्टिकोण से वैदिक साहित्य-इतिहास में क्या खामियां हैं? क्या मार्क्सवाद इतिहास लेखन ही वैज्ञानिक है? इस तरह तो कार्ल मार्क्स के पहले का समूचा इतिहास लेखन अवैज्ञानिक होगा? ऐसी प्रश्नावली बड़ी हो सकती है। मसलन क्या पुरातात्विक साक्ष्य ही प्रमाण है? शब्द अनुभूति श्रुति स्मृति क्यों बकवास हैं? उसी कालखंड का प्रेमपूर्ण समाज क्यों महत्वपूर्ण नहीं है?

# क्या टूटी सड़कें ही गांव से गुजरेंगी!

हर गांव की सांसें उसके रास्तों से जुड़ी होती हैं। यह रास्ते केवल मिट्टी और पत्थरों का बंधा हुआ मार्ग नहीं होते, बल्कि उससे गुजरने वाले हजारों लोगों के जीवन की धड़कन होते हैं। वे उनकी दिन-प्रतिदिन की मुश्किलों और भविष्य की उम्मीद का मिश्रण होते हैं। बात जब गांव की सड़कों विशेषकर उत्तराखंड जैसे पहाड़ी इलाकों के ग्रामीण क्षेत्रों की होती है, तो इसका महत्व और भी बढ़ जाता है।

गांव के लोग कहते हैं कि उनकी आवाज नीति निर्धारकों तक पहुंच नहीं पाती, जिसके कारण वह अपने क्षेत्र को बेहतर बनाने की दौड़ में पीछे छूट जाते हैं। उनके प्रयासों का परिणाम केवल टूटी राहों के रूप में मिलता है, न कि बेहतर जीवन की रूपरेखा के रूप में। रेत तथा पत्थरों से ढंकी इन ऊंची-नीची धूल भरी सड़कों ने गांव के लोगों के दैनिक जीवन को कठिन बना दिया है। घरों से बुजुर्ग, युवा और बच्चे प्रत्येक दिन उसी दर्द को झेलते हैं, जिसमें सड़कें अक्सर गड्ढों से भरी रहती हैं। हर साल बारिश के मौसम में यह दिक्कत और भी बढ़ जाती है। कई बार इन मार्गों पर से होकर गुजरना इतना खतरे भरा हो जाता है कि लोग अस्पताल पहुंचने में देरी का सामना करते हैं, ज़िंदगी से जूझते हुए घर लौटते हैं, या बुनियादी चीज़ों तक नहीं पहुंच पाते।



आंचल
एक्टिविस्ट

उत्तराखंड का भौगोलिक स्वरूप पहाड़ों, घाटियों और संकरी दरारों से बना है। ऐसे में सड़कें हर गांव को जोड़ने की एक जीवनदायिनी कड़ी होती हैं, लेकिन इन कड़ियों की मजबूती रोज़मर्रा की आवश्यकता बनती जा रही है, उसी तरह लोगों को अपने घर से शहर तक पहुंचने, इलाज कराने, बच्चों को स्कूल भेजने और रोजगार के साधन खोजने की अपेक्षा बढ़ती जा रही है। गांव की सड़कों पर अधूरे काम, गड्ढों और कमजोर निर्माण के कारण यह कड़ी अक्सर टूटती नजर आती है। जहां सरकार की योजनाओं के तहत कई परियोजनाएं उत्तराखंड में ग्रामीण मार्गों को जोड़ने और सुधारने के लिए चल रही हैं, वहां हकीकत और लोगों की दास्तान अक्सर विपरीत रहती है।

> उत्तराखंड का भौगोलिक स्वरूप पहाड़ों, घाटियों और संकरी दरारों से बना है। ऐसे में सड़कें हर गांव को जोड़ने की एक जीवनदायिनी कड़ी होती हैं। लोगों को अपने घर से शहर तक पहुंचने, इलाज कराने, बच्चों को स्कूल भेजने और रोजगार के साधन खोजने की अपेक्षा बढ़ती जा रही है।

वर्ष 2025 में भारी बारिश से 166 ग्रामीण सड़कें बंद हो गईं थीं और कई पुल क्षतिग्रस्त हो गए थे। इससे ग्रामीण जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। इस तरह की कठिन परिस्थितियों के चलते गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचना एक बड़ा सवाल बन जाता है। अस्पताल जाने के लिए कई किमी ऊबड़-खाबड़ रास्तों को पार करना पड़ता है, जिससे संभावित जीवन-संघर्ष और तनाव का सामना करना पड़ता है। उत्तराखंड में अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसी ही परिस्थितियां देखने को मिलती हैं, जहां कठिन रास्तों ने लोगों की उम्मीदों को पहाड़ों की तरह खड़ा कर दिया है। जो लोग रोज़मर्रा की इन राहों पर चलते हैं, उनकी आवाज़ की यही पुकार है कि इन मार्गों को स्थाई और मजबूत बनाया जाए, ताकि जीवन की कठिनाइयां कम हों और वे अपने सपनों की ओर बिना किसी अतिरिक्त बोझ के बढ़ सकें।

# संत रविदास के वचन और इतिहास

संतों महात्माओं का जीवन चरित्र अक्सर रहस्यमय बनकर रह जाता है। संत रविदास के बारे में भी यही बात लागू होती है। रविदास जी के जीवन के संबंध में जो भी थोड़ी सी जानकारी प्राप्त होती है, उसके अग्रसारित तीन प्रकार हैं। 1-रविदास जी की अपनी वाणी, जिसमें जगह-जगह प्रसंगवश उनके जीवन से संबंधित कुछ घटनाओं का संकेत है। 2- उनके समकालीन संतों व भक्तों की रचनाएं, जिनमें रविदास जी के बारे में थोड़ा बहुत उल्लेख पाया जाता है। 3- कुछ प्रमुख ऐतिहासिक व्यक्ति, जिनसे रविदास जी का संबंध माना जाता है।

रविदास जी की वाणी का प्राचीनतम संग्रह आदि ग्रंथ में मिलता है, जिसमें अनेक जाति व धर्म के संतों की बातें संकलित हैं। इसका संकलन गुरु अर्जुन देव महाराज ने किया था। यह ग्रंथ 1640 ईस्वी में संपूर्ण हुआ था। इसमें रविदास जी के 40 पद हैं। इनमें से 22 पद कुछ परिवर्तन के साथ रविदास वाणी की अन्य पांडुलिपियों में भी मिलते हैं। इन पांडुलिपियों के आधार पर संत गुरु रविदास वाणी नामक पुस्तक डॉ. बीडी प्रसाद शर्मा ने संवत 2035 में प्रकाशित की है, जिसमें 177 पद और 41 सखियां संग्रित हैं। आचार्य पृथ्वी सिंह आजाद द्वारा लिखित पुस्तक रविदास दर्शन 1973 ईस्वी में प्रकाशित है। इसी प्रकार रविदास जी के समकालीन संत कबीर और गुरु नानक को बोलियों का प्रमाण रविदास जी का जीवन काल निर्धारण करने में विशेष महत्व रखता है।



करन सिंह मौर्य
वरिष्ठ पत्रकार

जहां तक ऐतिहासिक प्रमाणों का संबंध है, संत रविदास और संत कबीर दोनों ही अपनी-अपनी वाणी में एक-दूसरे का वर्णन करते हैं। एक अन्य घटना जो रविदास जी के जन्म और मृत्यु काल को निश्चित करने में सहायक हो सकती है, वह मीरा बाई का उनसे दीक्षा लेना। आचार्य पृथ्वी सिंह आजाद के अनुसार, रविदास जी का जन्म विक्रमी संवत 1433 (1373 ईस्वी) में माघ शुक्ल पूर्णिमा दिन रविवार को हुआ। गुरु रविदास जी के जन्म के संबंध में संत करम सिंह लिखित एक दोहा प्रचलित है-चौदह सौ तैंतीस की माघ सुदी पंदरास। दुखियों के कल्याण हित प्रगति स्री रविदास।

रविदास जी की मृत्यु के बारे में एक अन्य दोहा प्रचलित है, जिससे यह सिद्ध होता है कि रविदास जी की मृत्यु 1527 ईस्वी में चित्तौड़ में हुई थी। पंद्रह सौ चउअसी भई चित्तौड़ मंह भीर। जर-जर देह कंचन भई, रवि-रवि मिल्यो शरीर। इस आधार पर रविदास जी की उम्र 151 वर्ष बनती है। इस पर आचार्य पृथ्वी सिंह आजाद का कहना है कि रविदास जैसे परम योगी आचार्य वन सात्विक वृत्ति वाले सद्गृहस्थ के लिए इतनी लंबी आयु भोगना कोई असंभव बात नहीं है।

बेणी प्रसाद शर्मा और धर्मपाल मैनी ने रविदास की मृत्यु को उक्त तिथि को स्वीकार करते हुए जन्म काल 1399 ई. मानकर उनका जीवन काल 128 वर्ष माना है। महात्मा चरण दास कुरील ने रविदास का जन्म काल 1414 ई. माना है। उन्होंने यह दिखाया है कि माघ शुक्ल पूर्णमा तिथि को रविवार पड़ता है, इसी कारण रविदास नाम दिया जाना संभव प्रतीत होता है। ज्ञानी बरकत सिंह आनंद तथा दर्शन सिंह ने भी इसका समर्थन किया है।


# बजट: ट्रंप टैरिफ के काउंटर की उम्मीदें

> यह ट्रंप टैरिफ के प्रभावी होने के बाद का पहला बजट है, ऐसे में बजट में एक और टैरिफ को काउंटर करने की नीति और दूसरी ओर आर्थिक विकास की गति जारी रखने वाले कदमों के मद्देनजर लिए गए सुधारों की गति बरकरार रखने की आवश्यकता होगी।

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को बजट में आर्थिक विकास की गति बनाए रखने की चुनौती होगी, क्योंकि यह ट्रंप टैरिफ के प्रभावी होने के बाद का पहला बजट है। ऐसे में टैरिफ को काउंटर करने की नीति और दूसरी ओर आर्थिक विकास की गति बरकरार रखने की आवश्यकता होगी, जिसमें मुख्य रूप से विनिर्माण, तकनीकी-नवाचार, रोजगार सृजन, ढांचागत अवसंरचना, युवा-महिला कल्याण, शिक्षा व स्वास्थ्य जैसी सुविधाओं का विस्तार के साथ ही गांव-किसान का कल्याण शामिल है।

भारत के आर्थिक सुधारों के अभियान को बीती 27 जनवरी, को भारत और यूरोपीय संघ के 27 देशों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते से बड़ी गति मिलने की उम्मीद है। यह न सिर्फ व्यापारिक बल्कि रणनीतिक दृष्टि से भी एक बहुत बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। भारत और यूरोपीय संघ के बीच एफटीए के लिए बातचीत का सिलसिला 20 वर्ष पुराना है। 2007 में शुरू हुई यह बातचीत 2026 के जनवरी माह में अंजाम पर पहुंची। भारत के लिए यह समझौता हर दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

यूरोपीय संघ और भारत मिलकर विश्व की जीडीपी का लगभग एक चौथाई हिस्सा हैं और वैश्विक व्यापार में इनकी भागीदारी एक तिहाई के करीब है। इनकी जनसंख्या का आकार लगभग दो अरब के आसपास है। इस समझौते के बाद भारत यूरोप के विश्व बाजार तक अपने उत्पादों को पहुंचाने में सफल होगा, जिसमें मुख्य रूप से कपड़ा, चमड़ा, आभूषण व रत्न आदि लगभग शून्य शुल्क के साथ निर्यात किए जा सकेंगे। वहीं यूरोपीय संघ के 27 देशों से तकनीकी उपकरण, ऑटोमोबाइल उत्पाद, मशीनरी, रसायन इत्यादि सस्ते दामों पर भारत मेंउपलब्ध होंगे।



प्रो. एचसी पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

ट्रंप टैरिफ के बाद भारत ने पिछले वर्ष आर्थिक सुधार व ढांचागत विकास को गति देने की दिशा में कई कदम उठाए। यही कारण है कि औद्योगिक उत्पादन दर बीते दिसंबर माह में पिछले दो वर्षों के शीर्षतम स्तर पर रहा, इसका कारण ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस एवं प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव सहित दर्जनों सुधार के कदमों को समझा जा सकता है। यूरोपियन संघ के साथ यह व्यापार समझौता रोजगार के नए अवसरों को उत्पन्न करेगा, जिससे घरेलू अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी।

इस व्यापार समझौते से एमएसएमई क्षेत्र के लिए नए अवसर खुलेंगे और महिलाओं, युवाओं व पेशेवरों के लिए रोजगार उत्पन्न होगा, सेवाओं के क्षेत्र में बाजार तक पहुंच बढ़ेगी, जिसमें मुख्यतः डिजिटल सेवाओं के विस्तार को अवसर मिलेगा, भारतीय पारंपरिक चिकित्सा पद्धति से जुड़े विशेषज्ञ व प्रशिक्षकों को यूरोप के देशों में कार्य करने का मार्ग प्रशस्त होगा। इस संदर्भ में मूडीज़ रेटिंग्स का भी मानना है कि यह समझौता मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के साथ रोजगारपरक केंद्रों के निर्माण में सहायक होगा।

इस बजट में आवश्यकता है कि विनिर्माण की गति तेज करने के लिए भारत को लॉजिस्टिक और नीतिगत सुधारों की रफ्तार तेज रखने के प्रावधान करने होंगे। प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव योजना से विनिर्माण क्षेत्र को काफी गति मिली है, इसको जारी रखने की आवश्यकता है। इसके साथ ही आपूर्ति श्रृंखला का सुदृढ़ीकरण किया जाना आवश्यक है। इसके लिए श्रम शक्ति का कौशल व नवाचार क्षमता बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण का प्रावधान तथा शोध व विकास कार्य को प्राथमिकता देना होगा।

महिला सशक्तिकरण, एआई, रोबोटिक्स, नवाचार के लिए अनुसंधान केंद्रों को प्रोत्साहित करना भी जरूरी है। टैरिफ वार के बीच एफटीए के माध्यम से उभरते नए बाजार-केंद्रित योजनाओं का प्रोत्साहन, डिजिटल इंडिया को केंद्र में रखते हुए डिजिटलीकरण के विस्तार पर विशेष बल देना होगा। विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) योजना के अमल में आने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था विशेष रूप से कृषि, पशुपालन, औद्यानिकी, वानिकी, मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन, हस्तशिल्प और डेयरी व्यवसाय इत्यादि क्षेत्रों को गति मिलेगी।

विकसित भारत व ग्रामीण विकास की इस योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए बजट में विशेष ध्यान देना होगा तभी ग्राम स्वराज की स्थापना हो सकेगी और गांव में रोजगार उपलब्ध हो सकेगा। कुल मिलाकर इस बजट पर आम और खास सभी वर्गों की नजर होगी, यह बजट विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त करने की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है।

# सुनो नहरों की पुकार: जब आस्था पर्यावरण से संवाद करती है

जब हम पूजा, परंपरा और श्रद्धा की बात करते हैं, तो अक्सर भूल जाते हैं कि धर्म का मूल उद्देश्य जीवन की रक्षा है- विनाश नहीं। जल, जो जीवन का आधार है, वही यदि हमारी आस्था के नाम पर अपवित्र हो जाए, तो यह आत्ममंथन का विषय बनता है। 'सुनो नहरों की पुकार' ऐसा ही एक जनजागरण अभियान है, जो हमें हमारी ही भूलों से रूबरू कराता है और बताता है सच्ची पूजा क्या है!



डॉ. प्रियंका सौरभ
लेखिका

नहरें सिर्फ़ पानी का बहाव नहीं हैं। वे खेतों की हरियाली, पशुओं की प्यास, गांवों की संस्कृति और सभ्यता की धमनियां हैं। इन्हीं नहरों के सहारे किसान अपने खेतों में सोना उगाता है। पशु जीवन पाते हैं और ग्रामीण समाज की अर्थव्यवस्था चलती है। परंतु आज यही जीवन रेखाएं हमारी असावधानी और अंधी परंपराओं के कारण कराह रही हैं।

पूजा के बाद की सामग्री— मूर्तियाँ, फूल, कपड़े, प्लास्टिक, सिंदूर, अगरबत्ती, नारियल, यहां तक कि मृत पालतू पशु नहरों में प्रवाहित कर दिए जाते हैं। जो कर्म श्रद्धा के नाम पर किए जाते हैं, वे दरअसल प्रकृति के विरुद्ध अपराध बन चुके हैं।

इसी पीड़ा और चिंता से जन्मा 'सुनो नहरों की पुकार' अभियान। इसकी शुरुआत रोहतक में डॉ. जसमेर सिंह हुड्डा (संयोजक) और हिसार में माननीय भूपेंद्र सिंह गोदारा के प्रयासों से हुई। यह कोई एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि वर्षों की तपस्या और निरंतर जागरूकता का परिणाम है।

यह अभियान न किसी राजनीतिक लाभ के लिए है, न किसी संगठनात्मक प्रसिद्धि के लिए। इसका उद्देश्य केवल एक है- नहरों को प्रदूषण से मुक्त करना और समाज की सोच में बदलाव लाना। गुरेरा गांव की मिट्टी से उठे मास्टर भूपेंद्र गोदारा ने इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चले अनेक जागरूक साथी।

यह संकट केवल कृषि तक सीमित नहीं है। नहरों का पानी पीने वाले पशु, पक्षी और अन्य जीव रोगग्रस्त हो जाते हैं। वैज्ञानिक लगातार चेतावनी दे रहे हैं कि जल प्रदूषण मानव स्वास्थ्य के लिए एक मौन आपदा बन चुका है। यदि नहरें बचेंगी तो खेत हरे-भरे रहेंगे, पशु-पक्षी सुरक्षित रहेंगे और आने वाली पीढ़ियां स्वच्छ जल का उपहार पाएंगी।

# नासिक की पहचान बदल रहा है वाइन उद्योग

प्याज, लहसुन और फूलों समेत सब्जियों के लिए ख्यात नासिक अब वाइन उद्योग को बढ़ावा देने में लगा है, लेकिन क्या यह बाजार के अलावा व्यापक समाज के लिए भी मुनासिब होगा? अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के देशों ने यही गलती तंबाकू के साथ की थी, जहां आम लोग एक किलो खाद्यान्न पर एक सिगरेट को प्राथमिकता देने लगे थे। क्या वाइन उद्योग भी नासिक इलाके में यही करेंगे?



महाराष्ट्र के नासिक ज़िले की सह्याद्रि पहाड़ियों में फैले 'वाइन यार्ड' आज एक ऐसे पर्यटन मॉडल का प्रतीक बन चुके हैं, जिसे आकर्षक शब्दों में 'वाइन टूरिज़्म' कहा जाता है। चमकदार ब्रांडिंग, दूर-दूर तक फैले अंगूर के बागान, टेस्टिंग रूम, कैफे, संगीत, खुले लॉन और फ़ोटो-स्पॉट। यह पूरा परिदृश्य किसी सामान्य पारिवारिक सैरगाह जैसा प्रतीत होता है, लेकिन इस आकर्षक दृश्य के पीछे एक चिंताजनक सामाजिक-सांस्कृतिक तथा पर्यावरणीय कहानी छिपी है, जिसे पर्यटन के उत्साह में अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है।



कुमार सिद्धार्थ
वरिष्ठ पत्रकार

पिछले दिनों हमें ऐसे ही एक यार्ड का भ्रमण करने का अवसर मिला, जिसे 'वाइन पर्यटन' का अग्रदूत माना जाता है। यहां आने वाले पर्यटक वाइन बनाने की प्रक्रिया देखने के साथ-साथ उसे चखते हैं। स्वाद लेते हैं। बोतलें खरीदते हैं और तथाकथित 'लाइफ़ स्टाइल अनुभव' का हिस्सा बनते हैं। यही मॉडल अब नासिक और आसपास के क्षेत्रों में अन्य वाइन ब्रांड्स द्वारा भी अपनाया जा रहा है। इन सभी परिसरों में शराब को केवल एक उत्पाद के रूप में नहीं, बल्कि आधुनिकता, आनंद और सामाजिक प्रतिष्ठा के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया जाता है।

यूं तो पर्यटन का उद्देश्य किसी स्थान की संस्कृति, प्रकृति, इतिहास और वहां के लोगों से जुड़ना होता है, लेकिन 'वाइन पर्यटन' का मौजूदा स्वरूप इससे अलग दिशा में जाता दिखता है। यहां स्थानीय ग्रामीण जीवन, किसानों की वास्तविक परिस्थितियां और क्षेत्र की पारंपरिक संस्कृति हाशिये पर चली जाती है। केंद्र में रहता है ब्रांड, बाज़ार और प्रदर्शन। यह ऐसा पर्यटन है, जिसमें आनंद उपभोग से तय होता है। भारतीय समाज की सामूहिकता, सादगी और संयम की परंपरा इस मॉडल से सीधे टकराती है।

नासिक को भारत की 'वाइन कैपिटल' कहा जाता है। अनुमान है कि भारत में लगभग 70–80 वाइनरी हैं, जिनमें से 60 प्रतिशत से अधिक महाराष्ट्र में हैं और इनका बड़ा हिस्सा नासिक क्षेत्र में केंद्रित है। नासिक, सांगली, सोलापुर (आकलूज) और पुणे जैसे इलाकों को मिलाकर लगभग 45–50 वाइनरी सक्रिय या अर्ध-सक्रिय मानी जाती हैं। सरकारी नीतियां, निर्यात की संभावनाएं और पर्यटन इस विस्तार को लगातार गति दे रहे हैं, लेकिन यह विस्तार केवल आर्थिक अवसर नहीं लाता; इसके साथ सामाजिक और पर्यावरणीय दबाव भी बढ़ते हैं।

भारत विश्व के प्रमुख अंगूर उत्पादक देशों में शामिल है। देश में हर वर्ष लगभग 30–32 लाख टन अंगूर का उत्पादन होता है, जिसमें 55–60 प्रतिशत हिस्सेदारी महाराष्ट्र की है। नासिक अकेले भारत के कुल अंगूर उत्पादन का लगभग एक तिहाई करीब 9–11 लाख टन पैदा करता है। यह उत्पादन लगभग 1.4–1.5 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में फैली खेती से आता है।

वाइन परिसरों में सबसे चिंताजनक दृश्य बच्चों की निर्बाध मौजूदगी है। छोटे बच्चे अपने माता-पिता और अन्य वयस्कों को वाइन-टेस्टिंग करते, बोतलें खरीदते और शराब को उत्सव से जोड़ते देखते हैं। बचपन में देखे गए अनुभव ही मूल्यबोध की नींव रखते हैं। इस तरह शराब एक प्रकार के सांस्कृतिक प्रशिक्षण का हिस्सा बन जाती है, जिसका प्रभाव आने वाले दशकों में दिखाई देगा। यह केवल नैतिक प्रश्न नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व का मुद्दा है। असल सवाल यह है कि हम किस तरह का समाज गढ़ रहे हैं? क्या हम अपनी अगली पीढ़ी को यह सिखाना चाहते हैं कि आनंद, आधुनिकता और सामाजिक स्वीकृति का रास्ता मद्यपान से होकर गुजरता है?

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

न्यूज ब्रीफ

## रविदास जयंती पर योगी ने दीं शुभकामनाएं



अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संत शिरोमणि रविदास की जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा कि माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर ही संत रविदास जी का जन्म हुआ था, इसलिए यह तिथि आध्यात्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से विशेष महत्व रखती है। मुख्यमंत्री ने माघ पूर्णिमा पर संगम में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं और कल्पवासियों के सुख, स्वास्थ्य और मंगलमय जीवन की कामना की तथा स्वच्छता, अनुशासन और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के पालन की अपील की।

## राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान 31 मार्च तक

अमृत विचार, लखनऊ : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के सचिव जीवक कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व मीडियेशन एवं कंसीलियेशन प्रोजेक्ट कमेटी, सर्वोच्च न्यायालय के तत्वावधान में देशभर में राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान 2.0 संचालित किया जा रहा है। यह अभियान 31 मार्च तक प्रभावी रहेगा। अभियान का उद्देश्य न्यायालयों में लंबित मामलों का मध्यस्थता के माध्यम से त्वरित, सरल एवं सौहार्दपूर्ण निस्तारण कर न्याय प्रक्रिया को सुलभ और समयबद्ध बनाना है। अभियान के अंतर्गत वैवाहिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा, चेक बाउंस, उपभोक्ता, वाणिज्यिक एवं अन्य उपयुक्त मामलों का समाधान मध्यस्थता के माध्यम से कराया जाएगा। नागरिकों से अभियान में सहभागिता की अपील की गई है।

## मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर 22 को

अमृत विचार, लखनऊ : राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व कार्यपालक अध्यक्ष/वरिष्ठ न्यायमूर्ति, उप्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 22 फरवरी को लखनऊ में वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के तत्वावधान में किया जाएगा। सचिव जीवक कुमार सिंह ने बताया कि शिविर का आयोजन जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मलखान सिंह के निर्देशन में सुनिश्चित किया गया है। शिविर का उद्देश्य समाज के निर्बल, वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों को नि:शुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराना तथा विभिन्न सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ एक ही मंच पर प्रदान करना है।

## लखनऊ में जुटेंगी दिग्गज फार्मा कंपनियां

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश को देश का प्रमुख फार्मास्यूटिकल और मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की ठान ली है। 3 फरवरी को राजधानी लखनऊ स्थित होटल ताज में "फार्मा कॉन्क्लेव 1.0 : इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटीज इन उत्तर प्रदेश" का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देश-दुनिया की दिग्गज फार्मा कंपनियां आएंगी और निवेश के नए अवसरों पर मंथन होगा। एफएसडीए के सचिव एवं आयुक्त डॉ. रोशन जैकब ने बताया कि कॉन्क्लेव का आयोजन उत्तर प्रदेश खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) और इन्वेस्ट यूपी द्वारा किया जा रहा है। कॉन्क्लेव का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे, जबकि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन-उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा वीडियो संदेश के माध्यम से निवेशकों को संबोधित करेंगे।

## पीएम सूर्य घर योजना में 10.94 लाख आवेदन

अमृत विचार, लखनऊ : केंद्र सरकार की पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से यूपी देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है। राष्ट्रीय पोर्टल के अनुसार, देशभर में अब तक 58.36 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से अकेले उत्तर प्रदेश से 10.94 लाख से अधिक आवेदन दर्ज किए गए हैं। योगी सरकार की सक्रिय नीतियों और यूपीनेडा व वितरण कंपनियों के समन्वित प्रयासों से प्रदेश में अब तक 3.57 लाख से अधिक रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित किए जा चुके हैं। इससे राज्य की कुल स्थापित सौर क्षमता 1,227 मेगावाट से अधिक हो गई है। योजना के तहत उपभोक्ताओं को अब तक 2,440 करोड़ से अधिक केंद्रीय सब्सिडी और लगभग 600 करोड़ की राज्य सब्सिडी दी जा चुकी है।

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर दो ग्राम पंचायतों के नाम बदले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- फिरोजाबाद और हरदोई की पंचायतों के नाम परिवर्तन को मिली मंजूरी

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में दो ग्राम पंचायतों के नाम परिवर्तित किए गए हैं। राज्य सरकार ने स्थानीय जनभावनाओं और प्रशासनिक प्रस्तावों के आधार पर यह निर्णय लिया है।

सरकारी आदेश के अनुसार, फिरोजाबाद जनपद के शिकोहाबाद तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत वासुदेवमई में स्थित ग्राम उरमुरा किरार का नाम परिवर्तित कर अब हरिनगर कर दिया गया है। इसी प्रकार हरदोई जनपद के विकास खंड भरावन की ग्राम पंचायत हाजीपुर का नाम बदलकर सियारामपुर किये जाने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश सरकार के अनुसार, नाम परिवर्तन का उद्देश्य स्थानीय सामाजिक-सांस्कृतिक पहचान को सम्मान देना और ग्राम पंचायतों की पहचान को और सुदृढ़ करना है। नाम परिवर्तन से संबंधित सभी प्रशासनिक अभिलेखों, राजस्व रिकॉर्ड और सरकारी दस्तावेजों में आवश्यक संशोधन किए जाने के निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं।




फिल्म 'गोदान' के निर्माता-निर्देशक ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर फिल्म का ट्रेलर लांच किया गया।

## योगी से मिले 'गोदान' फिल्म के निर्माता-निर्देशक, ट्रेलर लांच

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमाता के संरक्षण, भारतीय संस्कृति में उसके महत्व और पंचगव्य आधारित वैज्ञानिक दृष्टिकोण को केंद्र में रखकर बनी फिल्म गोदान के निर्माता-निर्देशक ने शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर फिल्म का ट्रेलर लांच किया गया। निर्माता-निर्देशक विनोद चौधरी ने कहा कि प्रदेश में गो-रक्षा को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जो ठोस, व्यापक और जमीनी स्तर पर कार्य हुआ है, वही इस फिल्म के निर्माण की सबसे बड़ी प्रेरणा बना। फिल्म में पंचगव्य से "पंच परिवर्तन" की अवधारणा को वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ प्रस्तुत किया गया है। विनोद चौधरी द्वारा निर्मित व निर्देशित फिल्म 'गोदान' 6 फरवरी को देशभर में एक साथ रिलीज होगी। निर्माता ने मुख्यमंत्री को फिल्म की विषयवस्तु, उद्देश्य और सामाजिक संदेश से अवगत कराते हुए कहा कि यह फिल्म केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि गोमाता, भारतीय संस्कृति, वैज्ञानिक चेतना और सामाजिक जिम्मेदारी का समग्र दस्तावेज है।

# एटा का पटना पक्षी अभयारण्य रामसर साइट सूची में शामिल

### वेटलैंड दिवस से पहले यूपी को मिली अंतरराष्ट्रीय पहचान, बना 11वां रामसर स्थल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पीएम मोदी और सीएम योगी ने दी बधाई, जैव विविधता संरक्षण को लेकर बड़ी उपलब्धि

**अमृत विचारः** विश्व वेटलैंड्स दिवस (2 फरवरी) से पहले प्रदेश को बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। केंद्र सरकार ने एटा जनपद स्थित पटना पक्षी अभयारण्य को रामसर साइट्स की सूची में शामिल कर लिया है। इसके साथ ही प्रदेश में रामसर स्थलों की संख्या 10 से बढ़कर 11 हो गई है। इस अंतरराष्ट्रीय मान्यता पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेशवासियों को बधाई दी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में वर्ष 2017 के बाद से आर्द्रभूमि, वन्यजीव और जैव विविधता संरक्षण के लिए किए गए निरंतर प्रयासों का यह परिणाम माना जा रहा है। 108.86 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैला पटना पक्षी विहार एक लाख से अधिक जल-पक्षियों की संरक्षण क्षमता रखता है। सर्दियों के मौसम में यहां बड़ी संख्या में प्रवासी पक्षियों का आगमन होता है। वर्ष 1990 में इसे अभयारण्य घोषित किया गया था, जिसका नाम जलेसर तहसील के पटना गांव के नाम पर रखा गया।



### प्रदेश के रामसर स्थल

नवाबगंज (उन्नाव), पार्वती अरगा (गोंडा), समान (मैनपुरी), समसपुर (रायबरेली), सरसई नावर (इटावा), सांडी (हरदोई), सूर सरोवर (आगरा), बखीरा (संतकबीर नगर), ऊपरी गंगा नदी (बुलंदशहर), हैदरपुर वेटलैंड (मुजफ्फरनगर) और पटना पक्षी अभयारण्य (एटा)।

यह अभयारण्य 178 प्रजातियों के पक्षियों का आश्रय स्थल है। यह क्षेत्र 44 से अधिक जल-पक्षी प्रजातियों और चार आर्द्रभूमि पक्षी प्रजातियों- सरकिडियोर्निस मेलानोटस, अनहिंगा मेलानोगास्टर, मारेका स्ट्रेपेरा और एंसर की वैश्विक जैव-भौगोलिक आबादी के एक प्रतिशत से अधिक का संरक्षण करता है। गर्मियों में आसपास की आर्द्रभूमियों के सूख जाने पर यह स्थल सारस क्रेन का प्रमुख आश्रय बन जाता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को वैश्विक पहचान मिल रही है। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने इसे जैव विविधता और पारिस्थितिक तंत्र संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

## वेटलैंड दिवस पर बर्ड फेस्टिवल कल से

अमृत विचार, लखनऊ : विश्व आर्द्रभूमि (वेटलैंड) दिवस के अवसर पर 2 फरवरी को ललितपुर स्थित महावीर स्वामी पक्षी विहार में बर्ड फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव की शुरुआत प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह करेंगे। आयोजन का उद्देश्य वेटलैंड संरक्षण के साथ-साथ जैव विविधता और पक्षी संरक्षण के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाना है। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार ने शनिवार को अरण्य भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बर्ड फेस्टिवल में देशभर से पक्षी प्रेमी, पर्यावरणविद् और विशेषज्ञ भाग लेंगे। मंत्री ने पटना पक्षी विहार को रामसर साइट घोषित किए जाने पर विभागीय अधिकारियों की भी सराहना की।

# बजट पर टिकीं आम आदमी की नजरें

### महंगाई, टैक्स और रोजगार पर राहत की सबसे बड़ी उम्मीद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** यूनियन बजट 2026 को लेकर इस बार प्रदेश के आम लोगों की उम्मीदें पहले से कहीं अधिक बढ़ गई हैं। लगातार बढ़ती महंगाई, सीमित रोजगार के अवसर और रोजमर्रा के खर्चों के दबाव ने आम परिवारों की आर्थिक चुनौतियां बढ़ा दी हैं। ऐसे में 1 फरवरी को पेश होने वाले आम बजट को लेकर शहरों से गांवों तक चर्चा है। आम आदमी को उम्मीद है कि इस बार बजट में केवल बड़े आंकड़ों और घोषणाओं के बजाय उसकी रोजमर्रा की परेशानियों पर ठोस फैसले लिए जाएंगे।

हर वर्ग चाहे वह किसान हो, युवा हो, नौकरीपेशा हो या मध्यम वर्ग की नजरें 1 फरवरी के बजट पर टिकी हैं। सबको उम्मीद है कि यह बजट केवल आर्थिक विकास नहीं, बल्कि आम आदमी की जेब और भविष्य दोनों को संबल देने वाला साबित होगा। लखनऊ, कानपुर, बरेली, मुरादाबाद, प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर और मेरठ जैसे बड़े शहरों में नौकरीपेशा और मध्यम वर्ग की सबसे बड़ी अपेक्षा इनकम टैक्स में राहत को लेकर है। लोगों का कहना है कि बढ़ती महंगाई के बीच टैक्स स्लैब में छूट और मानक कटौती बढ़ाए जाने से उनकी जेब पर पड़ रहा दबाव कुछ कम हो सकता है। साथ ही सीनियर सिटीजन के लिए रेलवे रियायतों की बहाली और स्वास्थ्य सेवाओं पर अतिरिक्त प्रावधान की मांग भी सामने आ रही है।

विशेषज्ञों के मुताबिक, बजट में कृषि आपूर्ति श्रृंखला, कोल्ड स्टोरेज, फूड प्रोसेसिंग और परिवहन लागत घटाने पर जोर दिया गया, तो इसका सीधा लाभ यूपी को मिलेगा, क्योंकि देश की बड़ी आबादी और कृषि उत्पादन यहीं केंद्रित है। सरकारी नौकरियों पर निर्भरता कम करते हुए एमएसएमई, स्टार्टअप और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को मजबूती देना जरूरी है।

### रोजगार और शिक्षा पर युवाओं की निगाहें




प्रदेश के युवाओं की निगाहें रोजगार और शिक्षा पर टिकी हैं। बुंदेलखंड, पूर्वांचल और तराई क्षेत्रों के युवाओं का कहना है कि बजट में रोजगार सृजन को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। औद्योगिक निवेश के साथ-साथ कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा और स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने से युवाओं को स्थायी रोजगार मिल सकता है। युवाओं की यह भी अपेक्षा है कि शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए पर्याप्त बजटीय प्रावधान किए जाएं।

### किसानों को चाहिए सब्सिडी और एमएसपी

ग्रामीण इलाकों और किसान परिवारों के लिए भी यह बजट बेहद अहम माना जा रहा है। पश्चिमी यूपी से लेकर पूर्वांचल तक किसानों को खेती की बढ़ती लागत, खाद-बीज के दाम और सिंचाई खर्च की चिंता है। किसान चाहते हैं कि कृषि क्षेत्र के लिए सब्सिडी, न्यूनतम समर्थन मूल्य और कृषि अवसंरचना पर बजट में ठोस कदम उठाए जाएं। इसके साथ ही ग्रामीण रोजगार, सिंचाई परियोजनाओं और गांवों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की भी मांग उठ रही है।

### दैनिक उपयोग की वस्तुओं में राहत की उम्मीद

महंगाई से जूझ रही गृहिणियों और आम परिवारों को रसोई गैस, खाद्य पदार्थों और दैनिक उपयोग की वस्तुओं के दामों में राहत की उम्मीद है। लोगों का कहना है कि यदि बजट में महंगाई नियंत्रित करने के उपायों और बचत को प्रोत्साहित करने वाली योजनाओं की घोषणा होती है, तो आम आदमी को वास्तविक राहत मिल सकती है।

# पांच आईएएस अफसरों का तबादला

- नगेंद्र प्रताप बने आगरा मंडल के कमिश्नर, एक प्रमुख सचिव को अतिरिक्त प्रभार, कई जिलों को मिले नए सीडीओ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल करते हुए पांच वरिष्ठ अधिकारियों के तबादले और एक प्रमुख सचिव को अतिरिक्त प्रभार के आदेश दिए हैं। नगेंद्र प्रताप, जो अब तक यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पद पर तैनात थे, उन्हें आगरा मंडल का आयुक्त (कमिश्नर) नियुक्त किया गया है।

वहीं, मऊ के मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) प्रशांत नागर को फिरोजाबाद का नगर आयुक्त बनाया गया है। इसके साथ ही उन्हें फिरोजाबाद-शिकोहाबाद विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष भी नियुक्त किया गया है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग में उप सचिव के पद पर तैनात विवेक कुमार श्रीवास्तव को मऊ का नया मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया है। मथुरा के मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीणा को स्थानांतरित करते हुए यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण का अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनकी जगह गाजियाबाद में संयुक्त मजिस्ट्रेट के पद पर कार्यरत डॉ. पूजा गुप्ता को मथुरा का मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया है। खाद्य एवं रसद तथा उपभोक्ता मामले विभाग के प्रमुख सचिव रणवीर प्रसाद को उनके वर्तमान पद के साथ-साथ आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

## पांच पीसीएस अधिकारियों के तबादले राजेश वर्मा बने बरेली के नगर मजिस्ट्रेट

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने पीसीएस अधिकारियों के तबादले करते हुए प्रशासनिक स्तर पर फेरबदल किया है। जारी सूची के अनुसार कुल पांच अधिकारियों को नई तैनाती दी गई है। जालौन के नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा को नगर मजिस्ट्रेट बरेली बनाया गया है। इसी पद तैनात अलंकार अग्निहोत्री को गणतंत्र दिवस के दिन सरकार विरोधी कृत्यों को लेकर निलंबित करके डीएम शामली कार्यालय से संबद्ध किया जा चुका है। जारी आदेश के अनुसार, उप जिलाधिकारी प्रयागराज सुनील कुमार को नगर मजिस्ट्रेट, जालौन बनाया गया है। अपर आयुक्त, देवीपाटन मंडल गोंडा के पद पर कार्यरत कमलेश चन्द्र को उप सचिव, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज नियुक्त किया गया है। इसी क्रम में राजेश कुमार यादव-I, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति), मथुरा को अपर आयुक्त, देवीपाटन मंडल, गोंडा के पद पर स्थानांतरित किया गया है। इसके अलावा नंद प्रकाश मौर्य, उप जिलाधिकारी महाराजगंज को अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति), मथुरा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सरकार की ओर से जारी इस तबादला सूची को प्रशासनिक कार्यकुशलता बढ़ाने और विभिन्न जिलों एवं मंडलों में कार्य संतुलन बनाए रखने की दिशा में कदम माना जा रहा है।

# गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा की शुरुआत 5 से

### तीन दिवसीय अभियान में 300 केंद्रों पर लगेंगे शिविर, मिलेगा निःशुल्क इलाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन (एनएमओ) अवध एवं गोरक्ष प्रांत तथा श्री गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास की ओर से गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 6.0 की शुरुआत की जा रही है। तीन दिवसीय इस स्वास्थ्य सेवा अभियान के तहत भारत-नेपाल सीमा से सटे सुदूर, थारू बाहुल्य और सीमावर्ती क्षेत्रों में डॉक्टरों की टीमें पहुंचकर लोगों को निःशुल्क जांच और इलाज की सुविधा उपलब्ध कराएंगी।

स्वास्थ्य सेवा यात्रा की शुरुआत 5 फरवरी को उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मंत्री असीम अरुण और संघ के प्रचारक सहित अन्य अतिथि लोहिया संस्थान से करेंगे। यात्रा की जानकारी शनिवार को जियामऊ स्थित विश्व संवाद केंद्र में आयोजित प्रेसवार्ता में दी गई। इस मौके पर श्री गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. एमएलबी भट्ट, एनएमओ अवध प्रांत अध्यक्ष डॉ. संदीप तिवारी, केजीएमयू के डॉ. विजय कुमार और मीडिया प्रभारी डॉ. कपिल देव शर्मा मौजूद रहे।




लखनऊ : विश्व संवाद केंद्र में पत्रकारों को जानकारी देते श्री गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. एमएलबी भट्ट, साथ में अन्य।

डॉ. संदीप तिवारी और डॉ. एमएलबी भट्ट ने बताया कि यात्रा की रवानगी के बाद डॉक्टरों की टीमें लखीमपुर, पीलीभीत, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर और महाराजगंज के सीमांत इलाकों में पहुंचेंगी। सभी क्षेत्रों में 6 फरवरी को सुबह 9 बजे से स्वास्थ्य शिविरों की शुरुआत होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ऑनलाइन माध्यम से इन शिविरों का उद्घाटन करेंगे।

उन्होंने बताया कि 6 और 7 फरवरी को 300 केंद्रों पर विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे, जबकि 8 फरवरी को विशाल स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान निःशुल्क जांच, दवा वितरण और विशेषज्ञ परामर्श की सुविधा दी जाएगी। इस बार ढाई लाख से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं देने का लक्ष्य रखा गया है।

स्वास्थ्य सेवाओं में केजीएमयू, एम्स, एसजीपीजीआई, बीएचयू सहित देश के 70 मेडिकल कॉलेजों के एक हजार से अधिक डॉक्टर हिस्सा लेंगे। राजस्थान, महाराष्ट्र समेत अन्य राज्यों से भी चिकित्सक इस अभियान में सहयोग करेंगे। शिविरों में एक्स-रे, कैंसर, मोतियाबिंद सहित विभिन्न बीमारियों की जांच की जाएगी। साथ ही चश्मा वितरण, आयुष्मान कार्ड बनवाने जैसी सुविधाएं भी लोगों को उपलब्ध कराई जाएंगी।

पहल | उप्र. और बिहार के महिला किसान संगठनों के बीच एमओयू

# खेती में डिजिटल टेक्नोलॉजी का होगा इस्तेमाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- यूपी-बिहार मिलकर करेंगे महिला किसानों की क्षमता वृद्धि, खुलेंगे रोजगार के नए अवसर

**अमृत विचारः** खेती को आधुनिक, टिकाऊ और लाभकारी बनाने की दिशा में उप्र. और बिहार ने एक अहम पहल की है। डिजिटल तकनीक, डेटा आधारित निर्णय प्रणाली और क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश और बिहार के महिला किसान संगठनों के बीच राजधानी लखनऊ में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

यह एमओयू उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से संबद्ध महिला किसान उत्पादन संगठनों के राज्य स्तरीय संघ भूस्वामिनी और बिहार के पहले एफपीओ महासंघ बिहप्रो कन्सोर्टियम ऑफ प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के बीच हुआ। इस समझौते का मुख्य उद्देश्य महिला किसानों की क्षमता वृद्धि, आधुनिक तकनीक आधारित खेती को प्रोत्साहन, कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन तथा खरीद-बिक्री की संगठित व्यवस्था विकसित करना है। एमओयू के तहत खेती में डिजिटल टेक्नोलॉजी और डेटा के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे महिला किसान वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित निर्णय ले सकेंगी। साथ ही बदलते मौसम को ध्यान में रखते हुए क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर प्रैक्टिसेज अपनाने पर विशेष जोर रहेगा। एमओयू के माध्यम से उत्तर प्रदेश और बिहार की महिला किसान संयुक्त रूप से प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन और नवाचार आधारित कार्यक्रम संचालित करेंगी। इससे महिला किसानों को आधुनिक कृषि पद्धतियों, जलवायु अनुकूल खेती और संसाधनों के बेहतर उपयोग की जानकारी मिलेगी।



मुख्यमंत्री योगी के निर्देशों के अनुरूप प्रदेश में महिला किसानों को केवल उत्पादन तक सीमित न रखकर कृषि आधारित उद्यमिता, प्रोसेसिंग, ब्रांडिंग और मार्केट लिंकेज से जोड़ा जा रहा है। कृषि उत्पादों की खरीद-बिक्री के लिए एक पारदर्शी और सशक्त तंत्र विकसित किया जाएगा, जिससे महिला किसान संगठनों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके।

# आपदा राहत कार्यों को मिली रफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वर्ष 2025-26 में 710.12 करोड़ रुपये जारी, बाढ़ राहत पर सर्वाधिक खर्च

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों को लेकर पूरी तरह संवेदनशील और प्रतिबद्ध है। बाढ़, भूकंप, सूखा, अग्निकांड, शीतलहर और मानव-जीव संघर्ष जैसी आपदाओं से प्रभावित लोगों को त्वरित राहत पहुंचाने के लिए राहत आयुक्त कार्यालय लगातार सक्रिय हैं। इसी क्रम में वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान आपदा राहत मद में कुल 710.12 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई, जिससे प्रदेश में राहत, बचाव और पुनर्वास कार्यों को नई गति मिली है।

जारी की गई धनराशि में सबसे अधिक 365.73 करोड़ रुपये बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं पुनर्वास के लिए आवंटित किए गए। यह राशि मुख्य रूप से सरयू, गंगा और घाघरा नदी से प्रभावित इलाकों में बचाव कार्यों, क्षतिपूर्ति और पुनर्वास पर खर्च की गई। इसके अलावा चक्रवात व आंधी-तूफान से हुई क्षति के लिए 14.13 करोड़ रुपये, ओलावृष्टि से नुकसान की भरपाई के लिए 0.13 करोड़ रुपये और अग्निकांड से प्रभावितों को सहायता के लिए 14.63 करोड़ रुपये जारी किए गए। शीतलहरी से बचाव को लेकर सरकार ने विशेष प्रयास किए, जिसका सकारात्मक असर भी देखने को मिला। ठंड से निराश्रितों की सुरक्षा के लिए 50.72 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई। इसके अंतर्गत कंबल वितरण के लिए 45.51 करोड़ रुपये और अलाव जलाने के लिए 3.51 करोड़ रुपये खर्च किए गए। प्रदेश के सभी जनपदों में 27,027 स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की गई, जिनमें अब तक 1,69,834 अलाव जलाए जा चुके हैं।

राहत आयुक्त कार्यालय के अनुसार, अब तक 5,89,689 कंबल गरीबों और निराश्रितों को वितरित किए जा चुके हैं। साथ ही प्रदेश भर में 1,242 रैन बसेरे स्थापित किए गए हैं, जहां 64 हजार से अधिक लोगों को ठंड से राहत मिली है।

**ब्रह्मोस का उन्नयन निरंतर चलने वाली परियोजना**

**मॉस्को।** ब्रह्मोस क्रूज मिसाइलों का उन्नयन और आधुनिकीकरण एक निरंतर चलने वाली परियोजना है, जिसका उद्देश्य हाइपरसोनिक प्रौद्योगिकियों की ओर बढ़ना है। रूसी संयुक्त उद्यम साझेदार एनपीओ माशिनोस्ट्रोयेनिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और मुख्य डिजाइनर अलेक्जेंडर लियोनोव ने उन्नत मार्गदर्शन और नियंत्रण प्रणालियों से लैस ब्रह्मोस एक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है, जिसे पनडुब्बियों, जहाजों, विमानों या जमीन से प्रक्षेपित किया जा सकता है।

अमृत विचार
मुरादाबाद, रविवार, 1 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### एयरबस को मिला पहला एच175 हेलीकॉप्टर का ऑर्डर

**हैदराबाद।** फ्रांस की कंपनी एयरबस कॉर्पोरेट हेलीकॉप्टर्स को एक निजी भारतीय ग्राहक से तीन हेलीकॉप्टरों के लिए ऑर्डर मिले हैं। कंपनी ने शनिवार को बताया कि उसे भारत से एच175 हेलीकॉप्टर के लिए पहला ऑर्डर मिला है। साथ ही दो ओसीएच160 हेलीकॉप्टर के ऑर्डर मिले हैं। उक्त ऑपरेटर के बेड़े में एसीएच160 हेलीकॉप्टर के पहले से शामिल हैं। एच175 दो इंजन वाला सुपर-मीडियम हेलीकॉप्टर है, जिसमें कुल 16 सीटें होंगी। इसकी डिलिवरी इसी साल होने की संभावना है। दो एसीएच160 हेलीकॉप्टरों को ग्राहक विशेष जरूरत के हिसाब से तैयार किया जायेगा और उनकी डिलिवरी अगले साल होगी।

### सेल-ई-ब्रेशन रचनात्मक प्रतियोगिता शुरू की

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक इस्पात कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने भारत सरकार के डिजिटल नागरिक सहभागिता मंच माईगव के सहयोग से सेल-ई-ब्रेशन नामक रचनात्मक प्रतियोगिता शुरू की है। सेल ने कहा कि इस पहल का मकसद नए भारत के निर्माण में इस्पात की भूमिका को डिजिटल कहानी से आम जन तक पहुंचाना है। इस्पात से राष्ट्र निर्माण, सेल है मजबूत भरोसे की पहचान थीम पर आधारित प्रतियोगिता में देश के डिजिटल कंटेंट क्रिएटर्स को रील, चलचित्र और डिजिटल विज्ञापनों के जरिए अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया गया है।

### आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का लाभ 48% बढ़ा

**नई दिल्ली।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का दिसंबर 2025 को समाप्त तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 48% की वृद्धि के साथ 503 करोड़ रुपये रहा। निजी क्षेत्र के इस ऋणदाता ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 339 करोड़ का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि आलोच्य तिमाही के दौरान उसकी कुल आय बढ़कर 12,542 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 11,123 करोड़ रुपये थी। बैंक की ब्याज आय भी पिछले वर्ष की समान तिमाही के 9,343 करोड़ रुपये से बढ़कर 10,417 करोड़ रुपये रही। वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) बढ़कर 5,492 करोड़ रुपये रही।

# बैंक जमा, निवेश पर समान कर हो लागू

## एसबीआई प्रमुख शेट्टी बोले- वित्तीय बचत साधनों के लिए एक समान अवसर होने चाहिए

**मुंबई, एजेंसी**



- केंद्रीय बजट से एक दिन पहले शेट्टी ने की मांग

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन सीएस शेट्टी ने शनिवार को शेयर (इक्विटी) निवेश और बैंक जमा से होने वाली कमाई पर एक समान कर व्यवस्था लागू करने की वकालत की। केंद्रीय बजट से एक दिन पहले शेट्टी ने कहा कि दुनिया में अन्य कहीं भी कराधान में इस तरह की असमानता नहीं है और अब समय आ गया है कि भारत भी अन्य बाजारों के अनुरूप चले। उन्होंने बैंकिंग कार्यक्रम के इतर कहा कि वित्तीय बचत साधनों के लिए समान अवसर होने चाहिए।

शेट्टी ने बताया कि हालांकि वह बजट के प्रावधानों के बारे में नहीं जानते और इस तरह के कदम से राजकोषीय चुनौतियां भी हो सकती हैं, लेकिन इक्विटी के लिए किसी विशेष व्यवहार की आवश्यकता नहीं है। एक समय में आसान कराधान के माध्यम से इक्विटी निवेश को प्रोत्साहित करना सही रहा होगा, लेकिन आज जिस तरह से जोखिम भरे इक्विटी बाजार में लोगों की रुचि बढ़ रही है, वहां अब ऐसी विशेष रियायत की जरूरत नहीं है। वर्तमान में बैंक जमा पर रिटर्न करदाता के टैक्स स्लैब के अनुसार लगता है, जो 30 प्रतिशत तक हो सकता है। इसके विपरीत, सूचीबद्ध इक्विटी पर रिटर्न पर रियायती दरें लागू हैं, जिसमें 1.25 लाख रुपये से अधिक के दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ (एलटीसीजी) पर 12.5 प्रतिशत और अल्पकालिक पूंजीगत लाभ (एसटीसीजी) पर 15-20 प्रतिशत कर लगता है।

### बचतकर्ता खातों में रख रहे केवल न्यूनतम शेष राशि

बैंकर पिछले कुछ समय से इन दोनों वित्तीय साधनों के बीच समानता की मांग कर रहे हैं और जमा राशि जुटाने में आ रही चुनौतियों के कारण अब यह मांग और तेज हो गई है। कई बैंकरों का कहना है कि बचतकर्ता अब काफी समझदार हो गए हैं और वे बैंक खातों में केवल न्यूनतम शेष राशि ही रख रहे हैं। वे बेहतर रिटर्न पाने के लिए अतिरिक्त धन को इक्विटी में लगाना पसंद कर रहे हैं। इससे बैंकों के पास ऋण देने के लिए उपलब्ध संसाधनों में कमी आती है और अक्सर उन्हें कर्ज की मांग को पूरा करने के लिए सरकारी बॉन्ड में निवेश का सहारा लेना पड़ता है या मुद्रा बाजारों से उधार लेना पड़ता है।

### आठ नए क्षेत्रों को बढ़ाव देगा स्टेट बैंक का 'चक्र'

**मुंबई।** सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने आठ नवोदित क्षेत्रों को वित्त पोषण देने के लिए शनिवार को उत्कृष्टता केंद्र चक्र की शुरुआत की। उत्कृष्टता केंद्र जिन आठ क्षेत्रों पर फोकस करेगा उनमें नवीकरणीय ऊर्जा, एडवांस्ड सेल केमिस्ट्री एवं बैटरी स्टोरेज, इलेक्ट्रिक परिवहन, हरित हाइड्रोजन, सेमीकंडक्टर, डी-कार्बनाइजेशन, स्मार्ट बुनियादी ढांचा और डाटा सेंटर अवसंरचना शामिल हैं। बैंक ने बताया कि ये क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था के आर्थिक भविष्य के मुख्य चालक के रूप में उभर रहे हैं। 2030 तक इन सेक्टरों में 100 लाख करोड़ के पूंजी निवेश की संभावना है। वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम. नागराजू ने एसबीआई के चेयरमैन चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी की उपस्थिति में चक्र का उद्घाटन किया। बैंक के प्रबंध निदेशक, अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों एवं वैश्विक बैंकों के प्रतिनिधि, प्रमुख कॉरपोरेट समूह, वित्तीय संस्थान, उद्योग निकाय तथा पारितंत्र से जुड़े अन्य प्रमुख हितधारक भी उपस्थित थे।

## अरब देशों से व्यापार और निवेश को प्रगाढ़ बनाएगा भारत : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने अरब देशों के साथ व्यापार और निवेश, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा तथा अन्य क्षेत्रों में सहयोग को और प्रगाढ़ बनाने की भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया है। उन्होंने शनिवार को अरब देशों के विदेश मंत्रियों से मुलाकात की, जिन्होंने पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने में अरब लीग भूमिका की सराहना की।

भारत-अरब विदेश मंत्रियों की दूसरी बैठक के लिए अरब देशों के विदेश मंत्री नई दिल्ली में हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अनुसार, मोदी ने भारत और अरब जगत के बीच प्रगाढ़ और ऐतिहासिक संबंधों पर प्रकाश डाला, जिन्होंने वर्षों से दोनों पक्षों के बीच संबंधों को प्रेरित और मजबूत किया है। प्रधानमंत्री ने आने वाले वर्षों में भारत-अरब साझेदारी को लेकर अपने दृष्टिकोण को रेखांकित किया और पारस्परिक लाभ को व्यापार और निवेश, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा और अन्य क्षेत्रों में सहयोग और गहरा करने में भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

**इंडिया सोलर एंड ईवी एक्सपो-2026**

## ग्रीन एनर्जी आधारित इको-सिस्टम से सशक्त बनेगा प. उप्र



**संवाददाता, मेरठ**

- ऊर्जा एवं नवीन ऊर्जा स्रेत विभाग के राज्य मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर रहे मुख्य अतिथि
- आईआईए मेरठ चैप्टर की ओर से पहली बार मेरठ में 21, 22 एवं 23 फरवरी को होगा आयोजन

**अमृत विचार:** विक्टोरिया पार्क क्रिकेट ग्राउंड में इंडिया सोलर एंड ईवी एक्सपो-2026 का अनावरण/सॉफ्ट लॉन्च किया गया। कार्यक्रम में ऊर्जा एवं नवीन ऊर्जा स्रोत विभाग के राज्य मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि यह एक्सपो ग्रीन एनर्जी और इलेक्ट्रिक व्हीकल क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

आयोजकों ने बताया कि आईआईए मेरठ चैप्टर की ओर से पहली बार मेरठ में इंडियन सोलर एंड ईवी एक्सपो-2026 का आयोजन होगा। यह 21, 22 एवं 23 फरवरी 2026 को आईआईए भवन, मोहकमपुर औद्योगिक क्षेत्र में आयोजित होगा। आईआईए का लक्ष्य एक्सपो के माध्यम से 500 करोड़ से अधिक का व्यवसाय करना है। इसका उद्देश्य पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कार्यरत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को सशक्त और प्रभावी मंच उपलब्ध कराना है, ताकि वे उत्पादों और सेवाओं को व्यापक स्तर पर प्रदर्शित कर सकें। आयोजकों ने बताया कि एक्सपो में कार्बन न्यूट्रैलिटी, सस्टेनेबिलिटी तथा ग्रीन एनर्जी क्षेत्र में उद्यमिता के विकास जैसे विषयों पर सेमिनार होंगे। साथ ही प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के विजन के अनुरूप घरेलू एवं औद्योगिक उपयोग से जुड़ी सरकारी योजनाओं और प्रोत्साहनों पर भी प्रकाश डाला जाएगा। पीएम सूर्य घर और पीएम-कुसुम योजना एक्सपो के आकर्षण होंगे। आयोजकों को आशा है कि यह पहल पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ग्रीन एनर्जी आधारित स्टार्टअप इको सिस्टम को सशक्त बनाएगी और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा एवं गति देगी।

### अनुपालन बोझ कम करने पर आईबीबीआई का जोर

**नई दिल्ली।** भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) के चेयरपर्सन रवि मित्तल ने शनिवार को कहा कि नियमों की प्रभावशीलता को बनाए रखते हुए अनुपालन आवश्यकताओं को कम करने के प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने मजबूत कॉरपोरेट शासन के महत्व पर भी बल दिया। भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा ग्रेटर नोएडा में आयोजित वर्ल्ड फोरम ऑफ अकाउंटेंट्स के सत्र में मित्तल के साथ सेबी के प्रमुख तुहिन कांत पांडेय और एनएफआरए के चेयरपर्सन नितिन गुप्ता ने भी विचार साझा किए। मित्तल ने कहा कि कानूनों के बेहतर कार्यान्वयन और कम अनुपालन की आवश्यकता है। उन्होंने जानकारी दी कि आईबीबीआई ने आईआईएम अहमदाबाद से अपने नियमों की समीक्षा करने और अनुपालन आवश्यकताओं को सरल बनाने के लिए कहा है।

## देश का चीनी उत्पादन 18.35% बढ़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- उद्योग निकाय इस्मा के अनुसार 2025-26 में 31 जनवरी तक 1.95 करोड़ टन पहुंचा

देश में चीनी उत्पादन चालू सत्र 2025-26 में 31 जनवरी तक 18.35 प्रतिशत बढ़कर 1.95 करोड़ टन पर पहुंच गया है। उद्योग निकाय इस्मा ने शनिवार को यह जानकारी दी। मुख्य उत्पादक राज्यों में उत्पादन बढ़ने से यह वृद्धि दर्ज की गई है। पिछले सत्र की समान अवधि में चीनी का उत्पादन 1.64 करोड़ टन रहा था। चीनी सत्र अक्टूबर से सितंबर तक चलता है।

भारतीय चीनी एवं जैव-ऊर्जा विनिर्माता संघ (इस्मा) के अनुसार, वर्तमान में देशभर में 515 चीनी मिलें चालू हैं, जबकि पिछले साल इसी अवधि में 501 मिलें चल रही थीं। देश के सबसे बड़े उत्पादक राज्य महाराष्ट्र में 31 जनवरी तक चीनी का उत्पादन 42 प्रतिशत बढ़कर 78.7 लाख टन रहा। राज्य में अभी 206 मिलों का परिचालन हो रहा है, जबकि एक साल पहले इनकी संख्या 190 थी। दूसरे सबसे बड़े उत्पादक राज्य उत्तर प्रदेश में उत्पादन अब तक 55.1 लाख टन तक पहुंच गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग पांच प्रतिशत अधिक है। इस्मा ने कहा कि तीसरे सबसे बड़े उत्पादक राज्य कर्नाटक में भी पेराई की गति तेज रही और वहां उत्पादन पिछले सत्र की इसी अवधि की तुलना में 15 प्रतिशत बढ़ा है। इस्मा ने अनुमान जताया है कि 2025-26 के पूरे सत्र के लिए शुद्ध चीनी उत्पादन 18.6 प्रतिशत बढ़कर 3.09 करोड़ टन रह सकता है, जो पिछले सत्र में 2.61 करोड़ टन था।

## चावल सस्ता व गेहूं महंगा, खाद्य तेल और दालों में घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव गिर गए जबकि गेहूं में तेजी रही। वहीं, चीनी की कीमतों में कमोबेश टिकाव रहा जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 31 रुपये घटकर 3,810 रुपये प्रति क्विंटल रह गयी। गेहूं चार रुपये चढ़कर 2,866 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा भी 21 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। दाल-दलहनों में उड़द दाल की कीमत 33 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मसूर दाल 59 और चना दाल 24 रुपये सस्ती हुई। मूंग दाल की कीमत 20 और तुअर दाल की 11 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मूंगफली तेल की कीमत 118 रुपये प्रति क्विंटल गिर गयी।

## अडाणी अमेरिकी एसईसी से नोटिस लेने के लिए तैयार, 90 दिनों में देंगे जवाब

- रिश्वत देने की योजना के बारे में निवेशकों को गुमराह करने का आरोप

**न्यूयॉर्क/नई दिल्ली।** अरबपति गौतम अडाणी और उनके भतीजे सागर अडाणी अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) से दीवानी धोखाधड़ी के मुकदमे में कानूनी नोटिस लेने को तैयार हैं। अदालती दस्तावेज से यह जानकारी मिली। इन पर आरोप है कि उन्होंने रिश्वत देने की योजना के बारे में निवेशकों को गुमराह किया।

न्यूयॉर्क के ब्रुकलिन में संघीय अदालत में दायर दस्तावेज के अनुसार एसईसी और गौतम तथा सागर अडाणी के अमेरिका स्थित वकीलों ने कहा कि वकील नियामक के कानूनी कागजात स्वीकार करने को सहमत हो गए हैं। इससे न्यायाधीश को अब फैसला देने की जरूरत नहीं होगी कि प्रतिवादियों को नोटिस कैसे तामिल कराया जाए। यह संयुक्त आवेदन संबंधित अदालत के समक्ष मंजूरी को प्रस्तुत किया गया है। यह कानूनी कार्यवाही में मानक प्रक्रियात्मक कदम है, जो मामलों के समाधान की अनुमति देता है।



# टीएमसी से ज्यादा भ्रष्ट कोई सरकार नहीं : शाह

## सिलीगुड़ी में भाजपा कार्यकर्ताओं को केंद्रीय गृह मंत्री ने किया संबोधित

- सीमा सुरक्षा उपायों में बाधा और अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बाड़ के लिए जमीन न देने का लगाया आरोप

**कोलकाता/सिलीगुड़ी, एजेंसी**



कार्यकर्ताओं की बैठक में शामिल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और सुवेंदु अधिकारी।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार जितनी भ्रष्ट कोई और सरकार देश में नहीं है। सिलीगुड़ी में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में उन्होंने राज्य सरकार पर सीमा सुरक्षा उपायों में बाधा डालने और अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बाड़ लगाने के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को जमीन उपलब्ध न कराने का भी आरोप लगाया।

शाह ने कहा कि मैंने संसद में कहा था कि बीएसएफ को बाड़ लगाने के लिए जमीन की जरूरत है। मैंने ममता बनर्जी को सात बार पत्र लिखा। मैं खुद भी उनके कार्यालय गया, लेकिन फिर भी जमीन नहीं दी गई। गृह मंत्री ने आरोप लगाया कि टीएमसी सरकार पश्चिम बंगाल में समुदायों के बीच तनाव को बढ़ावा दे रही है। ममता बनर्जी ने यह सुनिश्चित किया है कि बंगाल में हर समुदाय एक-दूसरे से लड़े, जिससे राज्य की एकता के लिए खतरा पैदा हो रहा है। आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर अमित शाह ने कहा कि भाजपा उत्तर बंगाल की सभी सीट पर जीत हासिल करेगी, क्योंकि लोग टीएमसी के सिंडिकेट राज और भ्रष्टाचार से तंग आ चुके हैं।

### घुसपैठियों को बचाने की कोशिश कर रही टीएमसी

शाह ने आरोप लगाया कि राज्य के अधिकारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कराने में निर्वाचन का सहयोग नहीं कर रहे। इससे पहले, उत्तर 24 परगना के बैरकपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं की बड़ी बैठक में शाह ने टीएमसी सरकार पर घुसपैठियों को बचाने, भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने और चुनावी फायदे के लिए सीमा सुरक्षा को कमजोर करने का आरोप लगाया। शाह ने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार का गठन अब सिर्फ राजनीतिक मकसद नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा की जरूरत है। उन्होंने दावा किया कि 2026 के विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस सत्ता से बाहर हो जाएगी।

### सरकार बनते ही 45 दिनों में सीमा पर लगेगी बाड़

शाह ने कहा कि जिस तरह से पश्चिम बंगाल में घुसपैठ हो रही है, वह पूरे देश के लिए सुरक्षा का मुद्दा बन गया है। अदालत के आदेश के बाद भी टीएमसी बीएसएफ को सीमा पर बाड़बंदी के लिए जमीन नहीं दे रही है, क्योंकि घुसपैठिए उसके वोट बैंक हैं। राज्य में प्रशासन और पुलिस अवैध प्रवासियों को नहीं रोक रही है, जिन्हें जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करके पूरे देश में भेजा जा रहा है। शाह ने कहा कि कलकत्ता हाईकोर्ट ने स्वीकार किया कि मुख्यमंत्री बनर्जी सीमा पर बाड़ लगाने को भूमि देने में सहयोग नहीं कर रही हैं। चाहे ममता हाईकोर्ट के निर्देश के अनुसार 31 मार्च तक भूमि दें या नहीं, अप्रैल में भाजपा का मुख्यमंत्री बनते ही 45 दिनों में सीमा पर बाड़ लगाने का काम पूरा कर दिया जाएगा। असम से तुलना करते हुए शाह ने कहा कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद वहां घुसपैठ रुक गई, जबकि कांग्रेस शासन के दौरान ऐसा नहीं था। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर शाह ने कहा, ममता जितना विरोध करना चाहें करें, लेकिन यह प्रक्रिया घुसपैठियों के नाम मतदाता सूची से हटाने के लिए जारी रहेगी।

## नीट अभ्यर्थी की मौत की सीबीआई जांच कराने की सिफारिश

**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार ने पटना में नीट परीक्षा की तैयारी कर रही 18 वर्षीय छात्रा की हाल ही में हुई मौत की सीबीआई से जांच कराने की सिफारिश की है। इससे पहले, बिहार पुलिस का विशेष जांच दल (एसआईटी) इसकी जांच कर रहा था।

जहानाबाद की छात्रा इस महीने की शुरुआत में पटना के चित्रगुप्त नगर में हॉस्टल के कमरे में बेहोश मिली थी और कई दिन तक कोमा में रहने के बाद 11 जनवरी को उसकी मौत हो गई। छात्रा के परिवार ने उसका यौन उत्पीड़न होने और अधिकारियों पर मामले को दबाने की कोशिश करने का आरोप लगाया था। चौधरी ने एक्स पर पोस्ट में कहा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भारत सरकार से पटना में नीट छात्रा की हत्या के मामले (केस नंबर- 14/26) की जांच सीबीआई को सौंपने का आग्रह किया है।

## राकांपा ने विलय पर साधी चुप्पी गोयल बोले- ऐसी उम्मीद नहीं

**मुंबई/नई दिल्ली, एजेंसी**

- राकांपा (शप) का दावा- अजित दोनों गुटों के विलय की रखते थे इच्छा, शरद पवार ने भी स्वीकारा

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के वरिष्ठ नेताओं ने शनिवार को पार्टी के प्रतिद्वंद्वी गुटों के विलय की संभावनाओं पर सतर्कतापूर्ण चुप्पी साधे रखी, जबकि केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि उन्हें निकट भविष्य में ऐसा होने की कोई उम्मीद नहीं है। दूसरी ओर, राकांपा (शप) के नेताओं ने दावा किया कि अजित पवार दोनों गुटों के विलय की इच्छा रखते थे लेकिन पार्टी प्रमुख शरद पवार ने स्वीकार किया कि अब इस प्रक्रिया में बाधा आ सकती है।

राकांपा के एक गुट का नेतृत्व अजित पवार कर रहे थे और दूसरे की कमान उनके चाचा शरद पवार के पास है। अजित पवार का दो दिन पहले विमान दुर्घटना में निधन हो गया था। अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि महाराष्ट्र में महायुति सरकार के हिस्से के रूप में राकांपा ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। गोयल ने राकांपा के दोनों गुटों के विलय की चर्चा पर कहा कि व्यक्तिगत रूप से मुझे ऐसा होता नजर नहीं आ रहा। राकांपा का नेतृत्व पहले अजित पवार के पास था और अब सुनेत्रा पवार के पास है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रफुल्ल पटेल को राकांपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मुझे नहीं लगता कि शरद पवार को राकांपा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाएगा क्योंकि उन्होंने जनता का विश्वास खो दिया है। मुंबई में राकांपा नेताओं प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे ने इस मुद्दे पर टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया।

## बंगाल : एनआईए ने बेलडांगा हिंसा की जांच की शुरू

**कोलकाता।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में भड़की हिंसा की जांच शनिवार को शुरू की। यह हिंसा झारखंड में इस महीने की शुरुआत में एक प्रवासी मजदूर की मौत की खबर के बाद भड़की थी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

एनआईए की टीम सुबह बेलडांगा पुलिस थाना पहुंची और जांच में पहले से शामिल अधिकारियों से बात की और उनसे दस्तावेज मांगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशों का अनुपालन करते हुए संघीय एजेंसी ने नए सिरे से प्राथमिकी दर्ज की है। एनआईए के एक अधिकारी ने बताया कि जांच का मुख्य उद्देश्य यह निर्धारित करना है कि क्या हिंसा किसी संगठित साजिश, भ्रामक जानकारी के प्रसार या सांप्रदायिक भावनाओं को भड़काने के लिए की गई उकसावे की कार्रवाई का परिणाम थी। बेलडांगा और आसपास के इलाकों में 16 जनवरी को उस समय तनाव फैल गया जब खबर आई कि इलाके के प्रवासी मजदूर की झारखंड के आश्रय स्थल पर मौत हो गई है। बिहार में इसी क्षेत्र के एक प्रवासी मजदूर पर हुए हमले की खबर आने के बाद लगभग दो दिनों तक स्थिति अस्थिर बनी रही और इलाके में अशांति की घटनाएं सामने आईं।

## फरवरी में तापमान होगा सामान्य से अधिक, बारिश भी होगी कम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- आईएमडी के अनुसार, गेहूं और जौ जैसी फसलों में समय से पहले पकने की हो सकती है समस्या, पैदावार होगी कमजोर

देश में फरवरी में मौसम सामान्य से अधिक गर्म रहने और बारिश कम हो सकती है, हिमालयी क्षेत्र में जहां सर्दियों के शुष्क होने को जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से जोड़ा जा सकता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को यह जानकारी दी।

आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि पूरे देश में फरवरी में होने वाली बारिश सामान्य से कम होगी और न्यूनतम और अधिकतम तापमान, दोनों सामान्य से अधिक रहने का अनुमान है। गेहूं और जौ जैसी फसलों में समय से पहले पकने की समस्या हो सकती है, जिससे बाली में दाने नहीं बनेंगे और दाने हल्के हो जायेंगे तथा पैदावार कम हो जायेगी। महापात्र ने कहा कि उत्तर-पश्चिमी भारत (जिसमें पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर और लद्दाख शामिल हैं) में फरवरी में मासिक वर्षा सामान्य से कम रहने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि दिसंबर और जनवरी के ज्यादातर भागों में पश्चिमी विक्षोभ की गैर मौजूदगी के कारण पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में सर्दियों में मौसम शुष्क बना रहा, जहां 20 जनवरी के बाद ही हिमपात हुआ। समय के साथ पश्चिमी हिमालय में वर्षा में कमी का रुझान देखा गया है, जिससे आईएमडी और अन्य संस्थानों द्वारा किए अध्ययनों में जलवायु परिवर्तन को बताया गया है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन का कौन सा विशेष पहलू पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में बारिश में कमी का कारण है।

## मोदी के जालंधर दौरे से पहले डेरा बल्लां और दो स्कूलों को बम की धमकी

**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जालंधर स्थित डेरा सचखंड बल्लां के मुख्यालय का दौरा करने से एक दिन पहले शनिवार को संप्रदाय और दो स्कूलों को बम विस्फोट की धमकियां मिलीं। धमकी भरे ईमेल विद्यालयों को भेजे गए हैं और संदेश के पाठ में डेरा बल्लां को सीधे धमकी दी गई है।

पुलिस प्राधिकारियों ने दोनों स्कूल के परिसर में सुरक्षा जांच शुरू कर दी है और बम निरोधक दस्तों को बुलाया गया है। अवकाश होने के कारण विद्यालयों में छात्र नहीं थे। प्रधानमंत्री का गुरु रविदास जयंती के अवसर पर रविवार को डेरा बल्लां जाने का कार्यक्रम है। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। इससे पहले बुधवार को चंडीगढ़ के कई विद्यालयों को धमकियां मिली थीं।

## साइबर अपराधों से लोगों को बचाने के लिए मजबूत और प्रभावी तंत्र बनाने की जरूरत

**जयपुर, एजेंसी**



- साइबर अपराधों पर हाईकोर्ट सख्त, दो अपराधियों की जमानत याचिकाएं कीं खारिज

राजस्थान हाईकोर्ट ने बढ़ते साइबर अपराधों पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि कुछ वर्षों में देश में ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामलों में वृद्धि हुई है, जिससे हजारों लोग अपनी मेहनत की कमाई खो रहे हैं। न्यायमूर्ति अनूप कुमार ढंढ ने शनिवार को दो साइबर अपराधियों की जमानत याचिकाएं खारिज करते हुए कहा कि इंटरनेट के माध्यम से होने वाले अपराधों से नागरिकों को बचाने के लिए मजबूत और प्रभावी तंत्र तैयार किया जाना आवश्यक है।

ऑनलाइन बैंकिंग या किसी भी डिजिटल लेन-देन से पहले लोगों को जागरूक करना बेहद जरूरी है। इसके लिए प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया, टेलीविजन और एफएम रेडियो के माध्यम से व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए, ताकि लोग डिजिटल धोखाधड़ी का शिकार होने से बच सकें। हाईकोर्ट ने साइबर ठगी की शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया को सरल और तेज करने पर भी ज़ोर दिया। न्यायालय के अनुसार, शिकायत प्रणाली जटिल होने के कारण कई पीड़ित समय रहते मदद नहीं ले पाते, जिससे उनका पैसा वापस पाना कठिन हो जाता है।

अदालत ने केंद्र और राज्य सरकारों के वित्त एवं गृह मंत्रालयों, राजस्थान के पुलिस महानिदेशक और रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया को निर्देश दिये हैं कि वे मिलकर ऐसा तंत्र विकसित करें, जिससे ग्राहकों की मेहनत की कमाई अनधिकृत लेन-देन से सुरक्षित रहे। साथ ही, न्यायालय ने ग्राहकों का डेटा बेचकर अपराधियों को फायदा पहुंचाने वाली सोशल मीडिया कंपनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिये। अदालत ने कहा कि साइबर अपराध केवल तकनीकी चुनौती नहीं, बल्कि आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा का गंभीर मुद्दा बन चुके हैं।

# अमेरिका अपने सहयोगी देशों सऊदी अरब और इजराइल को देगा हथियार

- राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 15 अरब डॉलर के रक्षा सौदे को दी मंजूरी

वाशिंगटन, एजेंसी

व्हाइट हाउस ने ईरान में अशांति को लेकर तनाव के बीच पश्चिमी एशिया में अमेरिका के दो बड़े सहयोगी देशों, इज़राइल और सऊदी अरब को कुल 15.67 अरब अमेरिकी डॉलर की बड़ी नई हथियारों की बिक्री को मंजूरी दे दी है।

अमेरिकी विदेश विभाग ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस सौदे को मंजूरी दे दी है। इज़राइल को 6.67 अरब डॉलर की नई बिक्री में चार अलग-अलग पैकेज शामिल हैं, जिसमें रॉकेट लॉन्चर और आधुनिक टारगेटिंग गियर से लैस 30 अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर शामिल हैं। इसके अलावा इज़राइली सेना के लिए संचार लाइनें बढ़ाने के मकसद से 3,250 हल्के टेक्टिकल वाहन शामिल हैं। कहा गया है कि सऊदी अरब को नौ अरब डॉलर की बिक्री में 730 पैट्रियट मिसाइलें और संबंधित उपकरण शामिल हैं। इसका मकसद एक प्रमुख क्षेत्रीय गैर-नाटो सहयोगी का समर्थन करना है। विदेश विभाग ने पहले ही कांग्रेस को इन बिक्री की मंजूरी के बारे में सूचित कर दिया था।

## इजराइली राजनयिक को देश से निकाला

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका ने इज़राइल के राजनयिक चार्ज डी अफेयर्स एरियल सेडमैन को पर्सोना नॉन ग्राटा घोषित करते हुए उन्हें 72 घंटे के भीतर देश छोड़ने का आदेश दिया। इसके जवाब में इज़राइल ने भी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ समान कूटनीतिक कदम उठाने की घोषणा की। दक्षिण अफ्रीका के अंतर्राष्ट्रीय संबंध एवं सहयोग विभाग ने कहा कि यह निर्णय सेडमैन द्वारा कूटनीतिक मानदंडों के उल्लंघनों की शृंखला के बाद लिया गया है।

## डिजिटल दीवानगी का खूनी खेल

# रील एडिक्शन



आज के डिजिटल युग में रील शब्द किसी परिचय का मोहताज नहीं है। इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म्स पर चंद सेकंड के वीडियो (रील्स) लोगों के मनोरंजन का सबसे बड़ा साधन बन चुके हैं। लेकिन, मनोरंजन की यह सीमा कब मौत के स्टंट में तब्दील हो गई, इसका अंदाजा शायद उन युवाओं को भी नहीं रहा जो कैमरे के सामने खड़े होते हैं। सोशल मीडिया पर लाइक्स, शेयर और रातों-रात वायरल होने की सनक ने एक ऐसा खतरनाक माहौल पैदा कर दिया है, जहां लोग अपनी और दूसरों की जान को दांव पर लगाने से भी नहीं कतरा रहे हैं। आंकड़े गवाह हैं कि सेल्फी और रील बनाने के चक्कर में होने वाली मौतों के मामले में भारत दुनिया के शीर्ष देशों में शामिल है। ट्रेन की पटरियों पर दौड़ते हुए वीडियो बनाना, ऊंची इमारतों की छतों पर स्टंट करना खतराए जान बन चुकी है।

### सुरक्षा के साथ मनोवैज्ञानिक संकट

- यह न केवल एक सुरक्षा संबंधी मुद्दा है, बल्कि बड़ा मनोवैज्ञानिक संकट भी है। युवा पीढ़ी के लिए सोशल मीडिया पर मिलने वाली डिजिटल अटेंशन एक तरह के डोपामाइन रश की तरह काम करती है, जो उन्हें अधिक जोखिम लेने के लिए उकसाती है। सरकार और प्रशासन समय-समय पर इसके खिलाफ एडवाइजरी जारी करते हैं, लेकिन व्यक्तिगत जिम्मेदारी और सामाजिक जागरूकता के बिना इन हादसों को रोकना एक बड़ी चुनौती बना रहेगा। इस समस्या की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि केवल उत्तराखंड में ही पिछले दो वर्षों में रेलवे ट्रैक पर होने वाली मौतों में 63% की वृद्धि हुई है, जिसका मुख्य कारण रील और सेल्फी का शौक बताया गया है।

### बचाव के कुछ उपाय

- तकनीकी हस्तक्षेप : सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को ऐसे एल्गोरिदम विकसित करने चाहिए जो खतरनाक स्टंट वाले वीडियो को प्रमोट करने के बजाय उन्हें सेंसर करें।
- प्रशासनिक सख्ती : पर्यटन स्थलों, झरनों और ऊँची चोटियों पर नो रील/नो सेल्फी जोन चिन्हित किए जाने चाहिए।
- शैक्षणिक जागरूकता : स्कूलों और कॉलेजों में डिजिटल साक्षरता और सोशल मीडिया के मानसिक दुष्प्रभावों के बारे में वर्कशॉप आयोजित की जानी चाहिए।
- कानूनी कार्रवाई : खतरनाक रील बनाने वालों के ड्राइविंग लाइसेंस रद्द करने और भारी जुर्माने का प्रावधान होना चाहिए।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

मनोवैज्ञानिकों के अनुसार रील बनाने की सनक डिजिटल वैनिटी का हिस्सा है। लोग असली जिंदगी से भागकर एक आभासी दुनिया में आदर्श छवि बनाना चाहते हैं, जिससे वे खतरनाक परिस्थितियों को भांप नहीं पाते हैं।

### सरकार के निर्देश और नियम

- आईटी नियम 2025-26 : केंद्र सरकार ने आईटी एमेंडमेंट रूल्स 2025 के तहत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को हानिकारक और अश्लील सामग्री पर रोक के सख्त निर्देश दिए हैं।
- पुलिस की कार्रवाई : कई राज्यों की पुलिस (जैसे हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, उत्तर प्रदेश) ने खतरनाक सड़कों और रेलवे पटरियों पर रील बनाने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करना शुरू कर दिया है।
- बीएनएस की धाराएं : भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत सार्वजनिक स्थानों पर जान जोखिम में डालने वाले कृत्यों पर दंड का प्रावधान है। उदाहरण के लिए, वंदे भारत ट्रेन के ट्रैक पर अवरोध उत्पन्न कर रील बनाने वालों को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ईरान में एक इमारत में धमाका, चार की मौत

**तेहरान।** ईरान के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत खुज़ेस्तान में शनिवार को एक रिहायशी इमारत में गैस धमाके में चार लोगों की मौत हो गई। समाचार एजेंसी आईआरएनए ने शहर के अग्निशमन विभाग के प्रमुख बावक रबीई के हवाले से बताया कि यह घटना प्रांतीय राजधानी अहवाज़ में स्थित चार यूनिट वाली इमारत में गैस लीक होने के कारण हुई। उन्होंने बताया कि दमकलकर्मियों और बचाव दल को घटनास्थल पर भेजा गया है।

### बैलेस्टेरास की तांबे की प्रतिमा के टुकड़े मिले

**मैड्रिड।** स्पेन के दिग्गज गोल्फ खिलाड़ी सेवे बैलेस्टेरोस की उनके गृहनगर पेंड्रेना से चोरी हुई तांबे की आदमकद प्रतिमा को पुलिस ने एक स्टोर से कई टुकड़ों में बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि करीब 30 हजार यूरो (लगभग 27 लाख रुपये) मूल्य की इस प्रतिमा को चोरों ने टुकड़ों में काट दिया था और वे इसे कौड़ियों के भाव बेचने की तैयारी में थे। स्पेन के कैंटाब्रिया क्षेत्र स्थित सेंटेंडर के एक स्टोर रूम से बरामद इस प्रतिमा का कमर से कटा आधा हिस्सा मिला। इसका धड़ और सिर सुरक्षित हैं, लेकिन इसके हाथ कई टुकड़ों में टूट हुए पाए गए। पुलिस ने इस मामले में तांबा चोरी के पुराने अपराधी एक 22 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है।

### वेनेजुएला में रिहा होंगे राजनैतिक बंदी

**काराकस।** वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने शुक्रवार को एक ऐसे विधेयक की घोषणा की, जिसके जरिए सैकड़ों कैदियों की रिहाई का रास्ता खुल सकता है। इनमें राजनीतिक कारणों से हिरासत में लिए गए विपक्षी नेता, पत्रकार और मानवाधिकार कार्यकर्ता भी शामिल हैं। अमेरिका समर्थित विपक्ष लंबे समय से ऐसे कदम की मांग करता रहा है। यह तीन जनवरी को देश की बागडोर संभालने के बाद रोड्रिगेज द्वारा दी गई नई रियायत मानी जा रही है।

### झड़पों में 37 बलूच लड़ाकों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में सुरक्षा बलों और बलूच लड़ाकू के बीच हुई झड़प में कम से कम 10 सुरक्षा अधिकारी मारे गए और 37 बलूच लड़ाकों की मौत हो गई। सुरक्षा सूत्रों ने शनिवार को बताया कि प्रतिबंधित बलूचिस्तान मुक्ति सेना (बीएलए) ने शनिवार सुबह-सुबह क्वेटा, नोशकी और ग्वादर जिलों सहित 12 से ज़्यादा जगहों पर एक साथ हमले किये। पाकिस्तानी सेना की कार्रवाई में 37 लड़ाके मारे गए।

# अमेरिकी जंगी बेड़े के करीब ईरान करेगा युद्धाभ्यास, एलान से तनाव

## अमेरिकी रक्षा मंत्रालय की चेतावनी, हरमुज में सुरक्षित रूप से अभ्यास करे ईरान

- युद्धपोतों के ऊपर से उड़ान को बर्दाश्त नहीं करेगा अमेरिका

फ्लोरिडा/दुबई, एजेंसी

अमेरिका ने ईरान की तरफ अपना सबसे बड़ा सैन्य बेड़ा भेजा है, जिससे पश्चिम एशिया में मौजूदा तनाव अपने चरम पर पहुंच गया है। वहीं ईरान ने भी मोर्चा संभालते हुए होर्मुज जलडमरूमध्य में दो दिवसीय नौसैनिक अभ्यास की घोषणा की है। इस पर अमेरिकी सेना के केंद्रीय कमान ने ईरानी सेना को चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि वह अमेरिकी युद्धपोतों के ऊपर से उड़ान भरने जैसे असुरक्षित युद्धाभ्यास को बर्दाश्त नहीं करेगा।

अमेरिका के रक्षा मंत्रालय के अधीन आने वाली केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) ने ईरान की इस्लामी रेवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) से कहा है कि वह रविवार से हरमुज़ की खाड़ी में शुरू होने वाला अपना नौसैनिक अभ्यास सुरक्षित तरीके से करे और किसी भी अनावश्यक जोखिम को जन्म न दे। सेंटकॉम ने कहा कि आईआरजीसी नौसैनिक अभ्यास को इस तरह से करे जो सुरक्षित, पेशेवर हो और अंतर्राष्ट्रीय समुद्री यातायात के लिए नौपरिवहन की आज़ादी को अनावश्यक जोखिम से बचाए। हरमुज़ खाड़ी एक अंतर्राष्ट्रीय समुद्री मार्ग है और एक ज़रूरी व्यापार गलियारा है, जो क्षेत्रीय आर्थिक समृद्धि में मदद करता है।

ईरान ने गुरुवार को एलान किया था कि वह हरमुज़ की खाड़ी में रविवार से नौसैनिक अभियान शुरू करेगा। ईरानी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ईरान की नौसेना एक और दो फरवरी को हरमुज खाड़ी में गोलीबारी के साथ अभ्यास करेगी। उल्लेखनीय है कि अमेरिका ने पश्चिमी एशिया में अपना विमान वाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन भी तैनात किया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसका हवाला देते हुए ईरान से अपनी शर्तें मानने के लिए भी कहा है।



### पुतिन से मिले ईरानी सुरक्षा प्रमुख लारीजानी

**मास्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन क्रेमलिन में ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारीजानी का स्वागत किया। यह एक अघोषित उच्च स्तरीय बैठक थी। ईरान के शीर्ष नेता अली खामेनेई के वरिष्ठ सलाहकार लारीजानी को पिछले साल अगस्त में इस पद पर नियुक्त किया गया था। इससे पहले वह ईरान के परमाणु केंद्रों पर अमेरिकी हवाई हमलों के बाद मॉस्को आए थे। क्रेमलिन ने कहा कि राष्ट्राध्यक्ष ने क्रेमलिन में रूस की यात्रा पर आए ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारीजानी का स्वागत किया। यह नहीं बताया गया कि दोनों नेताओं के बीच क्या बातचीत हुई।

### ईरान बातचीत के लिए तैयार : ट्रंप

**वाशिंगटन।** पश्चिमी एशिया में बढ़ती अमेरिका की सैन्य उपस्थिति के बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान बातचीत के लिए तैयार है। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में कहा कि ईरान के साथ बातचीत शुरू करने के लिए एक अंतिम तारीख तय की गई है, हालांकि उन्होंने सही समय नहीं बताया। ईरान के पास एक अमेरिकी नौसैनिक पोत की तैनाती का ज़िक्र करते हुए कहा, उम्मीद है, हम एक समझौता करेंगे। अगर हम समझौता नहीं करते हैं, तो देखेंगे क्या होता है। अमेरिका ने जहां बातचीत के लिए तैयारी दिखाई, वहीं ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने ईरान का रुख दोहराया। उन्होंने कहा कि ईरान आपसी हितों और सम्मान के आधार पर बातचीत को तैयार है।

## भारत में निपाह वायरस के मामलों से न घबराएं

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका ने भारत में जानलेवा निपाह वायरस के दो मामले सामने आने के बाद कहा है कि घबराने की जरूरत नहीं है और देश के लिए फिलहाल कोई तात्कालिक खतरा नहीं है। स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि वह राष्ट्रीय संक्रामक रोग संस्थान (एनआईसीडी) के साथ मिलकर काम कर रहा है, जो स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है। स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के लिए कोई तात्कालिक खतरा नहीं है और लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। नई दिल्ली में, राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) से मिली जानकारी का हवाला देते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि पिछले साल दिसंबर से अब तक पश्चिम बंगाल में निपाह वायरस रोग के केवल दो मामले सामने आए हैं।

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में राज्य स्वास्थ्य विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि निपाह वायरस से संक्रमित दोनों नर्सों की स्वास्थ्य स्थिति में सुधार हुआ है और दोनों की जांच रिपोर्ट में अब संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई है। निपाह वायरस पशुओं से फैलने वाला एक वायरस है, जो आमतौर पर चमगादड़ों से मनुष्यों में फैलता है।

# हमने सिर झुकाया, किया आत्मसम्मान से समझौता

- विदेशी ऋण पाने में अपमान पर बोले पाकिस्तानी प्रधानमंत्री

इस्लामाबाद, एजेंसी



पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मित्र देशों से वित्तीय सहायता मांगने में अपमानजनक स्थिति का जिक्र करते हुए इस बात को खुलकर स्वीकारा कि विदेशी ऋण लेने की मजबूरी में पाकिस्तान को अपना सिर झुकाना पड़ा है और आत्मसम्मान की कीमत पर समझौता करना पड़ा। इस्लामाबाद में शुक्रवार को देश के प्रख्यात व्यापारियों और निर्यातकों के सम्मान में आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए शरीफ ने उस कठिन दौर को याद किया जब पाकिस्तान को दिवालियापन के डर का सामना करना पड़ा था और कुछ लोग इसे (पाकिस्तान को) तकनीकी रूप से विफल होने के कगार पर बता रहे थे।

उन्होंने कहा कि जब हमने पदभार संभाला, तब आर्थिक स्थिति बेहद नाजुक थी और आम आदमी को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। प्रधानमंत्री ने 2023 में पेरिस में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के प्रबंध निदेशक के साथ अपनी मुलाकात का जिक्र किया जिसके बाद वैश्विक ऋणदाता ने एक आर्थिक कार्यक्रम को मंजूरी दी जिससे देश की अर्थव्यवस्था को स्थिर करने में मदद मिली। शरीफ ने कहा कि मित्र देशों ने मुश्किल समय में पाकिस्तान का पूरा समर्थन किया है और उन्होंने सेना प्रमुख एवं रक्षा बलों के प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के साथ मिलकर कई देशों के नेताओं से अरबों डॉलर के ऋण मांगने के लिए मुलाकात की। उन्होंने कहा कि मैं कैसे बताऊं कि हमने मित्र देशों से ऋण के लिए किस तरह अनुरोध किया? मित्र देशों ने हमें निराश नहीं किया।

### चुकानी पड़ती है ऋण की कीमत

प्रधानमंत्री ने कहा कि ऋण से दायित्व भी उत्पन्न होते हैं जिन्हें पूरा करना होता है। उन्होंने कहा कि जब आप ऋण लेने जाते हैं तो आपको अपने आत्मसम्मान की कीमत चुकानी पड़ती है। आपको समझौता करना पड़ता है। कभी अनुचित मांगें सामने आ सकती हैं, उन्हें पूरा करना पड़ सकता है।

## हवाई अड्डे से 9.5 करोड़ रुपये का गांजा पकड़ा गया

**हैदराबाद।** तेलंगाना में राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लगभग 9.5 करोड़ रुपये का 27.15 किलो गांजा जब्त किया और सात संदिग्धों को गिरफ्तार किया। हैदराबाद क्षेत्रीय इकाई के डीआरआई अधिकारियों ने 30 जनवरी को सुबह करीब 1.15 बजे थाई एयरवेज की उड़ान टीजी-329 से बैंकॉक से आ रहे चार भारतीय अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों को उनके तीन साथियों के साथ उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वे प्रतिबंधित सामान का लेन-देन कर रहे थे। जांच में ट्रॉली बैग से कई पैकेट बरामद किए। उसका 27.15 किलो वजन वाले इस पदार्थ का मादक पदार्थो का पता लगाने वाली किट से परीक्षण किया गया।

# पूर्वी कांगो में खदान ढहने से 200 लोगों की चली गई जान

- बारिश के चलते भूस्खलन से हुआ हादसा, कई लोग अभी फंसे

गोमा (कांगो), एजेंसी

पूर्वी कांगो में एक प्रमुख कोल्टन (कोलंबाइट-टैंटलाइट) खनन स्थल पर भूस्खलन के कारण कई खदानें ढह जाने से कम से कम 200 लोग मारे गए। विद्रोहियों की इकाई ने यह जानकारी दी। विद्रोहियों की इकाई द्वारा नियुक्त उत्तरी किवू प्रांत के गवर्नर के प्रवक्ता लुमुम्बा कंबेरे मुयिसा ने बताया कि यह भूस्खलन बुधवार को रुबाया खदानों में हुआ जो विद्रोहियों के नियंत्रण में हैं। उन्होंने कहा कि भूस्खलन भारी बारिश के कारण हुआ।

मुयिसा ने कहा कि फिलहाल 200 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें से कुछ अब भी कीचड़ में फंसे हुए हैं और उन्हें निकाला नहीं जा सका है। उन्होंने बताया कि घटना में कई अन्य लोग घायल हुए हैं और उन्हें रुबाया कस्बे के तीन स्वास्थ्य केंद्रों में ले जाया गया है। उन्होंने कहा कि शनिवार को घायलों को एंबुलेंस से निकटतम शहर गोमा ले जाया जाएगा। मुयिसा ने बताया कि उत्तरी किवू की विद्रोही इकाई द्वारा नियुक्त गवर्नर ने अस्थायी रूप से खनन कार्य पर रोक लगा दी और खदान के पास आश्रय बनाने वाले निवासियों को हटाने का आदेश दिया है। रुबाया पूर्वी कांगो के मध्य में है जो मध्य अफ्रीकी राष्ट्र का खनिज-समृद्ध हिस्सा है और दशकों से सरकारी बलों तथा रवांडा समर्थित एम23 सहित विभिन्न सशस्त्र समूहों की हिंसा से त्रस्त है।

## केंद्र ने आईजी पद पर तैनाती के नियम बदले

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने आईपीएस के अधिकारियों की केन्द्र में पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) के पद पर तैनाती के नियमों में बदलाव करते हुए कहा है कि इसके लिए केन्द्र में एसपी या डीआईजी पद पर दो वर्ष तक कार्य का अनुभव अनिवार्य है। यह नियम वर्ष 2011 के बैच और उसके बाद के आईपीएस अधिकारियों पर लागू होगा। इसका उद्देश्य नेतृत्व वाले वरिष्ठ पदों पर पदोन्नति से पहले अधिकारियों के लिए केंद्रीय स्तर पर पर्याप्त अनुभव सुनिश्चित करना है। आदेश में कहा गया है कि वर्ष 2011 बैच और उसके बाद के आईपीएस अधिकारियों के लिए केन्द्र में आईजी के लिए एसपी या डीआईजी स्तर पर दो वर्ष की केंद्रीय प्रतिनियुक्ति अनिवार्य है।

# गाजा में इजराइली हमलों में बच्चों सहित 23 फिलिस्तीनियों की मौत

- मृतकों में दो परिवारों की दो महिलाएं व छह बच्चे भी शामिल

गाजा पट्टी, एजेंसी

गाजा में शनिवार तड़के इजराइल द्वारा किए गए हमलों में कम से कम 23 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। अक्टूबर में संघर्ष रोकने के लिए हुए समझौते के बाद इजराइली हमले में मारे गए लोगों की संख्या सबसे अधिक है।

अस्पतालों के अधिकारियों ने बताया कि इजराइल द्वारा हमास पर संघर्ष विराम उल्लंघन का आरोप लगाए जाने के एक दिन बाद गाजा में कई स्थानों पर हमले हुए, जिनमें एक इमारत और खान यूनिस में तम्बू वाले एक शिविर पर घातक हमले शामिल हैं। इन हमलों में जान गंवाने वाले लोगों में दो अलग-अलग परिवारों की दो महिलाएं और छह बच्चे शामिल हैं। शिफा अस्पताल के निदेशक मोहम्मद अबू सेल्मिया ने बताया कि गाजा शहर में एक थाने पर भी हवाई हमला हुआ, जिसमें 11 लोग मारे गए और कई अन्य लोग घायल हो गए। गाजा के सबसे दक्षिणी शहर में मिस्र की सीमा पर राफा क्रॉसिंग खुलने से एक दिन पहले ये हमले हुए। क्षेत्र की सभी सीमाएं बंद कर दी गई हैं। नासिर अस्पताल ने कहा कि तम्बू वाले शिविर पर हमले में आग लग गई, जिसमें एक व्यक्ति, उसके परिवार के छह सदस्यों सहित सात लोग मारे गए। मृतकों में तीन बच्चे भी शामिल हैं। गाजा सिटी अपार्टमेंट इमारत पर हमले में तीन बच्चों, उनकी चाची और दादी की मौत हो गई।


### हमले संघर्ष विराम का खुला उल्लंघन

हमास ने शनिवार के हमलों को नए सिरे से खुला उल्लंघन कहा तथा अमेरिका और अन्य मध्यस्थ देशों से आग्रह किया कि वे इजराइल पर हमले रोकने के लिए दबाव डालें। एक सैन्य अधिकारी ने कहा कि एक दिन पहले संघर्ष विराम का उल्लंघन किए जाने के जवाब में इजराइल ने शुक्रवार देर रात से शनिवार तड़के तक हमले किए। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने 10 अक्टूबर को संघर्ष विराम शुरू होने के बाद से इजराइली गोलीबारी में 509 के मारे जाने का दावा किया।

## आज का भविष्यफल -पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 1 फरवरी, रविवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा 2 फरवरी 03 .38 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- पुष्य 23 .58 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

**मेष** – आज दूसरों के भरोसे अपने जरूरी काम न छोड़ें। हालांकि पहले की गई मेहनत सुखद परिणाम दे सकती है। परिजनों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में कुछ नई योजना बना सकते हैं। प्रेम संबंधों को लेकर थोड़ी परेशानी रहेगी।

**वृष** – आज मन में अज्ञात भय का प्रभाव रहने वाला है। कर्मचारियों की गतिविधियों की जानकारी रखें। आप में सकारात्मक ऊर्जा की अधिकता रहेगी। अपने लक्ष्य पर पूरा फोकस बनाए रखें। उच्चाधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे।

**मिथुन** – आज व्यवसाय में आपका प्रदर्शन बेहतरीन रहेगा। आप अपनी जॉब को बदलने का विचार बना सकते हैं। आपके आदर्शों और व्यवहार की प्रशंसा होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। बड़े भाई-बहनों के साथ व्यवहार में कड़वाहट हो सकती है।

**कर्क** – आज अनावश्यक कार्यों में अपना समय बर्बाद न करें। बुजुर्ग आपसे नाराज हो सकते हैं। धार्मिक आयोजन में जाने का अवसर मिल सकता है। संतान के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। रुके हुए निर्माण कार्यों को दोबारा शुरू कर सकते हैं।

**सिंह** – आज घर में मांगलिक कार्यक्रम की योजना बना सकते हैं। नए लोगों से दोस्ती करने से बचें। आपकी दिनचर्या अच्छी नहीं रहेगी। व्यवसाय में धन का नुकसान होगा। बच्चों से व्यवहार अच्छा रखें। आपका मन किसी कारण खराब हो सकता है।

**कन्या** – आज अपना मनोबल और आत्मविश्वास बनाए रखें। दोपहर के बाद आपको शुभ समाचार मिलेंगे। संतान की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा। जिम्मेदार व्यक्तियों का मार्गदर्शन मिलेगा। व्यस्तता के बावजूद परिवार के लिए समय निकालेंगे।

**तुला** – आज शाम के समय मित्रों के साथ भोजन का आनंद ले सकते हैं। प्रेम-प्रसंग में नजदीकियां बढ़ेंगी। बच्चों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। किसी इंटरव्यू में बैठ रहे हैं, तो आपको काफी अच्छे परिणाम मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज विरोधी आपकी आलोचना कर सकते हैं। कर्मचारियों की गतिविधियों की जानकारी रखें। आप में सकारात्मक ऊर्जा की अधिकता रहेगी। अपने लक्ष्य पर पूरा फोकस बनाए रखें। उच्चाधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे।

**धनु** – आज आवश्यक कार्यों को दोपहर से पहले पूर्ण कर लें। संपत्ति के क्रय-विक्रय से धन लाभ होगा। वैवाहिक संबंधों का तनाव दूर होगा। लोग आपके कार्यों की आलोचना कर सकते हैं। जीवन में आपको बड़े परिवर्तन करने से बचना चाहिए।

**मकर** – आज व्यापार में बिक्री बढ़ सकती है। त्वरित प्रतिक्रिया देने से बचें। आप अपने परिजनों को पूरा समय देंगे। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। परोपकार के कार्यों में मन लगाएंगे। विद्यार्थी पढ़ाई में व्यस्त हो सकते हैं।

**कुंभ** – आज आपको नए अनुभवों के लिए तैयार रहना चाहिए। आप जिन अवसरों को तलाश रहे थे, वे आपको प्राप्त हो सकते हैं। नशीले पदार्थों का सेवन करने वालों को परेशानी हो सकती है। कार्यक्षेत्र में अपनी उपलब्धियों को लेकर असंतुष्ट हो सकते हैं।

**मीन** – आज सभी कार्यों को समय से पूर्ण कर लेंगे। विद्यार्थियों को परीक्षा में उत्तम परिणाम मिलने के योग बन रहे हैं। घुटनों में दर्द की शिकायत हो सकती है। करियर को लेकर किसी से सलाह लेना उचित नहीं है। प्रेमीजन के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

## सुडोकू -48

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | 9 | | 1 | | | |
| 9 | | 3 | | 2 | | | 5 | |
| | | | | 7 | | 3 | | |
| 5 | | | 8 | | | 7 | | |
| | | 4 | | | | | | 1 |
| | | 2 | | | 6 | | | 5 |
| | | | | 6 | | | | 9 |
| | 1 | | | 8 | | 4 | 7 | |
| | | | 4 | | 7 | | 1 | |

### सुडोकू - 47 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 1 | 9 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 |
| 2 | 3 | 9 | 6 | 1 | 8 | 5 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 8 | 3 | 2 | 7 | 1 | 9 | 6 |
| 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 6 | 3 | 2 | 8 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 3 | 2 | 4 | 5 | 9 |
| 3 | 4 | 2 | 8 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 |
| 9 | 7 | 5 | 4 | 6 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 8 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 7 | 4 | 1 |




# स्टेडियम

अमृत विचार
www.amritvichar.com
मुरादाबाद, रविवार, 1 फरवरी 2026

## हाईलाइट

### कपिल ने टेस्ट क्रिकेट पर ध्यान देने पर जोर दिया

**नई दिल्ली।** भारत के महान क्रिकेटर कपिल देव का मानना है कि विश्व कप के लिए उतरने से पहले राष्ट्रीय टीम टी20 क्रिकेट में सबसे मजबूत दावेदारों में से एक बनी हुई है लेकिन उन्होंने जोर दिया कि टेस्ट क्रिकेट को इस खेल की नींव बनाए रखना चाहिए। भारत की तैयारी पर बात करते हुए कपिल ने कहा कि जहां सबसे छोटा प्रारूप लोकप्रिय हुआ है तो वहीं खेल की बेहतर सेहत सुनिश्चित करने के लिए लंबे प्रारूप पर भी उतना ही ध्यान देना चाहिए। विश्व कप 1983 में भारत की खिताबी जीत के दौरान टीम के कप्तान रहे कपिल ने 'पीटीआई वीडियो' से कहा उन्होंने कहा एकदिवसीय क्रिकेट को भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। मैं समझता हूं कि टी20 क्रिकेट रोमांचक है लेकिन खेल का आधार टेस्ट क्रिकेट है और हमें इसके साथ एकदिवसीय क्रिकेट में भी अधिक समय निवेश करना चाहिए।

### गुकेश की खिताब की उम्मीदें खत्म

**विक आन जी।** डी गुकेश ने हमवतन अराविंद चिदंबरम से ड्रॉ खेला जिससे टाटा स्टील मास्टर्स 2026 में इस मौजूदा विश्व चैम्पियन की खिताब की उम्मीदें खत्म हो गई । आर प्रज्ञानानंदा भी विंसेंट केमेर के खिलाफ जीत दर्ज नहीं कर सके । साल के पहले सुपर टूर्नामेंट में दो दौर ही बाकी हैं और उजबेकिस्तान के सिंदारोव तथा अब्दुसत्तोरोव सात सात अंक लेकर शीर्ष पर हैं । हाल ही में विश्व शतरंज कप जीतने वाले सिंदारोव ने अर्जुन एरिगेसी को हराया । गुकेश का सामना अब नीमैन और फिर केमेर से होगा ।

### सैम करन ने टी20 हैट्रिक ली

**पल्लेकेले।** इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम करन अपने देश के दूसरे पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने टी 20 हैट्रिक ली है। इंग्लैंड ने शुक्रवार को पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में तीन मैचों की सीरीज के पहले मैच में श्रीलंका को 11 रन (डीएलएस मेथड) से हराया। करन ने श्रीलंका के निचले क्रम को तहस-नहस कर दिया, उन्होंने लगातार गेंदों पर दासुन शनाका, महेश थीक्षाना और मथीशा पथिराना को आउट किया। इस तरह क्रिस जॉर्डन के टी20 इंटरनेशनल में यह उपलब्धि हासिल करने के बाद करन ऐसा करने वाले इंग्लैंड के दूसरे गेंदबाज बन गए हैं।


आस्ट्रेलियाई ओपन महिला एकल खिताब के साथ एलेना रिबाकिना व उपविजेता दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका।

# इतिहास रचने उतरेंगे जोकोविच और अल्काराज

मेलबर्न, एजेंसी

थकान और खुशी के पल में नोवाक जोकोविच ने भीड़ में मार्गरेट कोर्ट को पहचान लिया और उन्हें इतनी देर तक जागकर उन्हें अब तक के सबसे सफल टेनिस खिलाड़ी बनने से सिर्फ एक जीत दूर पहुंचते हुए देखने के लिए धन्यवाद दिया। रोड लेवर एरिना में 83 साल की कोर्ट दो बार के गत ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन यानिक सिनर पर जोकोविच की पांच सेट की जीत के दौरान वीआईपी दर्शकों के बीच मौजूद थीं। यह मुकाबला शनिवार सुबह डेढ़ बजे खत्म हुआ।

ये दोनों 24 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब का सर्वकालिक रिकॉर्ड साझा करते हैं, लेकिन रविवार को यह बदल सकता है। सिनर पर जोकोविच की कड़ी जीत ने शीर्ष रैंकिंग वाले अल्काराज के खिलाफ खिताबी मुकाबला तय किया। स्पेन का 22 साल का यह खिलाड़ी करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बनने की राह पर है। अल्काराज और सिनर मिलकर अब तक जोकोविच को 25वां ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने से रोकने में सफल रहे हैं। दोनों ने पिछले आठ ग्रैंडस्लैम खिताब बराबर संख्या में जीते हैं। सेमीफाइनल में जीत के बाद जोकोविच ने कोर्ट को धन्यवाद दिया।

### मर्टेन्स और झेंग, हैरिसन और स्कुप्स्की ने युगल खिताब जीता

मेलबर्न। एलिस मर्टेन्स ने शनिवार को चीन की झेंग शुआई के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीतकर महिला युगल में नंबर एक रैंकिंग पर वापसी की जबकि अमेरिका के क्रिश्चियन हैरिसन और ब्रिटेन के नील स्कुप्स्की ने पुरुष युगल खिताब जीता। चार साल बाद एक टीम के तौर पर वापसी करने वाली मर्टेन्स और झेंग पहले सेट में 0-3 और 1-4 से पीछे थीं लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए कजाखस्तान की एना डैनिलिना और सर्बिया की एलेक्जेंड्रा क्रूनिक को 7-6, 6-4 से हराया। पुरुष युगल के फाइनल में हैरिसन ने मैच प्वाइंट पर ऐस लगाकर स्कुप्स्की के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलिया के जेसन कुबलर और मार्क पोलमैन्स की जोड़ी को 7-6, 6-4 से शिकस्त दी। कुबलर का अपने घरेलू ग्रैंडस्लैम फाइनल में उतरने से पहले जीत-हार का रिकॉर्ड 14-3 था।


यूएस के क्रिश्चियन हैरिसन और ब्रिटेन के नील स्कुप्स्की।

# भारत ने टी-20 सीरीज पर 4-1 से कब्जा किया

## न्यूजीलैंड को पांचवें व अंतिम मैच में 46 रनों से हराया

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

ईशान किशन के शानदार शतक के बाद अर्शदीप सिंह के पांच विकेट की बदौलत भारत ने न्यूजीलैंड को पांचवें और आखिरी टी20 मैच में 46 रनों से हरा दिया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 271 रन बनाए थे। जवाब में न्यजीलैंड की टीम 225 रनों पर सिमट गई।

भारतीय बल्लेबाज ईशान ने 43 गेंद में 103 रन बनाये जिसमें छह चौके और दस छक्के शामिल थे। यह टी20 प्रारूप में उनका पहला शतक है। वहीं कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 30 गेंद में चार चौकों और छह छक्कों की मदद से 63 रन की पारी खेली। दोनों ने करीब दस ओवर में 137 रन की साझेदारी की। इस श्रृंखला में लगातार पांचवीं बार नाकाम रहे सैमसन (छह) की टी20 विश्व कप की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। वह लॉकी फर्ग्युसन की गेंद पर आउट हुए। अभिषेक शर्मा ( 16 गेंद में 30 रन) ने शुरूआत तो अच्छी की लेकिन फर्ग्युसन की तेज रफ्तार गेंद पर विकेट गंवा बैठे। भारत का स्कोर पावरप्ले के बाद दो विकेट पर 54 रन था । इसके बाद सूर्यकुमार और ईशान ने मोर्चा संभाला। चोट के कारण चौथे टी20 से बाहर रहे ईशान ने मैदान के चारों ओर स्ट्रोक्स लगाये। उन्होंने फर्ग्युसन को एक्स्ट्रा कवर पर छक्का और चौका लगाकर दबाव बना दिया। ईशान ने ईश सोढी को चौका लगाकर अपना अर्धशतक 28 गेंदों में पूरा किया । वहीं टी20 क्रिकेट में तीन हजार रन पूरे करने वाले सूर्यकुमार ने जैकब डफी को छक्का लगाकर 26 गेंद में पचासा पूरा किया। ईशान ने भी टी20 क्रिकेट में एक हजार रन पूरे कर लिए। उन्होंने सोढी को 12वें ओवर में चार चौके और दो छक्के लगाकर 29 रन दिए। इस बीच सूर्यकुमार को बायें हाथ के स्पिनर मिचेल सेंटनेर की गेंद पर टिम सीफर्ट ने स्टम्प आउट किया। ईशान ने 42 गेंदों में शतक पूरा किया।


विकेट लेने के बाद जश्न मनाते अक्षर पटेल व अर्शदीप सिंह। एजेंसी


ईशान किशन।

**103** रन
**43** गेंद
**6** चौके
**10** छक्के

**42** गेंदों पर शतक पूरा किया ईशान ने

**भारत**

**271/5** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| अभिषेक शर्मा बो फर्ग्युसन | 30 |
| सैमसन का जैकब्स बो फर्ग्युसन | 06 |
| ईशान किशन का फिलिप्स बो डफी | 103 |
| सूर्यकुमार स्ट सीफर्ट बो सेंटनेर | 63 |
| हार्दिक का जैकब्स बो जैमीसन | 42 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 08 |
| शिवम दुबे नाबाद | 07 |

गेंदबाजी :डफी 4-0-53-1, जैमीसन 4-0-59-1, फर्ग्युसन 4-0-41-2, सोढी 3-0-48-0, फिलिप्स 1-0-10-0, सेंटनेर 4-0-60-1

# पाक से एशिया कप का बदला लेने उतरेगा भारत

**अंडर-19 विश्व कप**

बुलावायो, एजेंसी

पांच बार का चैंपियन भारत रविवार को यहां आईसीसी पुरुष अंडर-19 विश्व कप के सुपर सिक्स मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से एशिया कप फाइनल में मिली शर्मनाक हार का बदला लेने की कोशिश करेगा। भारत पिछले साल 21 दिसंबर को दुबई में हुए अंडर-19 एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान से 191 रन से हार गया था जबकि 14 दिसंबर को उसने इसी टूर्नामेंट का ग्रुप मैच इस चिर प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ 90 रन से जीता था।

भारतीय अंडर-19 टीम ने अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में पाकिस्तान के साथ मैच के बाद हाथ मिलाने से परहेज किया। उस टूर्नामेंट के ग्रुप चरण मैच के दौरान भी भारत ने ऐसा ही किया था। रविवार को आयुष म्हात्रे की कप्तानी वाली भारतीय टीम उस हार का बदला लेने के लिए बेताब होगी।

किसी भी मैच से पहले सचिन तेंदुलकर से वर्चुअल हौसलाअफजाई मिलना सपनों के सच होने जैसा होता है और भारतीय खिलाड़ियों को इस महान खिलाड़ी से कुछ कीमती सलाह मिली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने लिखा मौजूदा अंडर-19 विश्व कप में खेल रही भारत की अंडर-19 टीम ने विश्व क्रिकेट के महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर के साथ वर्चुअल बातचीत की। बीसीसीआई ने लिखा यह एक बहुत बहुमूल्य अनुभव था जिसमें अगली पीढ़ी को लगातार बदलते खेल में सफलता और लंबे समय तक बने रहने के लिए जरूरी चीजों के बारे में जानकारी और नजरिया मिला, जो सिर्फ तकनीकी कौशल और फिट रहने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि एकाग्रता, अनुशासन, विनम्रता और सफलता से जुड़े रहने की अहमियत भी है।

अंडर-19 विश्व कप में अब तक भारत ने शानदार प्रदर्शन किया है। टीम ने अमेरिका पर छह विकेट की जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की और फिर ग्रुप चरण में बांग्लादेश और न्यूजीलैंड को हराया। पाकिस्तान के रूप में भारत का अगला मैच एक मजबूत विरोधी के खिलाफ होगा और एशिया कप फाइनल में बड़ी हार म्हात्रे की अगुआई वाली टीम को परेशान कर सकती है।



- **सचिन तेंदुलकर ने वर्चुअल बातचीत कर बढ़ाया हौसला**


रणजी में विदर्भ के खिलाफ शॉट लगाते उत्तर प्रदेश के शिवम शर्मा। एजेंसी

# उत्तर प्रदेश को जीत के लिए छह विकेट की दरकार

नागपुर, एजेंसी

गत चैंपियन विदर्भ को रणजी ट्रॉफी नॉकआउट में जगह बनाने के लिए अपने मुख्य बल्लेबाज अमन मोखाडे से काफी उम्मीद हैं क्योंकि रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच के आखिरी दिन उसे उत्तर प्रदेश के खिलाफ 110 रन और बनाने हैं जबकि उसके छह विकेट बाकी हैं।

उत्तर प्रदेश के 201 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए विदर्भ ने चार विकेट 91 रन रन बना लिए हैं। दोनों टीम ने पहली पारी में समान 237 रन बनाए थे जिसके बाद उत्तर प्रदेश की टीम ने दूसरी पारी में 200 रन बनाए। दिन का खेल खत्म होने तक मोखाडे छह चौकों की मदद से 50 रन बना चुके हैं। उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी में भी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

उत्तर प्रदेश के लिए बांए हाथ के स्पिनर शिवम शर्मा तीन विकेट ले चुके हैं और टूटती हुई पिच पर अंतिम दिन 110 रन बनाना आसान नहीं होगा। अंक तालिका में शीर्ष पर चल रहा आंध्र प्रदेश पहली पारी में 170 रन की बड़ी बढ़त लेकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के करीब पहुंच गया है। टीम की नजरें सोविमा में अपने आखिरी ग्रुप मैच में नागालैंड के खिलाफ बोनस अंक हासिल करने पर हैं।नागालैंड के पहली पारी के 366 रन के जवाब में आंध्र ने अपनी पारी नौ विकेट पर 536 रन पर घोषित कर दी। चेंगलपेट राजन ज्ञानेश्वर (नाबाद 227) ने आंध्र के लिए दोहरा शतक जड़ा। उन्होंने केवी शशिकांत (60) के साथ छठे विकेट के लिए 142 रन और त्रिपुराना विजय (54) के साथ आठवें विकेट के लिए 119 रन जोड़े। नगालैंड ने दूसरी पारी में 85 रन तक चार विकेट गंवा दिए और उसे पारी की हार से बचने के लिए 85 रन और चाहिए।जमशेदपुर में पहली पारी में 19 रन से पिछड़ने के बाद झारखंड को नॉकआउट में क्वालीफाई करने के लिए आखिरी दिन ओडिशा को हराने की मुश्किल चुनौती का सामना करना है। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक ओडिशा ने आठ विकेट पर 202 रन बना लिए हैं और उसकी कुल बढ़त 221 रन हो गई है। ओडिशा ने पहली पारी में 282 रन बनाए थे जिसके जवाब में झारखंड टीम 263 रन पर सिमट गई थी। सलेम में तमिलनाडु ने सलामी बल्लेबाज आर विमल कुमार के 182 रन की मदद से बड़ौदा के खिलाफ पहली पारी में बढ़त बनाई। बड़ौदा के पहली पारी के 375 रन के जवाब में तमिलनाडु ने तीसरे दिन का खेल सात विकेट पर 411 रन पर खत्म किया।




- **मोखाडे के अर्धशतक से विदर्भ नॉकआउट की दौड़ में बरकरार**

# मिलर को खेलने की मंजूरी मिली

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के सीनियर बल्लेबाज डेविड मिलर को टी20 विश्व कप खेलने के लिए मेडिकल मंजूरी मिल गई।

मिलर को एसए 20 के दौरान मांसपेशी में खिंचाव आ गया था। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने कहा वह दक्षिण अफ्रीका टीम के साथ मुंबई रवाना होंगे। सीएसए ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा बल्लेबाज डेविड मिलर को भारत और श्रीलंका में आईसीसी पुरूष टी20 विश्व कप 2026 खेलने के लिये मेडिकल मंजूरी मिल गई है।

**गर्व की बात**

**जूनियर क्रिकेट के पुराने अच्छे दिनों को याद करते हुए बोले-वह देखते थे नीली जर्सी पहनने का सपना**

# बुमराह के साथ खेलने वाले मोनांक कर रहे अमेरिका की अगुआई

नई दिल्ली, एजेंसी

जब अमेरिका के कप्तान मोनांक पटेल डेढ़ दशक पहले गुजरात के एक शानदार अंडर-19 क्रिकेटर के तौर पर मशहूर वानखेड़े स्टेडियम के मैदान पर उतरे तो उनके साथ एक और तेजतर्रार तेज गेंदबाज था जिसका एक्शन बड़ा ही अनोखा था- जसप्रीत बुमराह। उस समय मोनांक को शायद ही पता था कि बुमराह आगे चलकर सभी प्रारूप में भारत के सबसे महान गेंदबाज बनेंगे। जूनियर क्रिकेट के पुराने अच्छे दिनों को याद करते हुए मोनांक को वे दिन याद आए जब वह भारत के लिए नीली जर्सी पहनने का सपना देखते थे।

भारत में होने वाले टी20 विश्व कप में खेलने की तैयारी कर रहे मोनांक ने पीटीआई को बताया हां, अक्षर (पटेल) और जसप्रीत (बुमराह) के साथ खेलने की मेरी बहुत अच्छी यादें हैं। मैंने गुजरात अंडर-19 का अपना पहला साल जसप्रीत के साथ खेला था और उससे पहले मैं अक्षर के साथ अंडर-16 खेला था। हम (बुमराह और वह) दो साल, दो सत्र तक साथ रहे। गुजरात टीम के लिए बहुत सारे मैच खेले। उन्हें याद है बुमराह तब भी बाकियों से बेहतर थे।

मोनांक ने याद करते हुए कहा हमने लाल और सफेद गेंद, दोनों तरह का क्रिकेट खेला और वह सच में बहुत खास समय था। यह मेरे क्रिकेट के सफर का शुरुआती दौर था और तब भी जिस तरह से हम खेल रहे थे, विशेषकर जिस तरह से जसप्रीत प्रदर्शन कर रहा था, हम जानते थे कि उसमें वह एक्स फैक्टर है और वह निश्चित रूप से कुछ बड़ा करेगा। लेकिन मोनांक के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का रास्ता आसान नहीं था। उन्होंने 2013 में जब हमेशा के लिए अमेरिका जाने का फैसला किया तो उन्होंने क्रिकेट छोड़ने के बारे में सोचा था जबकि उन्हें 2010 में ही ग्रीन कार्ड मिल गया था।

मैं अपना खुद का व्यवसाय शुरू करना चाहता था। लेकिन क्रिकेट अमेरिका में शीर्ष 10 खेल में भी नहीं है और मोनांक के लिए इससे पेशेवर तौर पर पूरी तरह से जुड़ना आसान फैसला नहीं था। उन्होंने कहा ''2018 में यह आसान नहीं था। हमारे लिए सिर्फ क्रिकेट खेलकर वित्तीय रूप से आगे बढ़ना आसान नहीं था। इसलिए जब हम 2018 या 2019 में खेलते थे तो पूरे साल हमारा कार्यक्रम व्यस्त नहीं होता था। लेकिन बाद में जैसे ही हमने अच्छा करना शुरू किया और हमें 2020 में एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय टीम का दर्जा मिला तो वित्तीय स्थिति और मौकों के हिसाब से भी सब कुछ बेहतर होता गया। इसलिए एक खिलाड़ी के तौर पर शुरुआती दो-तीन साल थोड़े मुश्किल थे लेकिन हम इससे बहुत अच्छे तरीके से निपटे। भारत और पाकिस्तान की टीम दोनों देशों के बीच कड़वाहट के बीच मोनांक पाकिस्तानी मूल के अली खान और शायन जहांगीर के साथ मैदान पर उतरते हैं तो उनका लक्ष्य सिर्फ अपने देश का प्रतिनिधित्व करना होता है।

**टी-20 विश्व कप**
**6 दिन शेष**



### गुजरात से रणजी में मौका नहीं मिला तो चले गए अमेरिका

उन्होंने कहा मेरे पास 2010 से ग्रीन कार्ड था और मैंने 2013 के बाद फैसला किया कि मैं अमेरिका जाना चाहता हूं। मेरा परिवार पहले से ही वहां बसने की योजना बना रहा था। मोनांक ने कहा मैंने वहां एक-दो महीने रहने की कोशिश की और फिर भारत वापस आ गया और रणजी ट्रॉफी में गुजरात के लिए खेलने की आखिरी कोशिश करने के बाद। जब मुझे वह मौका नहीं मिला तो मैंने अमेरिका वापस जाने और हमेशा के लिए वहीं बसने का फैसला किया। मोनांक ने रेस्टोरेंट व्यवसाय की तरफ रुख किया लेकिन क्रिकेट से हमेशा उनका जुड़ाव रहा। उन्होंने कहा जब मैं अमेरिका गया तो मेरा विजन और लक्ष्य सिर्फ क्रिकेट खेलना नहीं था।

# दिल्ली को एलिमिनेटर में जगह बनाने से रोकने उतरेगा यूपी

वडोदरा, एजेंसी

कुछ शीर्ष बल्लेबाजों की खराब फॉर्म की समस्या से जूझ रही दिल्ली कैपिटल्स की टीम रविवार को यहां वुमेंस प्रीमियर लीग मैच के आखिरी लीग मैच में यूपी वारियर्स के खिलाफ जीत की तलाश में होगी। दिल्ली की जीत उन्हें सीधे गुजरात जाइंट्स के खिलाफ एलिमिनेटर में जगह दिला देगी। टीम ऐसी स्थिति में आठ अंक के साथ लीग में तीसरे स्थान पर रहेगी और गत चैंपियन मुंबई इंडियन्स की टीम बाहर हो जाएगी। दूसरी ओर निचले पायदान पर मौजूद यूपी वारियर्स की जीत मुंबई की टीम के लिए रास्ता खोल सकती है।

उस स्थिति में तीन टीम – मुंबई, दिल्ली कैपिटल्स और वारियर्स तीनों के समान छह अंक रहेंगे और नेट रन रेट (एनआरआर) तय करेगा कि फाइनल में जगह बनाने के लिए एलिमिनेटर में गुजरात जाइंट्स का सामना कौन सी टीम करेगी।इन तीन टीम में से माइनस 1.146 के साथ वारियर्स का नेट रन रेट सबसे खराब है। दिल्ली का माइनस 0.164 जबकि मुंबई का प्लस 0.059 है।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु तालिका में शीर्ष पर रहते हुए पहले ही सीधे फाइनल में जगह बना चुकी है।

**महिला प्रीमियर लीग**


यूपी की विकेट कीपर एमी जोन्स।

- **आखिरी लीग मुकाबला आज शाम 7:30 बजे से**

**यूपी वारियर्स :** मेग लैनिंग (कप्तान), हरलीन देओल, शिप्रा गिरी, एमी जोन्स, किरण नवगिरे, प्रतिका रावल, सिमरन शेख, गोंगाडी त्रिशा, डिएंड्रा डॉटिन, चार्ली नॉट, शिखा पांडे, श्वेता सहरावत, दीप्ति शर्मा, आशा शोभना, क्लो ट्रायोन, सोफी एकलेस्टोन, क्रांति गौड़, सुमन मीणा।

**दिल्ली कैपिटल्स :** जेमिमा रोड्रिग्स (कप्तान), तानिया भाटिया, चिनेल हेनरी, लिजेल ली, निकी प्रसाद, शेफाली वर्मा, लॉरा वोल्वार्ट, लूसी हैमिल्टन, मारिजेन कैप, एलेना किंग, स्नेह राणा, प्रगति सिंह, मीनू मणि, नंदिनी शर्मा, श्री चरणी और एडला श्रुजाना।